वाराणसी, गुरुवार, 13 अप्रैल, 2023
बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 64, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : तलत अजीज के गजलों ने रात को दी थपकी

अन्दर : हार्दिक बने भारत के नंबर-1 ऑलराउंडर

डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

खुदरा महंगाई दर में गिरावट

कुछ राहत

मार्च में 6.44 फीसदी से घटकर 5.66 प्रतिशत पर पहुंची

आरबीआई के टॉलरेंस बैंड के दायरे में आई महंगाई दर

नई दिल्ली। देश की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी के 6.4 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत पर आ गई। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। सीपीआई उन वस्तुओं और सेवाओं की खुदरा कीमतों में बदलाव को ट्रैक करता है जिन्हें परिवार अपने दैनिक उपभोग के लिए खरीदते हैं। बता दें कि आरबीआई को मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर रखना होता है, दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन है। फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति की दर मामूली गिरावट के बावजूद लगातार दूसरे महीने रिजर्व बैंक की छह प्रतिशत की ऊपरी सहनशीलता सीमा से ऊपर बनी रही। मार्च के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े रिजर्व बैंक की ओर से प्रमुख ब्याज दर या रेपो दर को

6.50 प्रतिशत पर बरकरार रखने से बाजार और विश्लेषकों को आश्चर्यचकित करने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद आए हैं।

गंगा के नीचे पहली मेट्रो ट्रेन चलाकर रचा इतिहास

देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना

कोलकाता। कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद बुधवार को देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी। कोलकाता के महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर टफ 612 ने पहली यात्रा की। इस रैक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ट्रेन के पहुंचने के बाद रेड्डी ने हावड़ा स्टेशन पर पूजा की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि बाद में रैक नंबर एमआर-613 को भी हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। इसे ऐतिहासिक घटना बताते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ट्रायल रन अगले सात महीनों तक चलेगा और इसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। केएमआरसीएल के सभी कर्मचारी, इंजीनियर जिनके प्रयासों और देखरेख में इस इंजीनियरिंग चमत्कार को हासिल किया गया है, वे खुश हैं कि उनका सपना सच हो गया है। मेट्रो रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा है कि मेट्रो रेलवे के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि कई बाधाओं को पार करने के बाद हम हुगली नदी के नीचे रेक चलाने में सफल हुए हैं। कोलकाता और उपनगरों के लोगों को एक आधुनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। यह वास्तव में बंगाल के लोगों के लिए भारतीय रेलवे की ओर से बांग्ला नववर्ष पर एक विशेष तोहफा है। दो मेट्रो रेक को आज कोलकाता के एस्प्लेनेड स्टेशन से हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। जल्द ही हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक 4.8 किलोमीटर के भूमिगत खंड पर ट्रायल रन शुरू होगा। उम्मीद है कि इस खंड पर वाणिज्यिक सेवाएं इसी साल शुरू हो जाएंगी। एक बार यह खंड खुल गया तो हावड़ा देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन (सतह से 33 मीटर नीचे) हो जाएगा। मेट्रो के 45 सेकंड में हुगली नदी के नीचे 520 मीटर के हिस्से को कवर करने की उम्मीद है। नदी के नीचे बनी यह सुरंग जलस्तर से 32 मीटर नीचे है।

खास बातें

- अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटे की होगी।
- नदी के नीचे से गुजरने में 60 सेकंड से भी कम समय लगेगा।
- हावड़ा मैदान से एसप्लैनेड तक जाने में छह मिनट का समय लगेगा
- कुल 16.55 किमी के मार्ग में 10.8 किमी जमीन के भीतर से है। इसमें नदी का नीचे का हिस्सा भी शामिल है।
- यह पूरा मेट्रो मार्ग वर्ष 2023 में बनकर तैयार हो जाएगा
- इस मेट्रो में 10 लाख यात्री सफर करेंगे वर्ष 2035 तक।

मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, चार सैनिक शहीद

सफेद कुर्ता पजामा, चेहरे पर नकाब, सीसीटीवी में दो हमलावरों का सामने आया हुलिया

बठिंडा का मामला

पंजाब पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

बठिंडा। पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर फायरिंग से चार सैनिकों की मौत हो गयी है। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह कैसे हुआ। हालांकि सेना का कहना है कि यह आतंकी मामला नहीं है। वैसे पंजाब पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर के मुताबिक सेना के चार जवान सागर, कमलेश, संतोष और योगेश अपनी ड्यूटी के बाद कमरे में सो रहे थे। तभी सफेद कुर्ता पजामा पहने दो नकाबपोशों ने उन पर राइफल और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बठिंडा कैंट पुलिस ने 80 मीडियम रेजीमेंट के मेजर आशुतोष शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। मेजर ने पुलिस को बताया है कि उनकी यूनिट के एक वार्ड कर्मी ने घटना की सूचना दी। बताया कि कमरे में सो रहे चारों सैनिकों की दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वार्ड कर्मी के अनुसार दोनो आरोपी सफेद कुर्ते पजामे में थे और मुंह ढक रखा खा। मेजर ने अपने बयान में बताया कि वार्ड कर्मी के अनुसार आरोपी घटना को अंजाम देकर जंगल की तरफ भाग निकले। मेजर ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में कारतूस के खोल मिले। चारों जवान के पार्थिव शरीर खून से लथपथ कमरे में पड़े थे। एसपी अजय गांधी ने बताया कि पुलिस ने मेजर शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात

आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सैन्य अधिकारियों ने वार्ड कर्मी से पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी चारों जवानों को मारने के बाद पांचवें जवान के कमरे का गेट खटखटा रहे थे लेकिन अंदर से बंद होने की वजह से आरोपी कामयाब नहीं हो सके। उधर, सेना ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग की घटना के दौरान आर्टिलरी यूनिट के चार जवानों की गोली लगने से मौत हुई है। अन्य कर्मियों को कोई चोट या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। इलाके को सील कर दिया गया है और पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। दो दिन पहले गायब 28 कारतूस और एक इंसास राइफल की घटना में संलिप्तता की संभावना समेत सभी पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। एसपी अजय गांधी ने बताया कि घटना की प्राथमिक जांच दौरान सेना एवं पुलिस को इंसास राइफल के 19 खोल मौके से मिले हैं। आशंका जताई जा रही कि उक्त घटना में चोरी की गई इंसास राइफल का इस्तेमाल किया गया है।

रास्ते पर की गई नाकाबंदी

घटना के बाद पंजाब पुलिस के एसपी और डीएसपी ने कैंट के अंदर जाने का प्रयास किया लेकिन कैंट अधिकारियों ने उन्हें काफी देर तक अंदर नहीं जाने दिया। जब कुछ घंटे के बाद पंजाब पुलिस के अधिकारियों को अंदर जाने की अनुमति मिली तो उनके फोन बाहर रखवा लिए गए। कैंट इलाके को जाने वाले सभी रास्तों पर सेना ने नाकाबंदी कर दी और इसके अलावा पंजाब पुलिस ने भी कैंट को जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी की है।

बठिंडा में दिनभर रही घटना की चर्चा

बुधवार सुबह फायरिंग की सूचना जैसे ही पहुंची तो शहर समेत पूरे जिले में लोगों के बीच दहशत देखने को मिली। घटना सभी के जुबान पर चर्चा का विषय बनी रही। लोग लगातार दोस्तों और अपनों से फोन पर फायरिंग के पीछे की वजह तलाशते रहे। वहीं 13 अप्रैल को कैंट से 30 किलोमीटर दूर तलवंडी साबो स्थित श्री दमदमा साहिब में बैसाखी के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इससे एक दिन पहले हुई इस घटना ने लोगों में सनसनी पैदा कर दी।

राजनाथ सिंह को दी गई जानकारी

घटना के बारे में सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी। सेना पूरे घटनाक्रम की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। बठिंडा छावनी के अधिकारियों ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि घटना के पीछे की वजह क्या है?

राजस्थान को मिली पहली वंदे भारत ट्रेन

उपहार

पीएम मोदी ने राजस्थान को दी पहली और देश की 15वीं वंदे भारत ट्रेन की सौगात

पीएम बोले- गहलोत जी राजनीतिक संकट में हैं, फिर भी वे यहां आए

जयपुर। राजस्थान को बुधवार को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन जयपुर से सुबह करीब 11.30 बजे दिल्ली कैंट के लिए रवाना की गई।

इस दौरान मोदी ने 17 मिनट का भाषण दिया। आखिर के दो मिनट में राजस्थान कांग्रेस में चल रही तनातनी का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने सचिन पायलट का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में...अनेक संकटों से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी विकास के काम के लिए समय निकाल कर आए। रेलवे कार्यक्रम में हिस्सा लिया।' मोदी ने गहलोत से कहा, 'आपके दोनों हाथ में लड्डू है। रेल मंत्री राजस्थान से हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। जो काम आजादी के तुरंत बाद हो जाने थे, 70 साल बाद उनके लिए आप मुझ पर इतना भरोसा कर रहे हैं, यही मेरी

मित्रता की ताकत है।' जयपुर जंक्शन पर वंदे भारत के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचे। जयपुर जंक्शन पर वंदे भारत के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचे। मोदी के स्पीच की 3 बड़ी बातें, रेलवे के राजनीतिकरण का आरोप लगाया

नैनी जेल पहुंचाया गया माफिया अतीक अहमद

तेवर ढीले

पेशी आज, बोला-माफियागिरी तो पहले ही खत्म हुई, अब तो बस रगड़ा जा रहा है

प्रयागराज। उमेश पाल मर्डर केस का आरोपी माफिया अतीक अहमद बुधवार शाम 6 बजे प्रयागराज की नैनी जेल पहुंचा। अतीक को उमेश पाल हत्याकांड केस में गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। अतीक को बैरक नंबर 7 में रखा जाएगा। उसके भाई अशरफ को भी इसी केस में पुलिस बरेली से प्रयागराज ला रही है।

माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज ला रही यूपी पुलिस का काफिला बुधवार सुबह 8.30 बजे झांसी पहुंचा था। झांसी पुलिस लाइन में 1 घंटा 21 मिनट रुकने के बाद अतीक को लेकर पुलिस प्रयागराज के लिए निकली। इससे पहले शिवपुरी में पुलिस का काफिला करीब आधा घंटा रुका। अतीक ने यहां मीडिया से कहा, "आपकी वजह से मैं सुरक्षित हूं। मैंने वहां से कोई फोन नहीं किया, वहां पर जैमर लगे हुए हैं। मैंने जेल से कोई साजिश नहीं रची। 6 साल से मैं जेल में हूं। मेरा पूरा परिवार बर्बाद हो चुका है।" वहीं, इससे कुछ घंटे पहले राजस्थान के बूंदी में अतीक ने कहा, मेरा परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गया, मैं जेल में था, मुझे इसके (उमेश पाल हत्याकांड) बारे में क्या पता। कोई सवाल कर रहा था कि माफियागिरी समाप्त हो गई।

योगी ने टीम-9 संग हालात की समीक्षा की

कोरोना पर सतर्कता

स्थिति काबू में, पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य करने के निर्देश

लखनऊ। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ समय से कई राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ाव देखा जा रहा है। इस वक्त देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हालात हंगामी नहीं हैं बस एहतियात बरतने की है। उन्होंने कहा कि सावधानी के तौर पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया जाए।उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है।

राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड

को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यूनतम है, लेकिन हमें कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए। गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाना ही है तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। अस्पतालों के बाहर भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जागरूकता प्रसार करें। अस्पतालों में मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव प्रचार और मतदान के बीच संक्रमण प्रसार की आशंका भी है। ऐसे में हर मतदाता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए मुख्य सचिव स्तर से राज्य निर्वाचन आयोग से संवाद स्थापित करते हुए आवश्यक उपाय किए जाएं। आवश्यकतानुसार मतदान कार्मिकों को कोविड सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराई जाए। कोविड से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी लॉजिस्टिक उपलब्ध हैं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए। प्रदेशव्यापी मॉक ड्रिल में जहां भी जिस भी तरह की कमी पाई गई हो, उसे तत्काल ठीक किया जाए। सभी 75 जनपदों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम हों। इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को तत्काल एक्टिव करें।

दिल्ली में एकजुट हुई विपक्षी एकता

खड़गे के घर पर राहुल गांधी से मिले नीतीश और तेजस्वी

एकता की पहल

सीएम नीतीश बोले-ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एकजुट करना है

राहुल बोले- देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले। यह मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है। हमारी सकारात्मक बातचीत हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश जी की पहल बहुत अच्छी है। अपोजिशन को एक करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे। बैठक के बाद गांधी ने इस मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि विपक्षी दलों के साथ एकता की तरफ बढ़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पूछने पर कि किस रणनीति के साथ विपक्षी दल एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एक साथ और एकजुटता के साथ खड़े होंगे और आगे बढना शुरू करेंगे तो स्वतः तय हो जाएगा कि गठबंधन की मजबूती के लिए किस तरह से काम करना है। उन्होंने कहा कि जब सभी दलों के नेता एक साथ मिलकर बैठेंगे और एकजुटता के साथ आगे बढ़ेंगे तो ये

विचार स्वतः आना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल देश के लिए एकजुट हो रहे हैं और मिलकर देश की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस बीच सूत्रों का कहना है कि इस महीने के आखिर तक विपक्षी दलों के नेताओं की एक बैठक हो सकती है जिसमें विपक्षी एकता को एकजुट करने का मिलकर प्रयास किया जाएगा। खड़गे ने कहा संविधान सुरक्षित रखेंगे और लोकतंत्र बचाएंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह मौजूद रहे। 2024 आम चुनाव से पहले हो रही इस मुलाकात के बाद कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार यूपीए के संयोजक बनाए जा सकते हैं।नीतीश तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में ही मीसा भारती के घर पर लालू यादव से भी मुलाकात की थी।

नीतीश आज तेजस्वी यादव और राजश्री के घर भी पहुंचे। उन्होंने लालू की पोती कात्यायनी को गोद में लिया।

इन नेताओं की मुलाकात देश की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आज विपक्षी एकता को लेकर कोई कदम उठाया जा सकता है। नीतीश कुमार पहले से भी विपक्षी एकता के समर्थक रहे हैं। वे पहले भी कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं।

सपा विधायक इरफान सोलंकी की बेगम का मेयर चुनाव लड़ने से इनकार

कानपुर। महराजगंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी ने मेयर का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्हें लड़ाने का निर्णय खुद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का था। बुधवार को नसीम सोलंकी को लखनऊ सपा कार्यालय बुलाया गया था। पारिवारिक हालात का हवाला देते हुए विधायक सोलंकी की पत्नी ने बड़ी विनम्रता से चुनाव लड़ने की पेशकश को ठुकराते हुए अखिलेश का शुक्रिया अदा किया। नसीम सोलंकी ने अपने शौहर के निर्वाचन क्षेत्र सीसामऊ के 14 वार्डों के उन संभावित प्रत्याशियों के नाम पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंप दिए जिन्हें कह इरफान ने जेल में बैठकर फाइनल किया था। नसीम सोलकी ने बताया कि अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय लखनऊ में मुलाकात हुई। उन्होंने अखिलेश यादव से मिलकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया।

'आप' का ईडी पर आरोप

कर रही पिटाई

ईडी अफसरों की पिटाई से कान के पर्दे फटेः संजय सिंह बोले-थर्ड डिग्री टॉर्चर कर बयान लिखवा रही एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि ईडी के अफसर थर्ड डिग्री टॉर्चर कर लोगों से जबरन बयान लिखवा रहे हैं। ईडी ने चंदन रेड्डी नाम के व्यक्ति को इतना पीटा कि उनके कान के पर्दे फाड़ दिए। संजय ने रेड्डी की मेडिकल रिपोर्ट भी दिखाई। चंदन रेड्डी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें लिखा है कि ईडी के अफसरों ने मुझसे उन कागजातों पर दस्तखत कराया, जिनकी जानकारी मुझे नहीं थी, जो फैक्ट मुझे पता नहीं थे। दस्तखत न करने पर इतना मारा कि मेरे कान के पर्दे फट गए। चंदन रेड्डी ने अपनी याचिका

में बताया- वहां कुछ ऐसे लोग थे जो ईडी अधिकारी नहीं थे और उन्होंने मारपीट की। संजय सिंह ने सवाल किया कि वो कौन से गुंडे हैं, जो ईडी ऑफिस में मारपीट कर जबरन बयान लिखवाते हैं। इसका खुलासा होना चाहिए। संजय सिंह ने कहा- ईडी अब इन्फोर्समेंट डिक्टेटरशिप बन गई है। ईडी दबाव बनाकर, थर्ड डिग्री टॉर्चर कर झूठे बयान लिखवा रही है। चंदन रेड्डी के अलावा ईडी ने अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू, भूषण बेलगावी, मनासामी प्रभूने, राघव रेड्डी को भी प्रताड़ित किया है। इन्होंने भी कोर्ट में यह कहा कि हमें और हमारे परिवार को प्रताड़ित कर बयान लिए गए और लिखवाए गए।

संक्षेप

गंगा में कूदे जोड़े का शव सामनेघाट उतराया मिला

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के मलहिया स्थित विश्वसुंदरी पुल से सोमवार को कूदे युवक और किशोरी का शव बुधवार सुबह सामनेघाट परमहंस आश्रम के सामने गंगा में उतराया मिला। दोनों कूदने के पहले चुनरी से हाथ को बांधे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। सूचना मिलने पर रणजीत यादव के पिता रामवृक्ष यादव परिजनों के साथ पहुंचे। वहीं किशोरी के परिजन भी मौके पर पहुंचेयुवक खजूर गांव अलीनगर (चंदौली) का रहने वाला था। किशोरी रोहनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली थीनौवीं कक्षा में पढ़ाई करती थीसोमवार को घर से दोपहर को कंप्यूटर क्लास करने के लिए निकली थी किशोरी के मौसी के गांव का युवक रहने वाला था। युवक पशुपालन का काम करता था।

छेड़खानी के आरोपी को दो साल की सजा

वाराणसी। न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय धर्मेंद्र कुमार यादव की अदालत ने छेड़खानी करने के मामले में आरोपी सर्वजीत यादव को दोषी पाते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर साढ़े चार हजार रुपया का जुर्माना लगाया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एपीओ उत्तम त्रिपाठी ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासिनी पीड़िता घर थी। आरोप था कि 17 फरवरी 2000 की रात आरोपी घर में घुसा और उसके साथ छेड़खानी की थी। पीड़िता के पति ने कोर्ट के माध्यम से चौबेपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

कैंसर पीड़ित ने ट्रेन से कटकर दी जान

मंडुवाडीह। मंडुवाडीह क्षेत्र के लहरतारा स्थित रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह जौनपुर निवासी दिलीप कुमार ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार (32) निवासी ग्राम घघरिया थाना मछलीशहर जौनपुर कैंसर से पीड़ित था और लहरतारा स्थित कैंसर अस्पताल में अपने भाई वीरेंद्र के साथ इलाज कराने पहुंचा था। आशंका व्यक्त की जा रही कि कैंसर की बीमारी के चलते उसने दुःखी होकर यह कदम उठाया। सूचना पर पहुंची मंडुवाडीह पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

बाइक की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

पिंडरा। बड़ागांव थाना क्षेत्र के भोपत पुर गांव निवासी 70 वर्षीय रामचंद्र पांडे उर्फ बाबा पांडे अपनी मोपेड से बड़ागांव से अपने घर भोपतपुर जा रहे थे नंदा पुर गांव के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाबा पांडे की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक सवार युवक भी बुरी तरह घायल हो गया और उसका इलाज एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है उक्त घायल युवक आजमगढ़ का निवासी है तथा बड़ागांव स्थित बलदेव डिग्री कॉलेज में पढ़ाई करता है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शौचालय निर्माण को लेकर मारपीट

सिंधोरा। सिंधोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाठी निवासी कन्हैया शर्मा पड़ोसी दीनदयाल शर्मा और सुजल शर्मा के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराया। आरोप है कि शौचालय निर्माण को लेकर दीवार गिराने की धमकी दी गयी और मारपीट आरोपियों ने की। पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

दूसरा आरोपी संजय सिंह गिरफ्तार

आकांक्षा सुसाइड मामला

सारनाथ की पुलिस ने गोइठहां अंडरपास से दबोचा

पांच दिन पुलिस कस्टडी में रहेगा समर सिंह, खुलेंगे राज

आकांक्षा से फिल्म एग्रीमेंट के दस्तावेज मुंबई में तो मोबाइल लखनऊ में

संजय सिंह

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। भोजपुरी अदाकारा आकांक्षा दुबे आत्महत्या प्रकरण का दूसरा आरोपी संजय सिंह को सारनाथ थाना पुलिस ने बुधवार को गोइठहां अंदर पास के गिरफ्तार किया। आत्महत्या प्रकरण में समर सिंह के साथ संजय सिंह भी नामजद था और घटना के दिन से फरार था। बीते दिनो गाजियाबाद से समर सिंह को पुलिस ने दबोचा था और अब संजय सिंह भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। दूसरी तरफ अपर सिविल जज जूनियर डिविजन / फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम तान्या गुप्ता की अदालत ने आकांक्षा दुबे आत्महत्या प्रकरण का आरोपी सिंगर समरजीत सिंह उर्फ समर सिंह को पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है। रिमांड की अवधि 13 अप्रैल की सुबह दस बजे से शुरू होगी और 17 अप्रैल की शाम पांच बजे तक रहेगी।

पुलिस समर सिंह से आकांक्षा के साथ हुए फिल्म एग्रीमेंट, पैसे की लेनदेन समेत अन्य जानकारियों जुटायेगी। ताकि इस प्रकरण की सच्चाई और आत्महत्या के पीछे की असल वजह सामने आये। रिमांड के दौरान अगर आरोपी अपना अधिवक्ता रखना चाहेगा तो अधिवक्ता और आरोपी एक निश्चित दूरी का पालन करते रहेंगे। पुलिस की कस्टडी रिमांड अर्जी में कहा गया की आरोपी ने अपने बयान मोबाइल लखनऊ स्थित अपने आफिस में कहीं छिपाकर रखने की बात कही है, साथ ही आकांक्षा दूबे के साथ पैसों के लेन-देन व फिल्म एग्रीमेंट से सम्बंधित दस्तावेज गोरेगांव मुंबई स्थित आफिस में ऐसी जगह छुपा कर रखा है, जिसे सिर्फ वही बरामद करा सकता है। रिमांड के दौरान आरोपी के अधिवक्ता अशोक सिंह प्रिंस और विकास यादव ने दलील पेश की। पुलिस के थ्योरी को नकारा। अभियोजन की ओर से एपीओ वन्दना पाठक, उत्तम त्रिपाठी व विजय पाण्डेय रिमांड मंजूर करने की गुहार लगाई। कोर्ट ने दोनों पक्ष के सुनने के बाद पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है।

अश्लील वीडियो के सहारे शोषण करने वाला गिरफ्तार

बड़ागांव। बड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी का एक युवक ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण करने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर बड़ागांव पुलिस ने विपिन कुमार निवासी अनेई लक्षिरामपुर को उसके घर से दबोचा। पीड़िता का आरोप है कि उसी के गांव का एक युवक घर पर आता जाता था और मुझे बहला फुसलाकर अश्लील फोटो बना लिया और उसे वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर यौन शोषण किया। शिकायत दर्ज होने के बाद थानाध्यक्ष बड़ागांव बृजेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को अनेई तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।

वसूली लिस्ट की जांच एसीपी चेतगंज को

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। पुलिस कमिश्नर ए मुथा जैन ने अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा प्रेषित अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन वाराणसी ऑफिस से संबंधित कथित वसूली लिस्ट की जांच एसीपी चेतगंज श्रुति श्रीवास्तव को सौंपी है। बुधवार को श्रुति श्रीवास्तव ने अमिताभ ठाकुर से फोन पर बात कर उनका बयान लिया जिन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही अपना विस्तृत लिखित बयान प्रेषित करेंगे। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में कतिपय अन्य साक्षी भी जांच अधिकारी के समक्ष अपना बयान देंगे।

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि एडिशनल डीसीपी कार्यालय की जांच एसीपी को दिया जाना प्रथमदृष्टया उचित नहीं लगता है, फिर भी वे जांच में पूरा सहयोग देंगे। ट्विटर तथा ईमेल के माध्यम से प्रेषित अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने विश्वस्त विभागीय सूत्रों से प्रेषित एक वसूली सूची की जांच की मांग की। इस वसूली लिस्ट में इस जोन के सभी थानों और उनकी चौकियों की कथित वसूली की धनराशि अंकित है।

सूचना

साधारण सभा की बैठक की सूचना

एतद् द्वारा श्री द्वारिका प्रसाद यादव महाविद्यालय शिक्षा समिति मिश्रपुर सांडी सुजानगंज जौनपुर के साधारण सभा के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि बनाये गये नये सदस्यों के अनुमोदन के पश्चात महाविद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 19/04/2023 को कराये जाने हेतु महाविद्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई है। नये सदस्यों सहित साधारण सदस्यों की सूची का प्रकाशन महाविद्यालय के सूचना पटल पर कर दिया गया है तथा प्रबंध से भी समस्त सदस्यों को सूचना प्रेषित कर दी गई है। अतः बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

संयोजक — समाजीत यादव
प्रबंधक — बिंदु यादव

पूर्वोत्तर रेलवे

[illegible]

www.ireps.gov.in

[illegible]

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

सामूहिक विवाह योजना में शादी की बाद में प्रेमिका संग फरार

वाराणसी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में युवक युवती की शादी हुई। इस दौरान मिले समान और योजना का पैसा भी युवक ने रख लिया। विदाई बाद में कराने की बात कहकर दुल्हा प्रेमिका संग भाग गया। विवाहिता की तहरीर पर चोलापुर थाने की पुलिस ने ताला गांव निवासी दिलीप कुमार पर धोखाधड़ी समेत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत उसकी शादी 24 जनवरी को ताला गांव निवासी दिलीप कुमार के साथ हुई। सरकारी धन से खरीदे गए उपहार इत्यादि दिलीप व उसके परिवार वालों को दे दिया गया था। विवाह के बाद दिलीप और उसके परिजन मेरी विदाई छह जून को कराने को कहकर चले गए थे। इस बीच पता चला कि दिलीप बीते दो अप्रैल को परानापट्टी गांव निवासी एक युवती को लेकर फरार हो गया। पति के भागने की जानकारी देर से मिली। इस मामले में चोलापुर पुलिस ने दो दिन पहले अजगरा चौकी पर पंचायत कराई। मामला हल नहीं हुआ तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

धारदार औजार से वृद्ध की निर्मम हत्या

जघन्य

हत्यारों ने आधा दर्जन से ज्यादा वार किया, गले में फंसी थी लोहे की छड़

घर में चल रही थी शादी विवाह की तैयारी, गोद भराई में जुटे थे रिश्तेदार

घटना के बाद विलाप करते परिजन

खोजी कुतिया से भी पुलिस ने लिया सहयोग

जनसंदेश न्यूज

चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात गांव के बाहर मड़ई में सो रहे वृद्ध की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। बुजुर्ग के सिर और गले पर धारदार हथियार से वार किया गया था। मामले की जानकारी बुधवार को सुबह हुई जब परिजन वहां पहुंचे। देखा वृद्ध का शव खून से लथपथ और मृत पड़ा था। परिजनों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। मौके पर डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह, एडीसीपी वरुणा मनीष शांडिल्य, एसीपी सारनाथ राजकुमार सिंह समेत फॉरेसिंग टीम और डॉग स्क्वॉड ने जांच पड़ताल की आगे की कार्रवाई में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के ढूंढ़वा गांव निवासी हरिराम (80) खाना खाकर अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में बनी मड़ई में सोने चले गए। परिजन दूसरे घर में सोए हुए थे। बुधवार की सुबह काफी देर होने के बाद हरिराम मड़ई से नहीं निकले तो परिजनों को चिंता हुई। उन्हें बाहर नहीं देखकर पोती मड़ई में पहुंची तो हरिराम खून से लथपथ थे। खीख पुकार के बीच वहां ग्रामीणों को जुटान हुआ। किसी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हरिराम का खून चोरों तरफ पसरा था। सिर और गले पर धारदार हथियार से एक दर्जन से ज्यादा वार किया गया था। चीखती चिल्लाती हुई बाहर आई और रोने लगी। परिजन और ग्रामीण अंदर गए तो शव पड़ा था और उसके चारो ओर खून बिखरा था। हरिराम के सिर व गले पर धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या की गई थी। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि गांव के ही कुछ लोगों से संपत्ति का विवाद चल रहा था। पुलिस भी हत्या की वजह संपत्ति विवाद ही मान कर चल रही है। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक हरिराम के बिस्तर पर पड़ा मंगलसूत्र अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक का बड़ा बेटा जयनाथ का निधन हो चुका है। छोटा बेटा दिल्ली में पेंटर का काम करता है। मंगलवार को बड़े पुत्र की लड़की व उनकी पोती सोनम की दिन में गोद भराई हुई। कार्यक्रम में आये रिश्तेदार शाम को घर लौट गये थे। जांच में सामने आया कि हरिराम अपने छोटे बेटे के परिवार में रहते थे।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता है

श्री कमला प्रसाद सिंह डिग्री कॉलेज, गॉगकलां, बड़ागांव, वाराणसी (सम्बद्ध महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर बी0 काम0 विषय प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतन यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 2 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार, पेन कार्ड एवं समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ प्रकाशन के तिथि के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।

प्रबन्धक
मो0-8218383441, 8755176353

[illegible]

आवश्यकता है-रामभजन डिग्री कालेज, चकहुसेन थलईपुर, हलधरपुर-मऊ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्वीवित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय (बी0एड0) पाठ्यक्रम में एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के क्रम में विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-4 पद, शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा)-8 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा-1 पद, ललित कला-1 पद, निस्पादन कलाएं (संगीत, नृत्य, रंगमंच) -1 पद पर प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक व दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक
मो0-9415009238, 9415956054

सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गहनी, आयर, वाराणसी
सम्बद्ध म0 गां0 का0 विद्यापीठ, वाराणसी

आवश्यकता है-स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत कला संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न विषयों के अन्तर्गत प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान एवं स्नातक स्तर पर संस्कृत, बी0 एड0, बी0 पी0 एड0 एवं स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय के बी0 काम0/ एम0 काम0 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0 जी0 सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक अभिलेखों एवं फोटोग्राफ के साथ आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-8299207141, 9721970777
ईमेल-124sheat@gmail.com

कल्लू और भुवर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के सिरगोवर्धनपुर के रहने वाले पेशेवर शूटर अनिल यादव उर्फ कल्लू और भुवर यादव उर्फ राजेश यादव के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की तहत कार्रवाई की गई। कल्लू और भुवर पेशेवर शूटर है। इनके खिलाफ हत्या और हत्या का प्रयास लूट के मुकदमा जिले के कई थानों में दर्ज हैं। इंस्पेक्टर लंका अश्वनी पांडेय ने बताया कि कल्लू यादव गैंग का मुखिया है। गैंग की माध्यम से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहता हैं।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

सूचना

मैं विनय कुमार गुप्ता प्रो0 अनुरोध गारमेण्ट, मण्डुवाडीह बाजार, वाराणसी, मेरा फार्म-सी संख्या 0910305-0910309, 5 पीस कहीं रास्ते में गिर गया है।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 3475002 व इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2090289 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र खो गया है। रिंकी सोनकर पुत्री ओमप्रकाश सोनकर निवासी-टांडा कलां चंदौली।

मेरी पुत्री SANSKRITI MISHRA का एडमिशन कराते समय मेरा नाम N.K MISHRA दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम NIRBHARY KUMAR MISHRA है। NIRBHARY KUMAR MISHRA पुत्र CHANDRASHEKHAR MISHRA, ग्राम-सुहवल, पोस्ट-कुसौरा, जिला-बलिया, उप्र।

My Original Certificate and Marksheet Of ICSE and ISC Exam year of examination 2018 and 2020 Roll no.6755778,Index No. 1185035/116 and Roll no. 6755778 Index no. 2201623/042, Pass out from Children College, Azamgarh has been actually lost. Harshit Singh s/o Santosh Singh. Vill/Post-Palhani, Dist-Azamgarh Pin-276001, 9653094121

आवश्यकता

आवश्यकता है- श्री रामचंद्र बदामी महिला महाविद्यालय विद्यापारा चौकिया, गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद स्नातक स्तर पर कला संकाय गृह विज्ञान हेतु प्रवक्ता एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर समाज शास्त्र दो पद तथा भूगोल एवं शिक्षा शास्त्र विषयों में तीन-तीन प्रवक्ता पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो 21दिनों के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक /दूरभाष से दी जाएगी।

प्रबंधक, 9838416101, 6394521431

आवश्यकता है- तक्षशिला महिला महाविद्यालय मिजार्बाद मुहम्मदाबाद गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय हेतु प्राचार्य एक पद। हिंदी, सस्कृत, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र विषयों में एक एक पद। वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित में दो -दो पद एवं रसायन विज्ञान में तीन पद प्रवक्ताओं पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो के साथ संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर प्रबंधक के पदनाम डाक /ब्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।

प्रबंधक 9450464563 ,9044782990

पति की पिटाई से गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत

जनसंदेश न्यूज

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के कांशीराम आवास कालोनी निवासी व्यक्ति ने पत्नी को इतना पीटा कि उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गयी। महिला ने आरोपी पति के खिलाफ पुलिस थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

कांशीराम आवास निवासिनी रोशनी जायसवाल की माने तो उसकी दूसरी शादी सात मई साल 2021 में सचिन जायसवाल के साथ हुई। रोशनी गर्भवती थी ऐसे में सचिन उसे छोड़कर मुंबई चला गया। आरोप है कि 19 मार्च 2023 को सचिन लौटा और पत्नी से गर्भपात कराने के लिए कहा। पत्नी ने मना किया तो वह आगबबूला हो गया और बेरहमी से पीटा। पीटाई के दौरान रोशनी को पेट में गंभीर चोट आयी और भर्ग में पल रहे बच्चे की मौत हो गयी। आरोप है कि वह दूसरा विवाह करना चाहता है। पत्नी ने शिवपुर थाना में तहरीर देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिवपुर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

हैवानियत

पत्नी का आरोप, दूसरी शादी करना चाहता है पति

किराये पर मकान नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के खुशहाल नगर कॉलोनी निवासी महिला ने मकान किराए पर न दिए जाने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करायी। खुशहाल नगर निवासिनी महिला विभा राय ने राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर फोन कर मकान किराए पर देने के लिए कहा। उसने मना किया तो जान से मारने की धमकी दी। राज्य महिला आयोग के निर्देश पर शिवपुर पुलिस ने रपट दर्ज की।

जी-20 की तैयारी में कैंटोमेंट पर लगाई गई बुद्ध की प्रतिमा

धोखाधड़ी के आरोपी को मिली जमानत

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। धोखाधड़ी के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) अवनीश गौतम की

अदालत ने परेड कोठी, कैंट निवासी आरोपित राहुल अग्रहरी को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार भेलूपुर निवासी वादी मुकदमा मो. फैजान ने 15 जनवरी 2023 को भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आरोप था कि उसके पिता महमूद आलम 14 जनवरी 2023 को दिन में लगभग 2.45 बजे घर अपनी सफेद एक्टिवा गाड़ी लेकर निकले थे। उसके बाद से शाम 6.17 बजे उसके मोबाइल पर उसके पिता ने फोन कर कहा की वह बहुत मुसीबत में है। साथ ही उन्होंने आठ लाख रुपए की व्यवस्था करने को कहा।

उसके बाद मोबाइल स्विच आफ हो गया और उनका कुछ पता नहीं चल रहा है। इस मामले में विवेचना के दौरान वादी के पिता का शव चुनार क्षेत्र में नदी में मिला था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया की घटना में जिस मोबाइल नंबर का प्रयोग हुआ था, वह आरोपित के नाम पर है। जिसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में उसे आरोपित बनाया।

मंडलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया दौरा

जनसंदेश न्यूज

अभियान

अर्दली बाजार में उल्फत बीबी का हाता व चोलापुर के मवईया गांव का किया निरीक्षण

वाराणसी। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों का हाल जानने के लिए मंडलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. मंजुला सिंह ने बुधवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई रखने के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों के प्रति विशेष सर्तकता बरतने की अपील की।

मंडलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. मंजुला सिंह पूर्वाह्न लगभग 11 बजे अर्दली बाजार क्षेत्र स्थित उल्फत बीबी के हाता पहुंची। वहां उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए की गयी व्यवस्था, दवा के छिड़काव आदि की जानकारी ली। इसके बाद वह चोलापुर क्षेत्र के मवईयां गांव पहुंची। उनके साथ जिला मलेरिया अधिकारी शरद चंद पाण्डेय, बायोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार सिंह, सीएचसी चोलापुर के अधीक्षक डा. आरबी यादव, अपर शोध अधिकारी अनिल पाण्डेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिखा श्रीवास्तव के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी थे।

मवईया गांव पहुंच कर डॉ. मंजुला सिंह ने वहां चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। गांव में हुई साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई, दवा के छिड़काव आदि के बारे में ग्रामीणों से बात की और वहां की व्यवस्था पर संतोष जताया। इसके साथ ही उन्होंने 17 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के बारे में जानकारी लेने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कार्यालय ग्राम पंचायत धौराहरा, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(गीता मौर्या)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. धौराहरा,वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(सुरेश चन्द्र गुप्ता)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. धौराहरा, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत सहिगड़ा, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय सुबह 11 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(आरती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सहिगड़ा, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सहिगड़ा,वि.खं.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत सेठवल, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेठवल विकास खण्ड रानीकीसरा? में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (रॅंड)/स्वच्छ भारत मिशन (ठड)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (रॅंड) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है।

ई-रिक्शा विवरण

Loading Capacity	Upto 500 kg
Usage/Application	Garbage Collection
No. of batteries required	4 (Lead Acid)/1 (Lithium Ion)
Front Suspension Type	Telescopic Hydraulic Shock Absorbers
Rear Suspension Typeg	Leaf Springs (5-Left, 5-Right)
Country of Origin	Made in India
Loading Capacity	Upto 300 kg
Usage/Application	Garbage Collection
No. of batteries required	4 (Lead Acid)/1 (Lithium Ion)
Front Suspension Type	Telescopic Hydraulic Shock Absorbers
Rear Suspension Type	Leaf Springs (5-Left, 5-Right)
Country of Origin	Made in India

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 10:30 बजे। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(रिंकू गुप्ता)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सेठवल, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(खुशबू सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सेठवल, वि.खं.रानीकीसराय
आजमगढ़

वाराणसी

छह राज्यों के 50 से अधिक किस्म के फूलों से सज रही काशी

दुनियाभर के 20 देशों से आने वाले अतिथियों का होगा जोरदार स्वागत

जनसंदेश न्यूज

सज रहा बनारस

17 से 19 तक बनारस में होने जा रही है जी-20 समिट की मीटिंग

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जी-20 समिट की बैठक के पहले काशी को बदलने की योजना बना ली है। इसके लिए चौराहों और सड़कों को सजाया जा रहा है। छह से अधिक प्रदेशों के 50 से अधिक किस्म के फूलों से शहर को सजाने का काम चल रहा है।

17 से 19 अप्रैल तक बनारस में जी-20 समिट की मीटिंग होने जा रही है। दुनिया के 20 दिग्गज देशों से काशी आने वाले अतिथियों के स्वागत की तैयारी की जा रही है। मेहमानों के आने-जाने के रास्तों को खास फूलों से सजाने के साथ ही लैंड स्कैपिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जा रहा है।

वीआईपी रूट, नमो घाट, ट्रेड फैसिलिटी सेंटर, सारनाथ, एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र को खास थीम पर सजाया जा रहा है। प्रतिष्ठानों व अन्य जगहों पर जी-20 देशों के झंडे लगाए जा रहे है। लैंडस्केपिंग के माध्यम से जी-20 देशों की पहचान वाली विशेष चीजों को भी आकार दिया जाएगा। काशी के लोगों के लिए यह सजावट सेल्फी प्वाइंट बन गया है। नई काशी का बदला स्वरूप अब अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए तैयार है।

जी-20 समिट में शामिल होने वाले मेहमान एयरपोर्ट से निकलते ही बनारस की खूबसूरती निहार पाएंगे। शहर को फूलों से सजाने व लैंडस्केपिंग का काम कर रहे डीके डेकोरेट के ओनर दिनेश मौर्या ने बताया कि छह से अधिक प्रदेशों के 50 से अधिक किस्म के फूल मंगाए गए हैं। एयरपोर्ट के आस-पास व अन्य खाली जगहों को लैंड स्केपिंग के माध्यम से खूबसूरत बनाया जा रहा जा रहा। शिवपुर बाइपास मार्ग पर जी-20 का लोगो और ग्रीन डॉल्फिन की आकृति लोगों का मन मोह रही है। एयरपोर्ट से मेहमानों के रुकने और घूमने के स्थान और रास्तों को डेकोरेट किया जा रहा है। वरुणा ब्रिज पर वर्टिकल गार्डन बनाया गया है और उसके आस-पास की जगहों पर बारहसिंघा, जिराफ व पशु-पक्षियों की टोपिएरी बनाई गई है। जो शहर वासियों के लिए सेल्फी पॉइंट बन गया है। डेकोरेटर दिनेश मौर्या ने बताया कि वाराणसी के अलावा आंध्र प्रदेश, बेंगलुरु, कोलकाता, गुजरात, दिल्ली, आगरा व अन्य जगहों से सजावटी फूलों को मंगाया गया है। वीआईपी रूटों को बेहद आकर्षक बनाया जा रहा है। शहर में मेहमानों के गुजरने वाले रास्तों पर गमले रखे गए हैं, रोड डिवाइडर को फूलों से सजाया गया है। ट्रेड फैसिलिटी सेंटर में जी-20 देशों के थीम पर गार्डन बनाया जाएगा है। जहा जी-20 देशों के झंडों के साथ उस देश की खास पहचान वाली चीजों को बनाया जाएगा। पर्यटन का नया केंद्र बन चुके नमो घाट पर कई तरह के फूलों से सजावट की जा रही।

नगर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा

अबकी बार अपनी धमक दिखाएगी 'आप'

जनसंदेश न्यूज

तैयारी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह का दावा

वाराणसी। आम आदमी पार्टी यानि 'आप' के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह कहते हैं कि इस नगरीय निकाय चुनाव को लेकर संगठन बीते साल सितंबर माह से ही तैयारी में जुटा हुआ है। हरएक कार्यकर्ता अत्यंत उत्साहित है। नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर की सभी सीटों पर हमारे कैंडिडेट उतरेंगे।

मुकेश सिंह

तेलियाबाग स्थित 'जनसंदेश टाइम्स' कार्यालय में बुधवार खास बातचीत के दौरान श्री सिंह ने यह बताया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारी सीधी लड़ाई भाजपा से है। प्रत्याशियों के चयन में हम पारदर्शिता बरत रहे हैं। हरएक दावेदार की स्क्रीनिंग हो रही है। हमारे सभी उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि पाक-साफ होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बीते निकाय चुनाव में हमने कई सीटों पर कैंडिडेट उतारे थे। वह हमारा पहला निकाय चुनाव था। उन चुनाव में भले ही हमें एक भी सीट नहीं मिली लेकिन काफी कुछ सीखने को मिला। परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था दुरुस्त करना, सड़क, स्वास्थ्य, सीवर, पानी आदि मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं।

श्री सिंह ने आरोप लगाया कि जी-20 समिट को देखते हुए भले ही कई सड़कों व क्षेत्रों को चमका दिया गया हो लेकिन अन्य मार्गों और गलियों की स्थिति बेहद खराब है। दूसरी ओर, वर्तमान सरकार मुस्लिम इलाकों को नजरअंदाज करती रही है। बजरडीहा आदि क्षेत्रों की स्थिति खराब है। विकास की बात करें तो कज्जापुरा आरओबी का निर्माण करीब दस साल से चल रहा है लेकिन आजतक अधूरा ही है। श्री सिंह ने दावा किया कि अबकी बार आम आदमी पार्टी की धमक दिखेगी। हम 'मकान टैक्स हाफ-वाटर टैक्स माफ' स्लोगन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। डोर-टू-डोर जनसंपर्क जारी है। हमारी सीधी लड़ाई भाजपा से है।

सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार शुरू

निकाय चुनाव

उम्मीदवारों की ओर से भेजा जा रहा व्यक्तिगत संदेश, सुनी जा रही समस्या

राघवेन्द्र केशरी

वाराणसी। निकाय चुनाव तैयारियों में जुटे उम्मीदवारों की ओर से अब प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया एक बेहतरीन विकल्प बन चुका है। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद नेता सोशल साइटों पर सक्रिय हो गए हैं। अपनी फोटो के साथ पद और वार्ड के नामों की चर्चा संबंधी स्टीकर व पोस्टर पोस्ट किए जा रहे हैं। इसमें उम्मीदवारों की ओर से व्यक्तिगत संदेश भेजे जाने के साथ, लोगों की समस्याएं भी सूनी जा रही हैं।

आधुनिकता के युग में सोशल मीडिया किसी तक अपनी बात पहुंचाने का सबसे सरल और त्वरीत माध्यम है। राजनीतिक दलों और राजनेताओं द्वारा अपनी बात देश के कोने कोने तक पहुंचाने के लिए इसका सहारा लिया जा रहा है। यूपी निकाय चुनाव तिथि की घोषणा के बाद अब सोशल मीडिया पर नेताओं की सक्रियाता देखने को मिल रही है। इसमें सबसे ज्यादा फेसबूक, व्हॉट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्वीटर आदि सोशल प्लेफार्म पर नेता जमकर प्रचार प्रसार में लगे हैं। इसमें वार्ड की समस्याओं को दूर करने, जनता के बीच बने रहने और अपनापन दिखाने के साथ खुद के शिक्षित होने का भी दावा पेश करने में नेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इस दौरान प्रतिदिन की दिनचर्या का विवरण भी नेता इसी के माध्यम से पोस्ट कर लोगों तक पहुंचा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों की ओर से भी अपने-अपने पार्टी के एजेंडे को पोस्ट कर जनता को लुभाने का कार्य जारी है। इसमें भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा आदि सहित अन्य दल लगे हैं।

इस दौरान क्षेत्रीय समस्याओं को भी सूनी जा रहा है। इसपर उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थकों ओर से भी प्रतिक्रया दी जा रही है। लोगों को यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि उनकी समस्याओं का निस्तारण जल्द कर दिया जाएगा।

प्रचार के लिए ज्यादा से ज्यादा बनाए जा रहे पेज

निकाय चुनाव में सफलता और समर्थन प्राप्त हो इसके लिए उम्मीदवार तरह तरह के उपाय लगाने में जुटे हैं। इसके लिए सोशल प्लेटफार्म पर प्रचार के लिए ज्यादा से ज्यादा पेज बनाए जा रहे हैं। साथ ही इसमें समर्थकों के माध्यम से इन पेजों पर लोगों को जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाकर भी प्रचार प्रसार का भी कार्य जारी है।

सोशल साइट्स पर सुनी जा रही समस्या

भले ही नेताओं की ओर से बीते पांच सालों में क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया हो। लेकिन चुनाव आते ही नेता जी की सक्रियता जमीन से लेकर सोशल साइट्स पर नजर आने लगी है। नेता जी सोशल साइट्स पर लोगों की समस्याओं का जवाब दे रहे हैं। साथ ही मिलकर समस्या का समाधान करने पर भी सहमती जता रहे हैं।

इलेक्शन में दिखाएंगे हम अपनी एकजुटता

जनसंदेश न्यूज

बातचीत

निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे बोले

वाराणसी। जनपद में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने दावा किया है कि संगठन में किसी भी स्तर पर कोई असंतोष नहीं है। सभी नये-पुराने कार्यकर्ता एकजुट होकर जीतने के लिए इस इलेक्शन में उतर रहे हैं। पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार रही है। विभिन्न पदों पर तमाम कार्यकर्ताओं की दावेदारी के बावजूद यदि किसी को टिकट नहीं मिला तो भी वह पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करते हुए संगठन की सफलता देखने के लिए उत्सुक रहेगा।

श्री चौबे ने बुधवार को तेलियाबाग स्थित 'जनसंदेश टाइम्स' कार्यालय में चुनावी बातचीत के दौरान यह कहा। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही विभिन्न सीटों पर दावेदारी की तैयारी में जुटे कार्यकताओं में आपाधापी है। इसका कारण यह है कि नामांकन प्रक्रिया के लिए पूर्व में होने वाली आवश्यक औपचारिकताओं में कुछ वक्त लगता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वाराणसी में जनता से जुड़े लगभग सभी मुद्दों को लेकर संघर्ष करने में अन्य दलों की तुलना में कांग्रेस हमेशा बहुत आगे रहती है। हम अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए उनमें सुधार भी करते रहते हैं। जनता इसकी गवाह है।

मुद्दों के सवाल पर श्री चौबे ने कहा कि गलियों के शहर बनारस की सफाई व्यवस्था, सीवर और स्वच्छ पेयजल आदि मुद्दों को लेकर हम चल रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारी सीधी लड़ाई भाजपा से है। नगर निगम के बीते कार्यकाल में भले ही मिनी सदन में हमारे पार्षद कम रहे हों लेकिन उन पार्षदों समेत गत चुनाव में उपविजेता या तीसरे स्थान पर रहे कांग्रेस प्रत्याशियों ने जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखा। यह सिलसिला कभी थमेगा नहीं।

लॉजिस्टिक्स को उद्योग का दर्जा देने पर करें विचार

आयोजन

पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान कार्यशाला के अंतिम दिन मंत्रालय की विशेष सचिव सुमिता डावरा ने दिये संकेत

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग की विशेष सचिव सुमिता डावरा ने संकेत दिया है कि राज्य रियायती शर्तों पर आसान वित्तीय पहुंच की सुविधा के लिए लॉजिस्टिक्स को उद्योग का दर्जा देने पर विचार कर सकते हैं। मकबूल आलम रोड स्थित सांस्कृतिक संकुल सभागार में आयोजित दो दिनी पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान विषयक क्षेत्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन बुधवार को संबोधित करते हुए उन्होंने यह कहा।वर्कशॉप में यूपी, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल ने राज्य लॉजिस्टिक्स नीतियों (एसएलपी) पर प्रस्तुतियां दीं। वहीं, सुश्री डावरा ने प्रदेशों से अपील की कि वह पीएम गतिशक्ति सिद्धांतों पर जागरूकता पैदा करने और एक कुशल लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के लिये बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अंतर-विभागीय बैठकें करें। इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स सिस्टम के लिए जरूरी हस्तक्षेपों को समझने के लिए निवेशकों और क्षेत्रीय व्यापार संघों के साथ बातचीत करें। राज्य कुशल माल प्रवाह प्रबंधन के लिए शहर रसद समितियों की स्थापना करें और शहर रसद योजनाओं का विकास करें। लॉजिस्टिक्स लागत घटाने के लिए कार्य योजना की जरूरत है। उसमें मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित हस्तक्षेप करने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की विधिवत पहचान की जाए। कार्यशाला में डीपीआईआईटी में सचिव अनुराग जैन ने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक क्षेत्र के निर्णय लेने के लिए एकीकृत योजना के लिए राज्यों के प्रयासों को सराहते हुए एसएलपी को सामने लाने का आह्वान किया।

सांस्कृतिक संकुल में आयोजित कार्यशाला को अंतिम दिन बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग की विशेष सचिव सुमिता डावरा ने संबोधित किया

महिलाओं की मौत की मजिस्ट्रेटी जांच

वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा गांव स्थित ईंट भट्ठे पर दुर्घटना के चलते दो महिलाओं की हुई मौत और अन्य दो महिलाओं के घायल होने के प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच एसडीएम पिंडरा को सौंपी है। उप जिलाधिकारी पिंडरा ने कहा है कि उस मामले में यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार की जानकारी साक्ष्य या दस्तावेज सबूत के तौर पर पेश करना चाहता हो तो वह आगामी 17 अप्रैल तक उनके न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रकरण में पूर्व में भी एसडीएम ने साक्ष्य मांगे थे लेकिन तय तिथि तक किसी प्रकार का कोई सबूत उप जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप उन्होंने एकबार और इस बारे में अपील की है।

दूसरे दिन कोई नामांकन नहीं, दर्जनों पर्चे बिके

वाराणसी। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 के तहत नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को किसी भी पद के लिए कोई पर्चा दाखिला नहीं हुआ। जबकि महापौर पद के लिए पांच नॉमिनेशन पेपर खरीदे गये। वहीं, नगर निगम के पार्षद सीट के लिए दर्जनों नामांकन-पत्र बिके। जिसके अंतर्गत जोन कार्यालय आदमपुर से 69, भेलूपुर जोन से 132, दशाश्वमेध जोन से 94, कोतवाली जोन से 27 और वरुणापार जोन कार्यालय से 158 पर्चों की बिक्री हुई। कुल मिलाकर 480 लोगों ने नामांकन फार्म प्राप्त किए।

बगैर मानचित्र के बनाए गए होटल को वीडीए टीम ने किया सीज

वाराणसी। शिवपुर बाईपास पर स्थित एक होटल को बगैर मानचित्र के पाए जाने पर वीडीए टीम ने भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में सीज कर दिया। बुधवार को भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंची टीम ने शिवपुर बाईपास स्थित होटल आद्रिका सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार ये होटल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ओपी सिंह का है वही इस दौरान वीडियो के अधिकारी कुछ भी बोलने से कतराते रहे । कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी वीडिए परमानंद यादव, सीओ कैंट अतुल अंजान त्रिपाठी, थानाध्यक्ष शिवपुर समेत वीडिए टीम व भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

काशी में असली व नकली रत्न पहचाने जाएंगे

जनसंदेश न्यूज

परीक्षण

बीएचयू की प्रयोगशाला होगा देश का पहला सेंटर

वाराणसी। बीएचयू की प्रयोगशाला में रत्नों का शीघ्र परीक्षण होगा। आम जनता के साथ ही रत्न उद्योग से जुड़े लोगों को असली व नकली की पहचान हो सकेगी। भारत सरकार के साथी कार्यक्रम के तहत सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर में अत्याधुनिक रत्न परीक्षण और अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित की जा रही है। फिलहाल, ऐसी प्रयोगशालाएं मुंबई, सूरत और अहमदाबाद में हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में रत्न परीक्षण की कहीं भी इस तरह की सुविधा नहीं है। लंबे समय से आधुनिक व भरोसेमंद प्रयोगशाला की आवश्यकता थी। इसी क्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा स्वीकृत सोफिसटिकेटेड एनालिटिकल एंड टेक्निकल हेल्प इंस्टीट्यूट (साथी) योजना के तहत मिले अनुदान से दूसरे चरण में इसे स्थापित किया जा रहा है।योजना पर 3.75 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अत्याधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं। इसमें फोरियर ट्रांसफॉर्मेशन इंफ्रा रेड लेजर रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी, एनर्जी डिस्पर्सिव एक्सरे फ्लोरेंस स्पेक्ट्रोमीटर, टेबल टॉप एक्सआरडी, यूवी-विज-एनआईआर स्पेक्ट्रोमीटर, दूरबीन, ध्रुवीकरण माइक्रोस्कोप एवं लेजर कटर जैसे आधुनिक उपकरण हैं। प्रत्येक उपकरण रत्न के विभिन्न पहलुओं जैसे संरचना, रसायन, रंग और समावेश की पहचान करेंगे। बीएचयू के विज्ञान संस्थान के निदेशक और साथी के समन्वयक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह पहली बार है कि देश के इस हिस्से में रत्न परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित हो रही है। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि गुणवत्ता परीक्षण और रत्नों के व्यापार से जुड़े विविध विषयों व चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने व प्रयोगशाला के माध्यम से प्रभावी समाधान खोजने के उद्देश्य से उद्योग प्रतिनिधियों व बीएचयू के भूविज्ञान विशेषज्ञों के एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जा रहा है।

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव

वाराणसी। नगर निगम के महापौर पद के लिए कांग्रेस से संगठन के वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव के उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को अपराह्न पार्टी की बैठक के दौरान यह एलान किया गया। इस सीट के लिए संगठन में श्री श्रीवास्तव समेत कई लोगों ने दावेदारी पेश की थी। उनमें पंकज चौबे, डॉ. जितेंद्र सेठ, पूमन कुंडू, जेपी तिवारी, ओमप्रकाश सिंह और प्रमोद श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। संगठन के वरिष्ठ नेता प्रो. सतीश राय ने अनिल श्रीवास्तव को मेयर पद का प्रत्याशी बनाए जाने की पुष्टि की।

अस्पतालों में वेंटिलेटर व बेड्स की उपलब्धता जांची

जनसंदेश न्यूज

तैयारी

पैरा मेडिकल स्टाफ को कुशल संचालन के लिए ट्रेनिंग दिलाया जाय-डीएम

वाराणसी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम बुधवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीडियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण करते समय मौके पर उपस्थित सीएमएस से वेंटिलेटर और उपलब्ध बेड्स के बारे में पूछा जिसपर बताया गया कि 40 बेड और 38 वेंटिलेटर हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पैरामेडिकल स्टाफ को बीएचयू में ट्रेनिंग करवा कर उनको पीडियाट्रिक इन्टेनसिव केयर यूनिट और क्रिटिकल केयर यूनिट में तैनात किया जाय। उन्होंने वेंटिलेटर और बेडों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक उपकरण और संसाधनों की आवश्यकता के अनुसार डिमांड पत्र तैयार करा कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीटी स्कैन रूम देखा और संचालन की जानकारी ली। इसके अलावा 14 बेड का डायलिसिस वार्ड के बारे सीएमएस से प्रक्रिया और खर्च के बारे में पूछा।

निरीक्षण करते समय मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी से एमआरआई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्यवाही के बारे में जानना चाहा तो चिकित्साधिकारी ने कहा की एमआरआई मशीन के लिए प्रयास किया जा रहा है। मरीजों के बैठने के लिए कुर्सियों को रंगाई कराकर अच्छी कन्डीशन में करने और साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया ।



प्रवेश के लिए अर्जी पांच से

काशी विद्यापीठ

- विलंब शुल्क के साथ 26 से 31 मई तक आवेदन कर सकेंगे अभ्यर्थी
- दो या दो से अधिक विषयों में आवेदन करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट
- अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू करेगा विश्वविद्यालय

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बुधवार को सत्र 2023-24 के शैक्षणिक सत्र के लिए केंद्रीय पुस्तकालय स्थित स्वयंप्रभा कक्ष में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित गई। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने की। समिति में समस्त विभागाध्यक्ष, संकाय अध्यक्ष और प्रवेश समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। प्रवेश समिति में लिए गए निर्णयों के अनुसार प्रवेश आवेदन पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरने की तिथि पांच से 25 मई निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी 26 से 31 मई तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं।

इस बार आवेदन शुल्क जमा करने वाले बैंकों की संख्या छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाकर चार कर दी गई है, इससे पहले आवेदन शुल्क इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में जमा होती थी। इस कड़ी में इंडसइंड बैंक को भी शामिल किया गया है। दो या दो से अधिक विषयों में आवेदन करने पर प्रवेशार्थी को शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस सत्र से हिंदू अध्ययन और इतिहास पुरातत्व नई शिक्षा नीति के आलोक में पुनः प्रारंभ किया जाएगा। इसी सत्र से पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस का अध्ययन अध्यापन भी शुरू होने जा रहा है। वैल्यू ऐडेड कोर्सेज मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र में संचालित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया काशी विद्यापीठ में बहुत शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। प्रवेश समिति की बैठक में सभी कोर्सेज को पीपीटी के माध्यम से प्रवेश समिति के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसका प्रस्तुतीकरण प्रो. अनिल कुमार चौधरी द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. संजय द्वारा दिया गया।

दो साल बाद भी मिनी सचिवालय भवन अधूरा

चिरईगांव। स्थानीय ब्लॉक के व्यासपुर में दो साल बीतने के बावजूद मिनी सचिवालय भवन का निर्माण कार्य अबतक अधूरा है। इसे लेकर ग्रामीण नाराजगी जता रहे हैं। लगभग 27 लाख रुपये की लागत से इस मिनी सचिवालय का निर्माण राजस्व गांव गोकुलपुर में 2021-22 में आरंभ कराया गया था।

दो वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अबतक कार्य अपूर्ण है। इस बारे में पूछे जाने पर प्रभारी एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि तैनात सचिव ही इस लेटलतीफी की जानकारी दे सकता है। सचिव अनिल कुमार ने पूछने पर बताया कि व्यासपुर में मेरी तैनाती बाद में हुई। इसलिए विस्तृत ब्योरा देना संभव नहीं है।

दूसरी ओर, ग्राम प्रधान ने जानकारी दी कि इस मिनी सचिवालय पर अबतक 17 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। रंग-रोगन, खिड़की, दरवाजा और टाइल्स का काम शेष कार्य जल्द पूरा करा लिया जाएगा।

स्कॉलरशिप के लंबित आवेदन दुरुस्त करने की अवधि तय

रखें ध्यान

अनुसूचित जाति / जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में संबंधित विद्यार्थियों के पेंडिंग मामलों के निस्तारण को टाइम टेबल जारी

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जनपद में वित्तीय वर्ष 2022-23 के शैक्षणिक सत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत संबंधित कक्षाओं के विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप से जुड़े लंबित आवेदनों के निस्तारण तथा भारत सरकार को डाटा शेयर करने के लिए समय-सारिणी जारी की गयी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यार्थियों को पोर्टल खोलने के लिए तय टाइम टेबल में शिक्षण संस्था स्तर पर आवेदन आगे न भेजने के चलते लंबित अर्जी, देर से घोषित रिजल्ट के कारण लंबित आवेदन, संस्थान स्तर से सीट की संख्या व छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन न होने और पीएफएमएस पर पेंडिंग या रिजेक्शन आदि के चलते यह मामले लंबित हैं।

श्री प्रजापति ने बताया कि यूपी के अंदर एवं राज्य के बाहर के दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के लिए निर्धारित समय-सारिणी के मुताबिक आगामी 17 से 19 अप्रैल तक शिक्षण संस्थान ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करने, पात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इसी प्रकार 20 अप्रैल से एक मई तक कक्षा 11 व 12 के लिए डीआईओएस एवं संबंधित विवि चछा एफिलिएटिंग एजेंसी की ओर से संस्था की मान्यता, पाठ्यक्रम का वर्ष एवं अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक विद्यार्थियों संख्या की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करने समेत अपात्रों, पाठ्यक्रमों व संस्थाओं को ब्लॉक कर देना होगा। उन्होंने बताया कि तीन से दस मई तक संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित विद्यार्थी/ संस्थाओं के लॉग इन पर प्रदर्शित करने, ऑनलाइन आवेदन की खामियों को दूर कर संस्था में जमा करने के लिए प्रिंट निकालने का समय तय किया गया है। जबकि तीन से 13 मई तक विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ जमा करने व जमा हो चुके आवेदनों को विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखों से मिलान कर ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित कर लेना होगा। बीते साल की रिजल्ट दस मई 2023 तक घोषित होने की स्थिति में आवेदन-पत्र में संशोधन न करने पर अर्जी निरस्त कर दी जाएगी।

पर्यावरण के प्रति बढ़ रही जागरूकता

तरना। बदायूं निवासिनी वॉटर वूमन शिप्रा पाठक अपनी यात्रा के करण में बुधवार को उदय प्रताप कॉलेज पहुंचीं। संस्थान के प्राचीन छात्र एसोसिएशन सभागार में उनका स्वागत हुआ। यहां आयोजित 'जल संवाद' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और जनता जल संरक्षण के प्रति गंभीर हो रहे हैं। लोगों को यह समझा आवश्यक है कि जल को दूषित करने का अर्त है अपने घर को दूषित करना। विशिष्ट अतिथि आरएसएस जिला प्रचारक सुरेश ने आगाह किया कि वर्तमान जल संकट के प्रति यदि अभी से सकारात्मक पहल नहीं की गयी तो भविष्य में संपूर्ण विश्व के लिए यह बहुत बड़ी समस्या बनेगी। इस मौके पर अध्यक्षता करते हुए डॉ. विंध्याचल सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। आनंद के संचालन में इस मौके पर आयोजक अवनीश पाठक, रवि सिंह, ब्रजभूषण दुबे, सुशील चंद्र पांडेय, आशीष पांडेय, नीरज पांडेय, अविनाश आनंद, आनंद प्रकाश, राजीव पांडेय, प्रतीक सिंह, अमन सेठ, संजय सिंह आदि की भी उपस्थिति रही।

चुनाव कंट्रोल रूम स्थापित

वाराणसी। नगरीय निकाय निर्वाचन को देखते हुए विकास भवन में इलेक्शन कंट्रोल स्थापित किया गया है। एडीएम नागरिक आपूर्ति ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नंबर 0542-2990588 है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन शिकायत या सूचना अथवा किसी प्रकार की जानकारी देने या प्राप्त करने के लिए ई-मेल आईडी controlroomvns2023@gmail.com की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। विकास भवन के कक्ष संख्या-112 में यह कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी कंट्रोल रूम को दी जा सकती है।

पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

वाराणसी। विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक महामंत्री डॉ. आरबी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष से मुलाकात कर 17 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा। साथ ही विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान करने की अपील की। इस पर अध्यक्ष से जल्द द्विपक्षीय वार्ता कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष से आग्रह किया संबंधित मांगों पर न्यायोचित पहल प्राथमिकता से की जाय। ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष दूर हो सके। ज्ञापन देने वालों में बीसी उपाध्याय, पीएन तिवारी, सनाउल्लाह खान, जिउत लाल, नरेंद्र शुक्ल, अंकुर पांडेय, लालचंद यादव तथा एके शर्मा आदि रहे।

संक्षेप

अपना दल कमेरावादी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

वाराणसी। अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीएल पटेल ने जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल एवं नगर निकाय वाराणसी के चुनाव प्रभारी राजेश प्रधान ने बुधवार को वाराणसी नगर निगम के 20 पार्षद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। नेताद्वय ने बताया कि गुरुवार को राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में महापौर के उम्मीदवार का नाम तय कर लिया जाएगा और शुक्रवार तक अन्य प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। पहली सूची में वार्ड 6 मंडुवाडीह (सुरक्षित) से साजन कुमार सोनकर, वार्ड 14 गणेशपुर से प्रमोद कुमार सिंह, वार्ड 16 सरसौली से सच्चिदानंद ब्रह्मचारी, वार्ड 33 करौदी से संतोष पटेल, वार्ड 56 लालपुर मीरापुर बसही से इंजीनियर आकांक्षा सिंह पटेल, वार्ड 7 लोको छित्तूपुर से जितेंद्र मौर्य, वार्ड 10 शिवपुरवा से सुषमा पटेल, वार्ड 12 गोलाघाट रामनगर से नगीना देवी, वार्ड 15 राजघाट से संगीता दुबे, वार्ड 23 सीरगोवर्धनपुर से प्रीति यादव, वार्ड 28 सरायनंदन से संजय केशरी, वार्ड 29 तुलसीपुर से कलावती बिन्द, वार्ड 34 नदेसर से रामनाथ चौहान, वार्ड 36 चौकाघाट से सदानंद कुशवाहा, वार्ड 40 चेतगंज से संदीप गुप्ता, वार्ड 46 पिचाशमोचन से गणेश चौबे, वार्ड 45 जोल्हा उत्तरी से मुस्तकीम अंसारी, वार्ड 47 विरदोपुर से किरन देवी, वार्ड 48 सुजाबाद डोमरी से सविता पटेल, वार्ड 51 भेलपुर से सुलेखा शर्मा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

नैक मूल्यांकन पर कार्यशाला

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में नैक मूल्यांकन के गुणात्मक एवं मात्रात्मक प्रणाली पर दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुआ। दूसरे दिन चार सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यशाला को संबोधित करने के लिए न डॉ. वाहिदुल हसन वरिष्ठ संचार सह प्रकाशन अधिकारी, डॉ. एल मंजूनाथ राव उप सलाहकार नैक बेंगलुरु एवं डॉ. निलेश पांडे उप सलाहकार नैक बेंगलुरु ने सत्र को संचालित किया। छठे सत्र का संचालन डॉ. एल मंजूनाथ राव ने किया। इस सत्र में उन्होंने एसएसआर एवं एसएसएस के बारे में विस्तार से चर्चा की। छठे सत्र में डॉ. निलेश पांडे ने नैक के रिवाइज फ्रेमवर्क जिसमें ऑन रोल, इन रोल, इंटेक्स एवं एब्स्ट्रेक्ट पर व्याख्यान दिया। नैक बेंगलुरु से उपस्थित हुए पदाधिकारियों ने सभा में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों, संकाय अध्यक्षों एवं नैक कोर ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान एवं उत्तर दिया। इस अवसर पर सभा में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालयों से उपस्थित हुए प्रबंधकों एवं प्राचार्य ने नैक मूल्यांकन में धरातल पर होने वाली परेशानियों का समाधान भी किया। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में दोनों दिन पूर्ण रूप से उपस्थित रहे। प्रो. मोहम्मद आरिफ समन्वयक नेट महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने नैक मूल्यांकन की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यशाला की आयोजन सचिव प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन आइक्यूएसी के समन्वयक प्रो. एम एम वर्मा द्वारा दिया गया।

ज्योतिष शास्त्र के पूर्व आचार्य के निधन पर शोक

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त ज्योतिष शास्त्र के मर्मज्ञ विशिष्ट विद्वान प्रो . कृष्णचंद्र द्विवेदी के आकस्मिक निधन होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए बुधवार को कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी के अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित की गयी। ज्योतिष विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व वेदांग संकाय के अध्यक्ष, देश दुनिया में ज्योतिष के क्षेत्र में विश्वविद्यालय का यश फैलाते हुये ज्योतिष शास्त्र के महत्व को बढ़ाते रहे। प्रो. द्विवेदी मूलतः देवरिया जनपद के निवासी थे। 11अप्रैल को कैलगढ़ स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली थी। शोक सभा में प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, प्रो. विधू द्विवेदी, डॉ. विशाखा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

छात्रावास शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ी

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर पांडेय ने बताया कि बुधवार को छात्रावास समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि जो छात्र किन्हीं कारणों से छात्रावास शुल्क जमा करने से वंचित रह गये हैं। उन छात्रों के लिए अंतिम एक अवसर 12 से 20 अप्रैल तक दिया जाता है। ऐसे छात्र निर्धारित अवधि तक छात्रावास शुल्क लेखानुभाग में जमा करा सकते है।

परिषदीय विद्यालयों को सुबह सात से 11 तक चलाने की मांग

वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक प्रतिनिधि सनत कुमार सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने परिषदीय विद्यालयों का संचालन सुबह सात से सुबह 11 बजे तक निर्धारित किए जाने की मांग की। पत्र में बताया गया कि परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन संचालन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक निर्धारित है। बच्चों को दिन में दो बजे विद्यालय से घर जाने के लिए छोड़ा जाता है। दोपहर में दिन का तापमान काफी अधिक हो रहा है और गर्म हवाएं भी चल रही है। अधिक तापमान के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

साइन बोर्ड व सामान किया जब्त

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल ने बुधवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसमें गिलट बाजार तिराहे से भोजूबीर होते हुए सर्किट हाउस, कचहरी फल मंडी, वरुणा पुल, मिंट हॉउस, नदेसर स्थित होटल ताज होते हुए घौसाबाद होते हुए चौका घाट पुल तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान मार्ग में जितने भी गुमटी अवैध रूप से रखे हुए थे सभी को हटवाया और दुकानदारों का साइन बोर्ड व सामान जब्त किया। साथ ही अवैध रूप से झुग्गी बना कर वेंडिंग करते पाए जाने पर उसे हटवा दिया गया और चेतावनी दिया गया कि वेंडिंग जोन में जा कर ठेला संचालित करें। अभियान के दौरान लगभग 01 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। अभियान में कुल 400 रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई।

बीएचयू में कल अवकाश

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आगामी 14 अप्रैल को भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर अवकाश रहेगा। विवि के सहायक कुल सचिव (सामान्य प्रशासन) अशोक कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि विश्वविद्यालय में आगामी शुक्रवार को इस अवकाश के बावजूद उस दिन पूर्व निर्धारित परीक्षाएं निर्धारित समय पर ही होंगी। साथ ही आवश्यक कार्यों से संबंधित विभाग सामान्यतः खुले रहेंगे।

डीएम ने किया मुआयना

वाराणसी। नगरीय निकाय चुनाव-2023 के लिए चल रहे पर्चा दाखिले के दूसरे दिन बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने नामांकन कक्ष का मौका-मुआयना किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम प्रशासन के न्यायालय में स्थापित नॉमिनेशन रूम का जायजा लिया। यह कोर्ट परिसर नगर निगम के महापौर पद के लिए पर्चा दाखिला का कक्ष बनाया है। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अफसर एडीएम वित्त एवं राजस्व ने श्री राजलिंगम को वहां मेयर पद के नामांकन के लिए की गयी तैयारियों की जानकारी दी।

लटके खंभे पर दौड़ रहा 11 हजार वोल्ट करंट, विभाग बेपरवाह

हरहुआ। बीते दिनों हुई बेमौसम की बारिश और आंधी-तूफान के दौरान स्थानीय विकास खंड के भेलखा गांव क्षेत्र के पंचकोशी मार्ग पर एक मकान के निकट स्थापित बिजली का खंभा टूटकर लटक गया। स्थानीय निवासी कांता यादव व अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस बारे में कई बार विद्युत विभाग का ध्यान दिलाए जाने के बावजूद अबतक स्थिति दुरुस्त नहीं की गयी। फलस्वरूप किसी भी वक्त किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। गत एस से तीन अप्रैल के बीच में आंधी-पानी के दौरान इस पोल का ऊपरी हिस्सा टूटकर लटक गया। खंभे पर 11 हजार वोल्ट का तार लगा हुआ है। उसी पोल पर ठीक नीचे 440 वोल्ट का तार भी है। ग्रामीणों के अनुसार टूटे हुए खंभे के सूचना सातो महुआ फीडर और इलाकाई लाइनमैन को दी जा चुकी है। उसके बावजूद बिजली विभाग ने इस गंभीर स्थिति की अनदेखी कर दी है। सूचना दिये जाने के बाद भी महकमे का कोई कर्मचारी तक यहां जायजा लेने नहीं पहुंचा।

समस्याओं का तत्काल करें समाधान : सीडीओ

वाराणसी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बुधवार को विकास भवन सभागार में पेयजल परियोजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक की। इस मौके पर संबंधित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव समेत जल निगम के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता मौजूद रहे।

मीटिंग में जल निगम ग्रामीण के दायरे में शामिल उन 21 पेयजल परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी जो ग्राम पंचायतों को हैंडओवर किया जाना है। ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिव ने बताया कि अभी कई सम्मिलित मजरों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य सहित ग्रामीणों को कनेक्शन दिया जाना शेष है। कई स्थान पर पाइप लाइन का लीकेज दुरुस्त कराने की आवश्यकता है। इसके अलावा पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गये मार्गों की मरम्मत की जरूरत है। इस पर श्री नागपाल ने विभागीय अभियंताओं को संबंधित समस्याओं का समाधान तत्काल कराने के निर्देश दिये। साथ ही चेताया कि समस्याओं का निराकरण के बाद योजनाएं ग्राम पंचायतों को हैंडओवर न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीएचयू में है मिनी भारत

वाराणसी। बीएचयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित द्वितीय एलुमनाई मीट में पुरातन विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। मुख्य अतिथि कर्नाटक विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. सीआर करिसीदप्पा ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इस विभाग ने मुझे एक अच्छा प्रोफेशनल बनाने समेत अच्छा इंसान भी बनाया। बीएचयू में एक मिनी भारत है जहां विभिन्न प्रांतों के लोग अपनी-अपनी सभ्यता और संस्कृति को साझा करते हुए भारतीय होने की अनुभूति कराते हैं। कार्यक्रम में ओएनजीसी में डायरेक्टर रह चुके डॉ. भगवान दास, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी नई दिल्ली के डॉ. एनके बर, जेएनयू की डॉ. मनोरमा त्रिपाठी, इंदिरा गांधी विवि के डॉ. वीके जगजीवन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस के डॉ. अखिलेश यादव, बीबीएयू के डॉ. विनीत कुमार आदि ने भी बीएचयू में बिताए पुराने दिनों को याद किया। आयोजन में प्रो. आदित्य त्रिपाठी, सैयद शाज हुसैन, डॉ. विनोद कुमार मिश्र का सहयोग रहा।

महिलाएं खुद रखें स्वास्थ्य का ध्यान : डॉ. इंदू सिंह

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज में आईक्यूएसी के अंतर्गत संचालित वुमेन डेवलेपमेंट सेल (स्त्री विमर्श) की ओर से बुधवार को प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदू सिंह ने महिला अध्यापिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्राओं से संवाद किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. इन्दू ने कहा कि महिलाएं आज स्वयं के साथ-साथ परिवार और सामाजिक जिम्मेदारिया भी निभा रही हैं, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि उन्हे उनके अधिकार से वंचित रखा जाता है, अब समय आ गया है कि जब महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ख्याल खुद रखना होगा, उसके लिए दूसरों पर निर्भर होने का समय गया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शारिरिक समस्या होने पर उसको नजरअंदाज बिल्कुल ना करें, तत्काल किसी डाक्टर से परामर्श लेकर उचित इलाज करें। महिलाओं में 40 की अवस्था के बाद आजकल ट्यूमर की समस्या बढ़ रही है जो इलाज के अभाव में आगे चल कर कैंसर का रूप ले लेती है। सोशल मीडिया के दौर में लड़किया स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सोशल मीडिया का सहारा ले रही है, जो ठीक नहीं है, उस वजह से लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने महिलाओं की जिज्ञासा का भी समाधान किया।

सृजनशीलता शिक्षक की पहचान : जयराम सिंह

राजातालाब। पद्मभूषण तथा संस्कृत के प्रकांड विद्वान रामयत्न शुक्ला के पुत्र डॉ. रामाश्रय शुक्ला को राजकीय इंटर कॉलेज जक्खिनी में बुधवार को विदाई दी गई। डॉ. शुक्ला यहां पर प्रधानाचार्य थे और पिछले दिनों अवकाश ग्रहण कर लिए।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने कहा कि शिक्षक विविध गुणों से परिपूर्ण होता है। इन गुणों को वह अपने छात्रों में रोपित करता है। विविधता और सृजनशीलता शिक्षक की पहचान है। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन काल में जो कुछ सीखा था उसे समर्पण भाव से देश के नौनिहालों को दिया। उन्होंने अपने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों ने उनके निदेशों को सुना और स्वीकारा यही उनके लिए स्मृति भरा भेंट है। समारोह को राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर के प्रधानाचार्य प्रभाष झा, राजकीय क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य बृजेश सिंह, मालवीय इंटर कॉलेज शाहंशाहपुर के प्रधानाचार्य मुशर्रफ, राजकीय इंटर कॉलेज जक्खिनी के प्रधानाचार्य रमेश, शिक्षक वहीद खान और नंदलाल गौड़ ने भी संबोधित किया। विदाई समारोह में पवन विद्यावती देवी, ओम प्रकाश, गोपीनाथ यादव, जय श्री, मनोज, दिनेश सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बांसगांव, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 10 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(सुनीता सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बांसगांव, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बांसगांव, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत चकलालधर, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 02 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(घरभरन चैहान)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.चकलालधर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.चकलालधर, वि.खं.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत टेंगरपुर, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 01 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(शशिकला श्रीवास्तव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.टेंगरपुर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.टेंगरपुर, वि.खं.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत काजीभीटी, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(सुरेश यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.काजीभीटी, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.काजीभीटी,वि.खं.रानीकीसराय
आजमगढ़

1885 में हो गया था नपं बांसडीह का गठन

ये है इतिहास

1925 में पहले चेयरमैन बने गोविन्द प्रसाद सिंह

जनसंदेश न्यूज

बांसडीह। नगर के बुजुर्गो के अनुसार नगर पंचायत बांसडीह का गठन आजादी से पहले सन 1885 में हुआ। इसे नोटिफाईड एरिया का नाम दिया गया था। सन 1914-15 में अंग्रेजी हुकूमत का शासन रहा। 1925 में पहला चुनाव हुआ और गोविन्द प्रसाद सिंह पहले चेयरमैन बने। सन 1927 में भी गोविन्द प्रसाद सिंह पुनः चेयरमैन बने।

सन 1930 में चंद्रशेखर सिंह ने गोविन्द प्रसाद सिंह के निधन के बाद चेयरमैन का पदभार संभाला। सन 1933 से 1952 तक ठाकुर बैजनाथ सिंह चेयरमैन रहे। सन 1952 से लेकर 1961 तक वीर विक्रम सिंह चेयरमैन रहे। सन 1961 में वीर विक्रम सिंह के निधन के बाद जनता ने ठाकुर बैजनाथ सिंह को निर्विरोध चेयरमैन चुना। सन 1971 में विजयपाल सिंह चेयरमैन बने एवं 1977 तक चेयरमैन रहे। उसके बाद सरकार ने पुरे प्रदेश मे 17 वर्षो तक चुनाव नहीं कराया। उसके बाद संजय कुमार सिंह चेयरमैन बने। सन 1995 में संजय कुमार सिंह की माता श्रीमती शकुंतला देवी महिला चेयरमैन बनी। सन 2001 में नन्दलाल सिंह चेयरमैन बने।

सन 2006 में धीरेन्द्र बहादुर सिंह चेयरमैन बने। सन 2012 में पुनः नन्दलाल सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह चेयरमैन बनी, लेकिन कुछ समय बाद ही उनके असामयिक निधन से नगर पंचायत का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। सन 2013 में हुए उपचुनाव में सुनील कुमार सिंह चेयरमैन बने।

टिकट के लिए दावेदारों ने झोंकी ताकत

बांसडीह। नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही दावेदार मतदाताओं को रिझाने के लिए चक्कर लगा रहे है। इसी के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों टिकट के लिए दावेदारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दावेदार सुबह से देर रात्रि तक डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क कर रहे है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म से दावेदार एक-दूसरे पर कटाक्ष कर रहे है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को छोड़ कर अभी तक किसी दल ने अपना प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। सुभासपा के प्रदेश कार्यालय ने पत्र जारी कर बांसडीह अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक मिश्र मिंटू को अपना उम्मीदवार बनाया है।

पुलिस ने 923 पर की निरोधात्मक कार्रवाई

बैरिया। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कहा है कि नगर पंचायत चुनाव हर हाल में शान्तिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराया जायेगा। इसके लिए जरूरी उपाय कर लिए गये है। सम्बधित थानों को कड़े निर्देश दिये गये है। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के उद्देश्य से बैरिया पुलिस ने कुल 923 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। वहीं, एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि 663 लोगों को धारा 107, 16 के तहत पाबंद किया गया है। 271 लोगों पर विभिन्न न्यायालयों से वारंट जारी किया गया है। 67 लोगों पर धारा 110 जी के तहत मिनी गुंडा एक्ट चलाया गया है। वही, 14 लोगों पर गुंडा एक्ट चलाया गया है। पांच लोगों पर गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। एसएचओ ने जोर देकर कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण ढ़ग से चुनाव सम्पन्न हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किये जायेंगे।

नपं बेल्थरारोड के अब तक रहे अध्यक्ष

नसीरुल्लाह अंसारी	1971-1976 तक
अनिल कुमार गुप्त	1988-1993 तक
अशोक मधुर	1995-2000 तक
अनिल कुमार गुप्त	2000-2005 तक
डा. हरि प्रकाश गुप्त	2006-2011 तक
दिनेश कुमार गुप्त	2012-2017 तक
दिनेश कुमार गुप्त	2017-2022 तक

अभिषेक बने सुभासपा प्रत्याशी

बांसडीह। समाजवादी छात्र नेता से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले बांसडीह कस्बा निवासी अभिषेक मिश्र मिंटू ने बुधवार को सपा छोड़ लखनऊमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कार्यालय में पार्टी का दामन थाम लिया। वही, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पद का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। अभिषेक मिश्र मिंटू ने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रुद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछड़ों, शोषितों, दलितों, वंचितों की आवाज बुलंद करने के साथ पार्टी की उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

नपं सिकंदरपुर के अब तक रहे अध्यक्ष

विदेशी राम	पीसीएस	1978-1981 तक
मुन्नीलाल द्विवेदी	पीसीएस	1981-1982 तक
आनंद शंकर पांडेय	पीसीएस	1982-1982 तक
अश्वनी कुमार	पीसीएस	1984-1985 तक
जेएस दीपक	आईएएस	1986-1986 तक
राकेश कुमार	पीसीएस	1986-1986 तक
राजेश कुमार सिंह	आईएएस	1987-1987 तक
छोटेलाल सिंह	पीसीएस	1988-1988 तक
हरेराम मिश्र	अध्यक्ष	1988-1993 तक
आद्या प्रसाद द्विवेदी	पीसीएस	1994-1994 तक
राजबली मिश्र	पीसीएस	1994-1995 तक
देवेन्द्र नाथ आर्य	अध्यक्ष	1995-2000 तक
विमलावती चौहान	अध्यक्ष	2001-2005 तक
बी राम	पीसीएस	2005-2006 तक
रविन्द्र प्रसाद	अध्यक्ष	2006-2011 तक
सर्वेश कुमार	प्रशासक	2011-2012 तक
अताउल्लाह	लेखा लिपिक	2012-2012 तक
सावित्री देवी	अध्यक्ष	2012-2017 तक
अताउल्लाह	लेखा लिपिक	2017-2017 तक
रविन्द्र प्रसाद	अध्यक्ष	2017-2022 तक

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई

चुनाव आयोग ने पत्र जारी कर दिया मीडिया सेल को सक्रिय करने का निर्देश

बलिया। निकाय चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊएवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निकाय चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों की खैर नहीं है। सोशल मीडिया पर प्रशासन की पूरी तरह नजर है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सभी डीएम और एसपी को पत्र प्रेषित कर कहा कि निकाय चुनाव के दौरान नागरिकों की ओर से एसएमएस व सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाएं। आयोग ने इसके लिए मीडिया सेल को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले फोटो, वीडियो, आडियो क्लिप पर नजर रखने का भी निर्देश दिया है, ताकि जनसाधारण तक गलत, भ्रामक और सनसनी वाली सूचनाएं फैला कर चुनाव में कोई बाधा न उत्पन्न कर सकें। ऐसी सूचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से ही वायरल की जाती हैं। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से समाप्ति तक सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले सभी पोस्ट व संदेशों पर कड़ी नजर रखें। गलत व भ्रामक और सनसनीखेज सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। वहीं, इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। भ्रामक सूचनाएं वायरल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से बचें।

हेमंत हत्याकांडः सात अभियुक्त गिरफ्तार, शेष अब भी फरार

ऐक्शन

अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस

कोतवाली थाना में पकड़े गये हत्यारोपियों के साथ पुलिस टीम

बलिया। शहर कोतवाली पुलिस ने छात्रनेता हेमंत यादव हत्याकांड में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं, शेष आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा जगह-जगह दबिश देकर उनको गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है। बुधवार को पकड़े गये अभियुक्तों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने कहा कि जल्द ही शेष आरोपी भी पुलिस की पकड़ में होंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस मामले में आरोपियों रितेश चौरसिया, रोहित चौरसिया, संदीप सिंह, राजदीप सिंह, वाईएन तिवारी उर्फ यश तिवारी, शिवाजी पाण्डेय और कृष्णा तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। बता दें कि पकड़ी थाना क्षेत्र के धड़सरा ठोहिल पाली गांव निवासी हेमंत यादव पुत्र मनराज यादव टीडी कालेज में स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की सुबह हेमन्त यादव सतीशचन्द्र महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए गया था। वह परीक्षा देकर जैसे ही परीक्षा केंद्र से बाहर निकला, वैसे ही पहले से ही घात लगाए युवकों ने बैट एवं हाकी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने गए जीराबस्ती निवासी आलोक यादव को भी बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आस-पास मौजूद लोगों ने घायल दोनों छात्रों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से दोनों को चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। हेमंत यादव के परिजन उसे मऊके किसी निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान हेमंत की मौत हो गई। वहीं, आलोक यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई सचिन यादव की तहरीर पर टीडी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह गौतम पुत्र बबलू सिंह, राजदीप सिंह, शुभम सिंह उर्फ बिट्टू, संदीप सिंह पुत्रगण बूढ़ा सिंह निवासी मिड्ढा, थाना फेफना, मनीष सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी मिड्ढा, थाना फेफना, रोहित चौरसिया पुत्र हरेंद्र चौरसिया निवासी मिड्ढा, थाना फेफना, रितेश चौरसिया निवासी मिड्ढा, थाना फेफना, आशीष सिंह, वाईएन तिवारी उर्फ यश तिवारी के विरुद्ध नामजद तथा करीब सात अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, मारपीट में गंभीर रूप से घायल आलोक यादव पुत्र वशिष्ठ नारायण यादव निवासी जीराबस्ती, थाना सुखपुरा का इलाज चल रहा है। घटना के पीछे छात्रसंघ चुनाव की पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

आशा बहुओं की नियुक्ति न होने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

जनसंदेश न्यूज

समस्या

सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए है विभागीय अधिकारी

बैरिया। क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वीकृत संख्या से काफी कम आशा बहुओं की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार कल्याण व मातृ कल्याण आदि कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। वहीं, तैनात आशा बहुओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इससे उनके कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी सबकुछ जान कर भी अंजान बने हुए हैं।

बता दे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा पर आशा बहुओं की स्वीकृत पद 180 के सापेक्ष में 150 की तैनाती है। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा पर 172 के सापेक्ष 165 आशा बहुओं की तैनाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलहरी पर 168 आशा बहुओं के सापेक्ष 116 की तैनाती है। यही स्थिति अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की है। यहां आशा बहुओं का पद एक दशक से खाली है। पूछने पर प्रभारी चिकित्साधिकारियों का कहना है कि इनकी तैनाती जिला स्तर के अधिकारी करते हैं। इस विषय में रिपोर्ट बनाकर काफी दिनों पहले भेज दी गई है। जब उनका निर्देश होगा तो उसका पालन किया जाएगा। गौरतलब है कि अकेले मुरली छपरा में 30 आशा बहुओं का पद खाली है, जबकि बेलहरी में 52 पद खाली हैं। कोटवा की स्थिति कुछ ठीक-ठाक है। वहां महज नौ पद खाली है। इस बाबत पूछने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार ने बताया कि जल्द ही इस संदर्भ में कार्रवाई की जाएगी। खाली पड़े पदों पर निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कॉलेज में आलोक सिंह का हुआ भव्य स्वागत

आगमन

सभी शिक्षकों का अभिवादन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

बेल्थरारोड। विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेमरी के बहुउद्देशीय सभागार में यूपी पीसीएस-2022 की परीक्षा में सफलता अर्जित कर डीएसपी पद पाने वाले आलोक कुमार सिंह को बुधवार को सम्मानित किया गया। उच्च संस्कारयुक्त आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय में आते ही सभी शिक्षकों का अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आलोक सिंह के कालेज में पहुंचते ही गगनभेदी नारों एवं तालियों की तड़तड़ाहट से परिसर गूंजने लगा। डॉ. टीएन मिश्रा संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्मशक्तिसंघ भारत ने उनको पुष्पहार एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कहा कि आलोक कुमार सिंह की इस सफलता से हम सभी गौरवान्वित हैं। यह हम सभी के लिए खुशी का क्षण है। डॉ. राकेश यादव एवं डॉ. अशफाक ने कहा कि आलोक ने माता-पिता के साथ ही गांव, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है। इससे हम सभी गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर निजामुद्दीन, अशफाक, जगन्नाथ मिश्र, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार यादव, डॉ. नीरज यादव, राकेश शर्मा, हेमंत कुमार मिश्र, आनन्द कुमार मिश्र, जयगोविंद पाण्डेय, प्रेमचंद मौर्य, चंदन, निर्भय यादव, संतोष श्रीवास्तव, सन्नीलाल श्रीवास्तव, आदर्श यादव, दीलिप कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

बसपा पूरी दमदारी से लड़ेगी निकाय चुनाव

बलिया। बसपा की बैठक बुधवार को हुई। मुख्य अतिथि मंडल जोन इंचार्ज राधेश्याम भारती ने कहा कि बसपा पूरी दमदारी के साथ मजबूत संगठन के बल पर निकाय चुनाव लड़ेगी। इस दौरान विभिन्न नपा एवं नपं से चुनाव की तैयारी करने वाले दावेदारों ने अपना आवेदन दिया। विशिष्ट अतिथि मंडल जोन इंचार्ज ओमकार शास्त्री ने कहा कि सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिका में प्रत्याशी के साथ लगकर कार्यकर्ता चुनाव जीतायें। कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती प्रत्येक नगर में मनायी जायेगी। इस अवसर पर शनि कुमार, शैलेन्द्र महाराज, हीरालाल कौशल, सोहिल नाथ वर्मा, भोला राम, सुरेन्द्र निषाद, अजय कुमार, पटेल राम, कृष्ण कुमार भारती, अनिल राम, मनोज राम, दीपचंद्र राजभर, अरूण कुमार, नवनीत गुप्त, मुन्ना मास्टर, धनजी भारती आदि मौजूद रहे। संचालन महफूज आलम ने किया।

भाजपा ने सदैव संपूर्ण विश्व को माना अपना परिवारः हर्षवर्धन सिंह

संबोधन

भाजयुमो के वाई-20 कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता

जनसंदेश न्यूज

भाजयुमो के कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

बलिया। भाजयुमो उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे वाई-20 कार्यक्रम का आयोजन महर्षि भृगु बाबा के प्रांगण में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि यह बड़े ही गर्व का विषय है कि जी20 जैसे प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व करने का अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। भारत ने इस कार्यक्रम का थीम भी वसुधैव कुटुम्बम् रखा है। हमने सदैव सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार माना है।

कहा कि भारत ने सदी की सबसे बड़ी महामारी में पूरे विश्व को वैक्सीन व दवाओं सहित अन्य जरूरी सामग्री प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश राय ने कहा कि बीस वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स का समूह जी-20 और बीस का समूह के रूप में भी जाना जाता है, जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है। इसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। इसका प्रतिनिधित्व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा किया है। इस अवसर पर मयंक शेखर तिवारी, दीपक मल्ल, संतन चौवे, अर्जुन सिंह चौहान, सुधीर मौर्य, विश्वजीत तिवारी, पुर्णेन्दु सिंह, राघवेन्द्र सिंह, जय यादव, अनूप ओझा, आदित्य तिवारी आदि मौजूद रहे।

संचालन भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष पुरुषार्थ सिंह ने किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अश्वनी सिंह लिटिल ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

लोगों को देशभक्ति के लिए किया प्रेरित

कथा

आर्य समाज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

कथा सुनाती प्रज्ञा देवी

बेल्थरारोड। आर्य समाज की भजनोपदेशिका श्रीमती नयनश्री प्रज्ञा देवी ने कहा कि कथा मात्र सुनने से नही, बल्कि उस पर अमल करने से जीवन में सफलता मिलती है। स्थानीय नगर के रामलीला मंच से बीते आठ अप्रैल से चल रहे आर्य समाज के तीन दिवसीय 90वां वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को भजनोपदेशिका ने संगीतमयी प्रवचन के माध्यम से देशवासियों को देश भक्ति के लिए प्रेरित किया। अंत में मानव चरित्र को लेकर विस्तार से चर्चा की।

आर्य समाज के उपदेशक हरिशंकर अग्निहोत्री ने कहा कि आज देश के अन्दर दयानन्द सरस्वती जैसे ब्यक्ति का अभाव है। त्याग व समर्पण की भावना का लोप हो चुका है। गलत खान-पान के कारण आर्य समाज एवं बेद का नाम लेने वालों की संख्या का अभाव दिखने लगा है। उन्होंने दयानन्द सरस्वती एवं उनके गुरु बृजानन्द की आपसी मुलाकात तथा आपसी सम्बन्धों की चर्चा की। ग्रन्थों की चर्चा कर कहा कि अपना पूरा जीवन गुरु दक्षिणा में दयानन्द सरस्वती ने गृरु बृजानन्द को दान में दे दिया था। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। तार्किक बक्तब्यों से सिद्ध करते हुए कहा कि आजादी के बाद देश बेद व आर्य समाज ने ही महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कुर्सी पर बिठाया था। अंत में ग्रन्थ व बेद की चर्चा कर कहा कि यह आज भी चल रहा है और भविष्य में भी चलेगा। इस वार्षिकोत्सव में ज्ञानप्रकाश बैदिक, आचार्य रामप्रसाद, गौरव यादव, कमला सिंह, बांके लाल, मोहन सोनी, विजय शंकर दूबे, शीतल प्रसाद, रजनीश, प्रमोद आर्य, हृदयानन्द ने मंच की शोभा बढ़ाया। आर्य समाज के प्रधान आनन्द कुमार आर्य, शिव कुमार गुप्ता, जोरावर सिंह, अखिलेश कुमार गुप्ता, रुपचन्द, हरिप्रकाश बरनवाल, श्रीमती उषा राय, श्रीमती रागिनी गुप्ता, श्रीमती गीता देवी, मुन्नी देवी, शकुन्तला देवी, राजकुमारी देवी सक्रिय रह।

पक्का कक्ष बनवाने की घोषणा

बेल्थरारोड। आर्य समाज परिवार से जुड़े केशरी नन्दन ने अपने पितामह स्व. स्वामी बनारसी दास एवं पिता स्व. साधु शरण की भावना का सम्मान करते हुए उनके नाम पर बेल्थरारोड के यज्ञशाला परिसर में एक पक्का कक्ष बनवाने की घोषणा की। इसका सभी ने ताली बजाकर स्वागत किया।

धूमधाम से मनाई रमाशंकर पांडेय की जयंती

बलिया। बलिया हिंदी प्रचारिणी सभा के चलता पुस्तकालय के सभागार में प्रख्यात साहित्यकार पं. रमाशंकर पांडेय नवल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। डॉ. रघुवंशमणि पाठक न कहा कि नवल जी समाजवादी विचारक के रूप में चर्चित थे। महर्षि अशोक ने कहा कि नवल जी अनुशासित व्यक्ति थे, जो उनके काव्यों में भी परिलक्षित होता है। डॉ. जनार्दन राय ने कहा कि नवल जी हिंदी साहित्य के अद्भुत विद्वान थे। वह मानव एवं मनुष्यता की प्रतिमूर्ति थे। इसके बाद काव्य गोष्ठी हुई। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद शंकर पांडेय, रामविचार पांडेय, रामेश्वर सिंह, शिवजी पांडेय रसराज, विजय मिश्र, उत्कर्ष तिवारी, अरविन्द कुमार उपाध्याय, जयप्रकाश, बृजमोहन प्रसाद अनारी, मोहन जी सत्यांश, डॉ. राजेन्द्र भारती, प्रेमशंकर पांडेय, रामसुंदर राय, काशीनाथ ठाकुर, अखिलेश तिवारी, रमेशचंद श्रीवास्तव, प्रभात पांडेय, फतेहचंद बेचैन, शशिप्रेम देव, डॉ. कादम्बिनी सिंह, डॉ. रघुनाथ उपाध्याय, रामसकल गिरि आदि मौजूद रहे। सभी का आभार भोलानाथ मिश्र ने प्रकट किया।

मनुष्य को भोगना पड़ता है कर्मों का फलः विद्याभास्कर

प्रवचन

नगवां में चल रहा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ

प्रवचन करते विद्या भास्कर जी

दुबहर। मनुष्य को अपने अच्छे-बुरे कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। अगर आपने किसी को ठगा है तो आपको भी कोई अवश्य ही ठगेगा। ईश्वर को भी धरती पर अवतार लेने के बाद अपने कर्मों का फल भोगना पड़ता है। उक्त बातें नगवां में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन प्रवचन करते हुए त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर स्वामी जी ने व्यक्त किया। कहा कि कर्म ही पूजा, गुरु व भगवान है। जो भक्त नियमित रूप से भगवान की आराधना-व्रत करता है, भगवान स्वयं अपने भक्तों की तपस्या, आराधना व्रत की रक्षा करते हैं। उसे खंडित नहीं होने देते। उन्होंने भागवत कथा में श्री कृष्ण भगवान की बाल लीला, माखन चोरी, गोपियों संग लीला, गोवर्धन पर्वत धारण करना, इंद्र का मान मर्दन, कालिया मर्दन कथा को विस्तार पूर्वक सुनाया। इस मौके पर यजमान पंडित शिवजी पाठक, इं. भगवती शरण पाठक, इंदु पाठक, जवाहरलाल पाठक, राकेश पाठक, डा. बृकेश कुमार पाठक, विमल पाठक, अखिलानंद तिवारी, जितेंद्र उपाध्याय, बब्बन विद्यार्थी, राधाकृष्ण पाठक, सलभ उपाध्याय, अभिषेक राय, विद्यासागर दुबे, ओंमकार सिंह, रविंद्र मोहन, हरिशंकर पाठक, अनिल पाठक, नरेंद्र पांडे, डा. संजीव पाठक, डा. अमित पाठक, ओमप्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बलिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के दिशा-निर्देश पर व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बुधवार को व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष टुनटुन सर्राफ, युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक सोनी, जिला महिला अध्यक्ष सोनी तिवारी, नगर महामंत्री हरिनारायण गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष सुमित साहू, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

विद्युत करंट से महिला की मौत

रसड़ा। कस्बा के पंच मंदिर मोहल्ले में बुधवार की दोपहर में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि रसड़ा कस्बा के पंच मंदिर मोहल्ला निवासी कंचन यादव (32) पत्नी शिवशंकर यादव बुधवार की दोपहर घर में समरसेबुल चालू कर रही थी। इस दौरान उनके हाथों में विद्युत करंट लग गया। इससे वह झुलस कर गिर पड़ी। परिजनों समेत आस-पास के लोगों ने झुलसी महिला को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

सड़क हादसे में तीन युवक घायल

बेल्थरारोड। स्थानीय नगर के मधुबन राजमार्ग पर बुधवार को सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गये। हादसा बेल्थरारोड में सब्जी मंडी के करीब यूनियन बैंक के पास हुआ। जानकारी के अनुसार दो युवक फरसाटार से बाईक से सब्जी मंडी की तरफ जा रहे थे। घायल युवक राहुल कुमार ने बताया कि जैसे ही वह यूनियन बैंक के पास पहुंचे, बीच सड़क में अचानक एक व्यक्ति बाईक के सामने आ गया। इससे बाइक उस व्यक्ति से टकरा गई और वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और आनन-फानन में राहगीरों की मदद से तीनो घायलों को सीएचसी पहुंचाया। अकाश कुमार पुत्र राजेश कुमार (20) निवासी तेलमा जमालुद्दीनपुर व घुरा पुत्र विक्रम (50) निवासी बेल्थरारोड नगर को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाईक चला रहे आकाश की हालत नाजुक बनी हुई है। परिजन उसे निजी साधन से मऊ लेकर चले गये। राहुल कुमार पुत्र हरिनाथ (19) निवासी फरसाटार को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया।

योग में लक्ष्मी व रवि, हॉकी में बक्सर विजयी

बलिया। सागरपाली के पकड़ी वैना स्थित विहान स्कूल में बलिया योगासन खेल संघ की ओर से खेलो इंडिया योगा एवं हाकी खेल प्रतिभा कप-2023 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्याल के क्रीड़ा सचिव डा. विवेक सिंह और प्रशिक्षक सतनजीव झा ने खेल का शुभारंभ किया। इस दौरान योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के योग का प्रदर्शन कर सबको अचंभित कर दिया। निर्णायक की भूमिका में साक्षी सिंह, राहुल वर्मा, वसीम रहे। बालिका वर्ग के योग प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, सौम्या द्वितीय और तृतीय स्थान पर काजल यादव रहीं। वहीं, बालक वर्ग में रवि प्रथम, अमन द्वितीय और सुमित तृतीय स्थान पर रहे। बालक-बालिकाओं के हाकी प्रतियोगिता में बक्सर ने प्रथम और बलिया योगासन क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक में दानिश अफसर, रिजवान, अंकुर गुप्ता, नुमान रहे। कार्यक्रम के सफल संयोजन में बलिया योगासन की सचिव संगम वर्मा और मंडल कोआर्डिनेटर मो. समीउल्लाह ने मुख्य भूमिका निभायी।

बाइक के धक्के से अधेड़ घायल

सिकन्दरपुर। क्षेत्र के रामपुर कटराई गांव के सामने बुधवार की सुबह बाइक के धक्के से साईकिल सवार 50 वर्षीय अधेड़ घायल हो गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर के मोहल्ला भिखपुरा निवासी फूल मोहम्मद कपड़ा बेचने साईकिल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जा रहे थे। वह जैसे ही रामपुर कटराई गांव के सामने पहुंचे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने साईकिल में धक्का मार दिया, जिससे फूल मोहम्मद सड़क पर गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गए। आसे-पास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

व्यवसायियों ने शाखा प्रबंधक को दी विदाई

बैरिया। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा गोपालनगर के शाखा प्रवन्धक विक्रांत विशाल का स्थानांतरण मुम्बई के लिए हो गया है। मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों एवं व्यवसायियों द्वारा फूल मालाओं से लादकर शाखा प्रवन्धक को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर मनोज मौर्य, अमरनाथ यादव, मनोज गुप्ता, सरोज, विशाल तिवारी आदि ने चार वर्षों तक इस शाखा पर उल्लेखनीय सेवा के लिए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। वहीं, शाखा प्रवन्धक विक्रांत विशाल ने लोगों के स्नेह को अविस्मरणीय बताया।

तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। रसड़ा पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के अपराध एवं अपराधियों व शराब माफियाओं/अवैध शस्त्र तस्करों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रसड़ा के उनि औरंगजेब खां ने मंगलवार को मूखबीर की सूचना पर अभियुक्त विवेक यादव पुत्र उदयनारायण यादव निवासी सब्बलपुर सिलहटा, थाना रसड़ा को तमंचा एवं कारतूस के साथ धनईपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कां. आलोक यादव, कां. नागेन्द्र कुमार शामिल रहे।

गायब बालक का मिला शव, कोहराम

बलिया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी नौ वर्षीय पवन का शव बुधवार को मिलने से हड़कम्प मच गया। वह लगभग तीन दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में घर से गायब हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के लिये भेज दिया। वहीं, इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार हनुमानगंज निवासी सुशील गोंड ने 10 अप्रैल को पुलिस को तहरीर दिया कि उसका नौ वर्षीय बेटा पवन 10 अप्रैल की सुबह से गायब है।

आग से 100 बीघे गेहूं की फसल राख

जलती भूसा बनाने वाली मशीन

बैरिया। अग्निदेव के कुपित होने के कारण सुरेमनपुर दियरांचल के शिवाल मठिया गांव के दियारे में बुधवार को अचानक लगी आग में लगभग 100 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल, सैकड़ों बीघा खेतों की पराली एवं लगभग 20 लाख रुपये मूल्य का भूसा बनाने वाली मशीन जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के बार-बार सूचना के बाद भी जब अग्निशमन विभाग का दमकल मौके पर नही पहुंची तो नाराज लोगों ने उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को इसकी सूचना दी।

एसडीएम के निर्देश पर आगलगी की घटना के लगभग डेढ़ घण्टे बाद मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची, तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। किसानों ने अगल-बगल के पम्पसेट चलाकर आग पर काबू पाया।

व्यापक क्षति

फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंचने पर आक्रोशित किसान

बता दे कि पहले भूसा बनाने वाली मशीन में आग लग गयी। वही आग सुदर्शन साह के गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। इसके बाद झुना सिंह, लल्लन यादव, सुभाष यादव, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बरमेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह, लल्लन वर्मा, शिवकुमार पासवान सहित दर्जनों किसानों का लगभग 100 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। वहीं, बगल के खेत में भूसा बना रही मशीन भी जल गई। इस अग्निकांड में लाखों की क्षति बताई जाती है। एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल मनोज यादव नुकसान का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे हुए थे।

सिपाही के कार्य की हो रही प्रशंसा



बैरिया। पुलिस में अभी भी मानवता जिन्दा है। आगलगी की घटना से पीड़ित किसानों के दर्द को समझते हुए रेवती थाना क्षेत्र के गोपाल नगर पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही ने बुधवार को आग के फैलाव को रोकने में ग्रामीणों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। वही, सैकड़ों बोझ गेहूं की फसल सिर पर उठाकर आगलगी के स्थान से दूर सुरक्षित रखा। सिपाही के इस सराहनीय कार्य की दियरांचल में हर व्यक्ति प्रशंसा कर रहा है। गोपाल नगर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही रामबाबू गोस्वामी आगलगी की घटना सुनकर भागता हुआ शिवाल मठिया पहुंचा और तत्परता से किसानों के साथ पंपसेट से आग पर पानी उड़ेलने के साथ ही सैकड़ों बोझ गेहूं के फसल को अपने सिर पर उठाकर दूसरी तरफ सुरक्षित स्थानों पर रखा। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से उक्त पुलिसकर्मी को पुरस्कृत करने का आग्रह किया है।

आग से झुलसे दो युवक

बैरिया। दोकटी थाना क्षेत्र के धतुरी टोला गांव निवासी दल्लू शर्मा व लल्लू शर्मा की रिहायशी झोपड़ी में अचानक आग लग जाने के कारण हजारों रुपये नगदी, खाद्यान्न व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सामान निकालने के प्रयास में गृह स्वामी के पुत्र बालाजी शर्मा व गोपाल शर्मा बुरी तरह झुलस गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया गया।

माल्देपुर से कदम चौराहा तक चौड़ीकरण का कार्य शुरू

बलिया। माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क की नापी सहित अन्य कार्य तेजी से शुरू हो गया है। माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ नाला के साथ डिवाइडर का निर्माण कर सड़क का चौड़ीकरण होगा। यह निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूरा हो जाएगा। जेसीबी द्वारा सड़क के किनारे झाड़-झंखाड़ की सफाई के साथ खोदाई का काम तेजी से जारी है। बता दें कि जनता की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से शहर को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की पहल पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक 4.455 किमी की दूरी में एनएच-31 को फोरलेन बनाने और दोनों तरफ आरसीसी ढक्कन युक्त नाला बनाने के लिए स्वीकृति दी है। इस मार्ग के बन जाने से अब यातायात और सुगम हो जाएगा। इस फोरलेन सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। एनएचएआई के अधिकारियों की मानें तो बनने वाली फोरलेन सड़क के दोनों तरफ आरसीसी नाला भी बनेगा, जो आरसीसी ढक्कन से ढंका रहेगा।

बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

जनसंदेश न्यूज

नगरा। शत्-प्रतिशत नामांकन हेतु स्कूल चलो महाअभियान के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में ब्लाक स्तरीय संचारी रोग मुक्ति जागरुकता रैली निकाली गयी। सभा करके इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इसमें उप्रावि नगरा, उप्रावि चचयां, उप्रावि पड़री, प्रावि नगरा नं. एक, नगरा नं. दो, कम्पोजिट नगरा, प्रावि तिलकारी, भण्डारी, ब्राह्मणपुरा आदि दर्जनों स्कूलों के शिक्षकों एवं बच्चों ने हिस्सा लिया। उप्रावि चचयां पर रैली का समापन हुआ। बीएसए मनिराम सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चचयां के बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया। कहा कि निर्धारित समय में सफलतापूर्वक निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करना शिक्षक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राजबहादुर सिंह अंशु, विरेन्द्र प्रताप यादव, ओमप्रकाश, दयाशंकर, दयाशंकर, प्रवीण पंकज, अजय यादव, हेमना यादव, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन रामकृष्ण मौर्य ने किया।

बैठक संपन्न

बलिया। बलिया विकास मंच की बैठक गांधी नगर कार्यालय पर हुई। इसमें 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी नगर स्थित कार्यालय से अंबेडकर संस्थान तक सभी सदस्य बाइक से जाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर सुबह नौ बजे माल्यार्पण कर वापस आयेंगे। तत्पश्चात कार्यालय पर गोष्ठी होगी। इस अवसर पर विकास श्रीवास्तव एडवोकेट, राजकुमार शर्मा, दिनेश वर्मा, दिनेश प्रसाद, विनीत वर्मा, आशुतोष श्रीवास्तव, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

रेड क्रॉस बलिया ने कायम की मानवता की मिसाल

बलिया। सिकंदरपुर तहसील के मुहल्ला मिल्की (वार्ड नं-10) स्थित राजभर बस्ती में रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा राहत सामग्री वितरण किया गया। बताते चलें कि 9 अप्रैल 23 को कतिपय कारणों से भीषण आग लगने से 06 परिवारों क्रमशः धितइ राजभर पुत्र सरजू राजभर, पप्पू राजभर पुत्र मिट्ठू राजभर, कैलाश राजभर पुत्र सरजू राजभर, मुन्नी देवी पत्नी स्व हृदय राजभर, रामजी राजभर पुत्र मिट्ठू राजभर व सुदामा पुत्र कैलाश सभी परिवारों का घर गृहस्थी का सामान जल गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी, अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया के निर्देशन के क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सचिव इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ0 आनंद कुमार के नेतृत्व में तहसीलदार सिकंदरपुर श्रवण राठौर के द्वारा अग्निपीड़ितों को रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से राहत सामग्री वितरित की गई। जिसमें प्रति परिवार किचेन सेट, तिरपाल, हाइजिन कीट, काटन कंबल (दो), धोती (दो), टी-शर्ट (दो), बाल्टी सेट इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबंधक श्री अनुपम सिंह ने योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी। तहसीलदार श्री राठौर ने रेड क्रॉस सोसायटी बलिया की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस टीम लगातार जरुरतमंदों की सहायता में सदैव तत्पर रहती है। चाहे वो ठंड राहत की बात हो या बाढ़ राहत की या फिर अग्निपीड़ितों की सहायता हो इसके लिए मैं पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी से जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ0 पंकज ओझा, नंदिनी सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल विनय यादव, आर. के पवन पाण्डेय, सोनू कुमार गुप्ता, उमाशंकर राजभर, संजय जायसवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ. फतेहचंद संयोजक और अध्यक्ष बनी रेखा

बलिया। राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान छपरा (बिहार) के तत्वाधान में महाराजगंज, सिवान में आठ एवं नौ अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आये भोजपुरी भाषी कवि, साहित्यकार, रंगकर्मी, नाटककार, संगीतकार, भोजपुरी भाषा के विद्वानों ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की आवाज उठायी। इस दौरान भोजपुरी आंदोलन समिति भी गठित की गई, जिसमें डॉ. फतेह चंद बेचैन को समिति का राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया गया और कवियत्री कुमारी रेखा को महिला मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी समिति के कार्यकारी में आदित्य कुमार और श्रीराम प्रसाद सरगम को सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में बलिया से वरिष्ठ कवि डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय, आदित्य अंशु, राम प्रसाद, राजेंद्र विद्रोही, बृज मोहन अनारी आदि मौजूद रहे।

स्वामी आनंद स्वरूप का भव्य स्वागत

सहतवार। क्षेत्र के ग्राम सभा बलेउर स्थित एक मैरिज हाल में मंगलवार को अंतराष्ट्रीय योग गुरु नीलेश उपाध्याय के नेतृत्व में शांभवी पीठाधीश्वर/ अध्यक्ष शंकराचार्य परिषद एवं ट्रस्ट/संस्थापक काली सेना स्वामी आनंद स्वरूप जी महाराज का नगर आगमन पर वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवी संगठन तथा व्यापारियों द्वारा फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज की नींव मजबूत होती है। अगर आठवीं तक के विद्यार्थियों को पुरातन वैदिक गुरुकुलीय माध्यम से शिक्षा दी जाए तो बेहतर समाज का निर्माण होगा। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार पाना न होकर बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण करना होना चाहिए। अंतराष्ट्रीय योग गुरु नीलेश उपाध्याय ने कहा कि तपस्या के पत्थर पर स्वयं को घिसने से आत्म शक्ति का विकास किया जा सकता है। तपस्या द्वारा उच्च आध्यात्मिक तत्वों की वृद्धि का लाभ होता है। इस मौके पर कैप्टन शंकर सिंह कश्यप, श्रवण चौरसिया झुन्ना, संतोष पाण्डेय, ब्रजभूषण गुप्ता, श्रीकांत रौनियार, विश्वनाथ प्रसाद, धरम सिंह, टिंकू गुप्ता, सतीश राजभर आदि मौजूद रहे।

बैंक व बीएसएनएल सम्बंधी वादों का अधिकाधिक निस्तारण के लिए बैठक

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर की अध्यक्षता में बुधवार को बैंक एवं बीएसएनएल सम्बंधी वादों का अधिकाधिक संख्या निस्तारण हेतु बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में बैंक एवं बीएसएनएल के अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि बकायेदारों की सूची तैयार कर नोटिस तामिला किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराये ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार हो सके। उक्त बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या, प्रथम/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैक एवं बीएसएनएल के अधिकारीगण उपस्थित रहे। अभिनय कुमार मिश्रा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन के लंम्बित मामलों के निस्तारण हेतु आमजन मानस, वादकारीगण व अधिवक्तागण से अपील की है कि 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 15 अप्रैल 2023 को आयोजित होने वाली आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत में सम्बन्धित वादों का निस्तारण कराकर लाभान्वित होवें।

कार्यालय ग्राम पंचायत जुवां, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(मीना देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.जुवां, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.जुवां, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बा पहलवानपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 11:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(राजेश यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.कस्बा पहलवानपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.कस्बा पहलवानपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत पित्थौरपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 11 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(कमलेश यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.पित्थौरपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.पित्थौरपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत सरायत्रिलोचन, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 10:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(स्वाती यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सरायत्रिलोचन, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सरायत्रिलोचन, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

संक्षेप

छात्रवृत्ति एवं ट्रॉफी पाकर चहके विद्यार्थी

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। जिले के मुहम्मदाबाद गोहना तहसील अन्तर्गत सुरहुरपुर ग्राम में स्थित राजकुमारी विद्यावती शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों की योग्यता के आधार पर माँ भगवती एवं प्रभावती तिवारी योग्यता पुरस्कार एवं टॉपर्स की ट्रॉफी पाकर विद्यार्थीगण चहक उठे। मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिजार्पुर वायुनन्दन मिश्र ने छात्रवृत्ति के रुप में चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। बताते चलें कि उक्त संस्थान में ह्यूस्टन अमेरिका में कार्यरत कैंसर वैज्ञानिक डॉ. सेन पाठक के सौजन्य से कक्षा 06 से 08 तक के चार-चार बच्चों को माँ भगवती छात्रवृत्ति योग्यता पुरस्कार से नवाजा जाता है। वहीं दिल्ली में कार्यरत आईएएस अधिकारी प्रवीण तिवारी के सौजन्य से कक्षा 09 से 12 तक के चार-चार विद्यार्थियों को प्रभावती तिवारी छात्रवृत्ति योग्यता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत 06 से 12 तक कुल 28 बालक-बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हुआ। वहीं प्राथमिक वर्ग में हर्षवर्धन पाठक, उच्च प्राथमिक में अंकिता यादव, माध्यमिक वर्ग में धर्मेश चैहान एवं सम्पूर्ण कालेज टॉपर के रूप में हर्षवर्धन पाठक को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। कालेज परिसर के विशाल सभा मंच की सभाध्यक्षता टाउन इंटर कालेज मुहम्मदाबाद गोहना के पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र दूबे ने मंच संचालन कुँवर अजीत सिंह, स्वागत भाषण महेन्द्र राय एडवोकेट तथा धन्यवाद ज्ञापन अशीत कुमार पाठक एडवोकेट ने किया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सुरेश पाठक, अजीत तिवारी, अधिवक्ता संजय तिवारी, रामदरश यादव, अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव, आशुतोष राय, विनय श्रीवास्तव, सुधाकर राय, धर्मदेव यादव, प्रमोद शुक्ल, नर्बदेश्वर दूबे, चंदन उपाध्याय, कुसुम राय आदि उपस्थित रहे।

दो जिंदा कारतूस व तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

कोपागंज, मऊ। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोपागंज थाना क्षेत्र के पूराघाट पुल के पास शुभम मद्धेशिया पुत्र दिलीप मद्धेशिया को दो जिंदा कारतूस व एक अदद तमंचे के साथ गिरफ्तार कर उसे 3/25 आर्म्स एक्ट तहत चालान कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया।

छात्र नेता हेमंत यादव की शव यात्रा में उमड़ी भीड़

बलिया। टीडी कालेज के छात्र नेता हेमंत यादव के शव यात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन के लिए छात्र नेता व सपा नेता की भीड़ लगी रही। बुधवार को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हॉउस के बाहर भी भीड़ लगी रही। यहाँ पुलिस दलबल के साथ एसपी, एएसपी और विभिन्न थानों की पुलिस मौजूद रही। उसके बाद छात्र नेता का शव सीधे टीडी कालेज पहुंचा। यहां छात्र नेताओं की भीड़ उमड़ पड़ी, उसके बाद शव यात्रा सपा कार्यालय के सामने पहुंचा, फिर उसके बाद वहाँ से महावीर घाट पर छात्र नेता हेमंत यादव का अंतिम संस्कार किया गया।

अभिभावक को महंगा पड़ रहा अपने बच्चों को पढ़ाना

कोपागंज, मऊ। मोटी फीस और किताबों व स्कूल ड्रेस के नाम पर कमीशनखोरी से अभिभावकों की कमर टूट रही है। उच्च शिक्षा की तो बात क्या है। पढ़ाई की शुरूआत करने वाले बच्चे पर भी इतना खर्च हो रहा है कि घर का दूसरा खर्च एक तरफ और एक महीने की फीस तथा कापी किताबों की कीमत एक तरफ स्थिति किसी से छिपी नहीं है इसके विभाग और सरकार वावजूद की खामोशी समझ से परे है। एक तरफ शिक्षा को हर किसी तक पहुंचाने के लिए शिक्षा का अधिकार जैसे कानून लागू हो रहे है और दूसरी तरफ शुरूआत की सामान्य पढ़ाई भी पहुंच से बाहर हो रही है। नए सत्र से कई स्कूलों ने फीस भी बढ़ा दी है, तो ऐसे में बोझ भी बढ़ना तय है। महंगाई ने पहले ही जीना मुहाल किया हुआ है। ऐसे में शिक्षा के बढ़ते खर्च ने तो हर किसी के होश उड़ा दिए है। **कापी, किताबों व स्कूल ड्रेस में मोटा कमीशन** हरे एक स्कूल का किताबों व ड्रेसों की दुकानों से सीधा समझौता है। समझौता कमीशन का है। यही वजह है कि स्कूल संचालकों ने किताबों व ड्रेसों की दुकानों को बांध रखा है। इस दुकान के अलावा किसी दूसरी दुकान पर किताबें व ड्रेसे नहीं मिल पाएंगी। बात चाहे इसमें शहर के नामचीन स्कूलों की हो या फिर दूसरे पब्लिक स्कूलों की तमाम स्कूल तो अपने ही स्कूल से किताबें व ड्रेसे बेच रहे हैं। कमीशन का खेल इतना गहरा हो गया है कि पेन, पेसिंल से लेकर पूरा कोर्स खरीदने पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। अभिभावकों से वसूली जाने वाली मोटी रकम का हिस्सा स्कूल संचालकों की जेब तक पहुंच रहा है।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान लापरवाही पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई- डीएम

चेतावनी

डीएम व एसपी ने मतगणना एवं पार्टी रवानगी स्थलों सहित नामांकन कक्षों का किया निरीक्षण

मऊ। बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने तहसील मोहम्मदाबाद गोहना एवं सदर के अंतर्गत आने वाली न्याय पंचायतों के मतगणना एवं पार्टी रवानगी स्थलों तथा नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद हेतु निर्धारित मतगणना स्थल एवं नामांकन कक्षों का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

तहसील मोहम्मदाबाद गोहाना के अंतर्गत चिरैयाकोट, वलीदपुर एवं मोहम्मदाबाद गोहना की नगर पंचायतें शामिल है। इन नगर पंचायतों के चुनाव हेतु टाउन इंटर कॉलेज, मोहम्मदाबाद गोहना से पार्टी रवानगी एवं मतगणना कार्य संपन्न किया जाना है। टाउन इंटर कॉलेज में 3 बूथ भी बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को टाउन इंटर कॉलेज के परिसर में साफ-सफाई, कमरों के अंदर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था तथा वाहनों हेतु पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर मतगणना हेतु अलग-अलग नगर पंचायतों हेतु निर्धारित स्थलों का भी निरीक्षण किया। मतगणना हेतु निर्धारित स्थलों से सटे कमरों को स्ट्रांग रूम बनाने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी को सभी स्ट्रांग रूमो को सुरक्षित स्वरूप प्रदान करने हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया, जहां पर पूरे नामांकन की कार्यवाही संपन्न की जानी है। यहां पर नामांकन हेतु तीन अध्यक्ष तथा तीन सदस्य पद हेतु कक्ष निर्धारित किए गए हैं। नामांकन कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षों में उचित दूरी पर बैरिकेटिंग, पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था आदि के निर्देश दिए। तहसील सदर के अंतर्गत भी तीन नगर पंचायतें क्रमशः अदरी, कोपागंज एवं कुथीर्जाफरपुर हैं। इन नगर पंचायतों सहित नगर पालिका परिषद के चुनाव हेतु निर्धारित पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल डीसीएसके पीजी कॉलेज का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इसके अलावा तहसील सदर मुख्यालय स्थित विभिन्न नामांकन कक्षों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को चुनाव से संबंधित सारी तैयारियां समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार अत्री, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना अवधेश कुमार चैहान तथा उप जिलाधिकारी सदर आनंद कनौजिया सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारी टक्क, रेफर

कोपागंज, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के काछी कला पुल के पास मंगलवार साय को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दिया जिससे युवक को गम्भीर चोट आई जिसे स्थानीय लोगों ने लाद फान कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोपागंज ले गए। युवक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया यहां से भी वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया जहा उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई हैं।

बताया जाता है कि नगर के मुहल्ला फत्तनपुरा निवासी पवन कुमार सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व अनंती प्रसाद,जनपद के अमर वाणी संस्था में वालेंटियर के पद पर कार्यरत है जो कल संस्था के काम से भावरकोल गांव के विजिट कर साइकिल से अपने घर वापस आ रहे थे तभी पीछे आ रहे बाइक सवार ने जोरदा टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

अपर निदेशक स्वास्थ्य ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियां देखीं

लिया हाल

लोगों को मच्छर जनित बीमारियों एवं लू से बचने के लिये की अपील

मऊ। जनपद में 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की धरातलीय हकीकत जानने के लिए मंडलीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ ओपी तिवारी ने बुधवार को नगर क्षेत्र के मठिया टोला मोहल्ले तथा कोपागंज ब्लॉक के अलीनगर गांव का दौरा किया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. नरेश अग्रवाल ने दी। सीएमओ ने बताया कि मंडलीय अपर निदेशक ने अभियान के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ), चिकित्साधिकारी सहित एलटी, फार्मासिस्ट, नगरपालिका के कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता के साथ घर-घर जाकर लोगों से उनकी समस्याओं को जाना। क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई व्यवस्था के साथ दवा जांच आदि की सुलभता पर चर्चा की। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के साथ 17 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई तथा लोगों को मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। लोगों को गर्मी में होने वाले रोगों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही आगामी दस्तक अभियान को लेकर मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया आदि के साथ क्षय रोग एवं लू से बचने के लिए जरूरी जानकारी दी। भ्रमण के दौरान साथ रही आशा कार्यकर्ता सरस्वती गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जागरूकता की दिशा में अच्छा कार्य किया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ आरएन सिंह ने बताया कि अधिकतर संचारी रोग मच्छरों से फैलने वाले रोग हैं, जो किसी न किसी रोग जनित कारको (रोगाणुओं) और वायरस के कारण होता है। जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव ने बताया कि जागरुकता व साफ-सफाई के माध्यम से ही संचारी रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए निरंतर अभियान चलाकर समुदाय को पहले से ही जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ बी.के यादव ने बताया कि जन्म से दो वर्ष तक की आयु तक टीकाकरण जेई बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं।

दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

दुखद

सरैला गांव में हादसा मुआवजे को लेकर परिजनों ने किया बवाल

गुस्साए परिजनों ने जेबीसी को किया क्षतिग्रस्त,चालक मौके से फरार

अमजद खान चहारदीवारी के अंदर जेसीबी से भरवा रहे थे मिट्टी

जनसंदेश न्यूज

दीवार गिरने से बच्चों की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

घटना के बाद पहुंचे एसडीएम व पुलिस बल।

सेवराई/दिलदारनगर। थाना क्षेत्र के सरैला गांव में दीवाल गिरने से दीवाल के अंदर दबने से घटनास्थल पर दो बच्चों की मौत तथा दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद गुस्साएं परिजनों ने जेसीबी को क्षतिग्रस्त कर शव रखकर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। जिसके बाद शव को कब्जे में लेने में पुलिस काफी मशक्कत के बावजूद भी शव कब्जे में नहीं ले पायी। थाना क्षेत्र के सरैला गांव में अमजद खान अपने मकान के सटे चहारदीवारी के अंदर जेसीबी द्वारा मिट्टी भरवा रहे थे और कार्य चल रहा था और मिट्टी का दबाव चहारदीवारी पर पड़ने से दीवाल अचानक भरभराकर गिर गई। चहारदीवारी के बाहर गांव के बच्चे खेल रहे थे और दीवाल के गिरने से मलबे में दब गए।

इसके बाद जेसीबी चालक जेसीबी छोड़कर फरार हो गया यह देख लोगों ने दीवाल के गिरे मलबे अंदर दबे बच्चों को निकालने के लिए गांव के लोग दौड़ पड़े दीवाल में दबे चार बच्चों को बाहर निकाला गया। जिसमें अमर उर्फ लालू 7 वर्ष पुत्र झिल्लु बिंद ,प्रदीप 8 वर्ष पुत्र रणजीत बिंद निवासी सरैला की मौके पर मौत हो गई थी तथा पंकज 6 वर्ष, पवन 10 वर्ष पुत्रगण रामशीष बिंद निवासी सरैला को निकाला गया।

गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद अस्पताल लेकर चले गए। इधर गुस्साए लोग जेसीबी को ईट पत्थर से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी बीच इसकी जानकारी पुलिस को होते हैं भारी फोर्स के साथ सरैला गांव पहुंचे और गुस्साए लोगों को शांत कराने में जुटी रही । मृतक बच्चों का शव लेने में जुटे पुलिस घंटों मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन परिजन शव देने से इंकार करते हुए मुआवजे की मांग पर अड़े हुए है।

घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर सेवराई एसडीएम राजेश प्रसाद, नायब तहसीलदार विपीन चौरसिया, तथा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत मौके पहुंच कर शव को कब्जे में लेने का प्रयास विफल रहा।

ट्रैक्टर ने दो बाइक सवारों को कुचला, मौत

सुआपुर के पास हादसे के बाद लोगों की लगी भीड़।

करंडा। थाना क्षेत्र के सुआपुर के पास तेज रफ्तार बोगा ट्राली ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिवारीपुर गांव निवासी चंद्रशेखर प्रजापति(22) पुत्र बिरजू प्रजापति और चंदौली जिले के कढ़ाने बलुआ गांव निवासी अजय प्रजापति उर्फ अलियार (43) पुत्र कन्हैया प्रजापति किसी कार्य से बुधवार को बाइक से नंदगंज जा रहे थे। इस बीच नंदगंज से जमानियां की तरफ तेज रफ्तार से जा रहा बोगा ट्राली लगा ट्रैक्टर सुआपुर के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल सवारों पर चढ़ गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद दोनो युवकों की काफी मशक्कत के बाद शिनाख्त हुई। इधर घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दोनो आपस में रिश्तेदार थे। वह फर्जीचर का कार्य करते थे। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित जमानियां गंगा पुल से अवैध बालू की ढुलाई लगातार चल रही है। पुलिस अवैध बालू तस्करी पर लगाम नहीं लगा पाई है। जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। मृतक के भाई राजू ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं मिला।

ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से चार वर्षीय बालक की मौत


समर की फाइल फोटो

मरदह। थाना क्षेत्र के हैदरगंज गांव निवासी बृजेश राम के दरवाजे पर ट्रैक्टर से भूसा उतारने के दौरान ट्राली के पिछले चक्कें की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। मालूम हो की जंगीपुर थाना क्षेत्र के रजईपुर गांव निवासी गौतम कुमार राम का छोटा पुत्र समर उर्फ छोटू 4 वर्ष 4 दिन पूर्व अपनी बुआं मेनका देवी पत्नी बृजेश राम के साथ मरदह थाना क्षेत्र के हैदरगंज गांव के सिपाही के पूरा दलित बस्ती में आया हुआ था। बुधवार की सुबह लगभग दस बजे खुद बृजेश राम के दरवाजे पर ट्रैक्टर ट्राली से भूसा लादकर उतारा जा रहा था। इसी दौरान चालक ट्रैक्टर को आगे पीछे कर रहा था,तभी पिछले ट्राली के चक्के की चपेट में आने से चार वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद जिला अस्पताल मऊ ले जा गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही मौके की नजाकत देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। काफी देर बाद परिजनों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।घटना के बाद मृतक समर उर्फ छोटू की माता संगीता देवी,पिता गौतम राम,बड़ा भाई सत्यम राम काफी दुःखीत नजर आएं। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है,पिता के तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया, वाहन पुलिस के कब्जे में है,आरोपी चालक की तलाश जारी है, जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगा।

उपडाक घर से लेन-देन प्रभावित,उपभोक्ता परेशान

संकट

उच्चाधिकारियों की लापरवाही से उपडाक घर में प्राब्लम

मुहम्मदाबाद। स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत दो डाकघर ग्राहकों को सुविधाएं देने में कामायाब साबित हो रहा है। उप डाकघर पर सर्वर डाउन रहने से ग्राहकों को लेन-देन में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है। सौर ऊर्जा के भरोसे उप डाकघर अपने आप पर आंसू बहा रहा है। बिजली जाने के बाद नेट की कनेक्टिबिटी कायब हो जाता है।

यहीं नहीं यहां पर कर्मचारियों की कमी से विभाग परेशानियों को सामना कर रहा है। बतादें कि उप डाकघर फाटक एवं ट्रामा सेंटर मुहम्दाबाद-चितबड़ागांव पर समस्याओं का मकड़जाल है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी उपभोक्ता डाकघर में आते हैं। डाकघर में नए खाता खोलने के लिए ना तो खाता है ना फार्म है। सौर ऊर्जा से चलने वाली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। पोस्ट मास्टर ने बताया कि विगत कई माह से इस डाकघर की व्यवस्था खराब है। विद्युत आपूर्ति का तार जर्जर होने के कारण हमेशा विद्युत आपूर्ति बंद रहती है। यहां कर्मचारियों की भी कमी है। इसके अतिरिक्त विभाग के उच्चाधिकारी शांत बैठे हैं। प्रत्येक दिन सैकड़ों उपभोक्ता कार्य ना होने के कारण वापस लौटते हैं। उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सर्वर डाउन होने के कारण पैसे के लेनदेन भी प्रभावित होते हैं। विगत एक माह से यहां हमेशा सर्वर डाउन हो रहा है। उपभोक्ताओं ने कहा कि गर्मी में आने के बाद कार्रवाई ना होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

पैथोलॉजी संचालक पर युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोपी, मुकदमा

सेवराई। गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भदौरा बाजार में एक पैथालॉजी संचालक द्वारा एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर गहमर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुहवल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने गहमर थाने में तहरीर दिया कि भदौरा बाजार में एक पैथोलॉजी चलाने वाले अमित कुमार राय पुत्र कमलापति राय निवासी नरायनापुर थाना जमानिया ने उसके पैथोलॉजी में काम करने के दौरान शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा एवं जब वह गर्भवती हो गई तो दवा देकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता द्वारा बार-बार शादी का दवाब देने पर वह मुकर गया। मंगलवार की शाम पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ गहमर थाने में नामजद तहरीर दी। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तार कर लिया गया है एवं आगे के विधिक कार्यवाही की जा रही है।

टिकट को लेकर प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कन, नींद उड़ी

अब क्या होगा

दावेदारों की लगी होड़ आला नेताओं को हाथ रहे जोड़

चुनाव की तिथि घोषित होते ही दलों में मंथन

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित होते ही हर दल में टिकट को लेकर मंथन शुरू हो गई है। पर्दे के पीछे से दावेदारों ने पैरवी शुरू कर दी है। दावेदार आला नेताओं की परिक्रमा शुरू कर दिए है।

नगर निकाय चुनाव भाजपा लोकसभा सेमीफाइनल मानकर चल रही है। टिकट को लेकर जिताऊ प्रत्याशी पर ही अपना दाव लगाना चाहती है। पार्टी के आलाकमान जिला समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं समिति में एमएलसी और जिले के सभी पूर्व विधायकों सहित बड़े नेताओं को शामिल किया गया है। क्षेत्रीय नेताओं का भी विचार जाना जा रहा है। नगर पालिका गाजीपुर की टिकट दावेदारों की बात करें तो 23 लोगों ने आवेदन किया है। जिस पर विचार चल रहा है।

इधर मुख्य विपक्षी पार्टी सपा भी सीट बढ़ाने को लेकर क्षेत्रीय नेताओं से सर्वे करा रही है। नगर निकाय चुनाव में मजबूत दावेदारों की तलाश में है। जो भाजपा के नेताओं को टक्कर दे सकें। हालांकि सपा सातो सीटो पर 2022 विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। जिससे इनका मनोव्वल बढ़ा हुआ है। कांग्रेस और बसपा की बात करें तो वह भी कार्यकर्ताओं और नेताओं की टीम बनाकर विचार कर रहे है।

चैयरमैन की कुर्सी पर हर दल की निगाहें

भाजपा गाजीपुर नगरपालिका में मजबूत दावेदारों में दो बार से विजेता रहे विनोद अग्रवाल और नए चेहरों में सेनेटाइजर मैन के नाम से प्रसिद्ध निशान्त सिंह का भी नाम शामिल है। इसके अलावा संतोष जायसवाल , गुड्डू केसरी, गिरधारी जायसवाल,अर्जुन सेठ सहित दो दर्जन नाम है। समाजवादी पार्टी में विवेक सिंह सम्मी, डॉ समीर सिंह, आमिर अली, गोपाल यादव,दिनेश यादव सहित दर्जनों नाम है। वहीं बसपा से शरीफ का भी नाम चल रहा है। चैयरमैन की कुर्सी पाने के लिए हर बेताब है। देखना है कि इस बार कौन दल का बनेगा गाजीपुर नगर पालिका का चेयरमैन।

संक्षेप

तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद। पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण के कुशल दिशा निर्देशन में अपराध को रोकने व अपराधियों को धर पकड़ अभियान के अंतर्गत चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह ने तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह अपने हमराही कर्मचारी गण के साथ क्षेत्र की देखभाल तथा नगरपालिका चुनाव के दृष्टिगत कस्बा मुहम्दाबाद में भ्रमणशील थे ।अचानक मुखबिर खास ने उन्हें सूचित किया कि एक व्यक्ति जो पहले भी चोरी में जेल जा चुका है, वह कोटिया चट्टी पर खड़ा है। उसके पास नाजायज तमंचा-कारतूस है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कोटिया चट्टी से दर्जी मोहल्ला वार्ड नंबर नौ निवासी जावेद अंसारी पुत्र नूर उल हुदा अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

एटीएम कार्ड से हेराफेरी करने वाला गिरफ्तार

सैदपुर। पुलिस ने एटीएम की हेराफेरी करके आम जनता के खाते से पैसा उड़ाने वाला चोर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है ।उ.नि रामकुमार दुबे मय थाना सैदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पंकज यादव पुत्र नन्हकू यादव निवासी ग्राम हमजापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर (25) को चार एटीएम कार्ड व तमंचा-कारतूस के साथ घटनास्थल यूबीआई का एटीएम कस्बा सैदपुर थाना सैदपुर के पास से पाया गया।

तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ाया

दुल्लहपुर। पुलिस ने आरोपी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी सादात द्वारा देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि जरिये मुखबीर सूचना पर समता डिग्री कालेज के आगे रेलवे क्रासिंग के पास मोड पर बहद ग्राम मरदापुर के पास से अभियुक्त अशरफ नट पुत्र मुमताज अहमद ग्राम निजामुद्दीनपुर थाना दुल्लहपुर को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

550 ग्राम गांजा के साथ पकड़ाए

जमानियां। पुलिस ने दो अभियुक्तों ने तमंचा-कारतूस एवं चोरी के बाइक एवं 550 ग्राम गांजा के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी जमानियां व प्रभारी निरीक्षक जमानियां के कुशल निर्देशन में बुधवार को मुखबीर की सूचना पर अभियुक्तगण श्रीनाथ बिन्द पुत्र राम ललित बिन्द निवासी ग्राम तियरी थाना जमानियाँ, अमरनाथ बिन्द पुत्र रामचरन बिन्द निवासी ग्रा. तियरी थाना जमानियाँ को पुलियाँ फुफुआंव जाने वाली सड़क पर से गिरफ्तार कर उपरोक्त माल को बरामद किया गया।

बच्ची के साथ दुराचार करने वाला धराया

बिरनो। पुलिस ने मासूम बच्ची के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भे दिया और पीड़िता बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उ.नि मुन्ना लाल शर्मा थाना बिरनो मय हमराह देखभाल क्षेत्र,व भ्रमण के दौरान मुखबीर की सूचना पर रेलवे स्टेशन से अभियुक्त अम्बरीश यादव पुत्र योगेन्द्र यादव निवासी सराय गोविन्द भिटवा थाना शादियाबाद को गिरफ्तार किया।

तीन भैंस चोरी

बिरनो। थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी रामप्रताप चौहान एक भैंस एवं सिहाबारी गांव निवासी परबंश यादव की दो भैंस अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात मंगलवार को चोरी कर रफुचक्कर हो गए। पीड़ित व्यक्ति द्वारा थाने में लिखित तहरीर दे दी गई है। थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि भैंस चोरी की जानकारी है। मामले को संज्ञान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नामांकन स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

गाजीपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्णढंग से संपन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने हो रहे नामाकंन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर पालिका जमानियॉ में नामांकन स्थल पर पहुचकर नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया एवं नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। कोई भी व्यक्ति नामांकन के समय विरोध उत्पन्न करना है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के शत प्रतिशत निदेर्शों का पालन किया जाय।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर 18 को होगी बैठक

गाजीपुर। पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि उ.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। उक्त के अनुपालन में जनपद में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में बैठक जनपद न्यायालय गाजीपुर के दस कक्षीय सभागार में 18 अप्रैल को अपराह्न 1:30 बजे आयोजित की जायेगी।

ब्रेन हैमरेज से सब इंस्पेक्टर की मौत



कासिमाबाद। कोतवाली क्षेत्र के अबिसहन गांव निवासी विजय शंकर सिंह के पुत्र अनिल सिंह का ब्रेन हेमरेज से इलाज के दौरान मंगलवार को ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दी। बता दे की अनिल सिंह बाराबंकी जनपद के मसौली थाने पर सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। बीते दिनो प्रभारी इंचार्ज के अवकाश काल के दौरान मसौली थाने का प्रभारी चार्ज बनाए गए थे। चार दिन पहले उनके हमराही द्वारा ब्रेन हेमरेज की सूचना परिजनों को मिली। जिस दौरान विभाग के आला अधिकारियों के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की देर शाम दम तोड़ दी। मंगलवार की देर रात मृतक दरोगा का शव गृह जनपद गाजीपुर क्षेत्र के अविसहन गांव लाया गया। जहां बुधवार के दिन पुलिस विभाग के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान दिया गया। मृतक अनिल सिंह के बड़े पुत्र अजीत सिंह ने बताया कि 6 माह पूर्व बाराबंकी जनपद के मसौली थाने पर उनकी तैनाती थी। मृतक अनिल सिंह के 2 पुत्र है बड़ा पुत्र अजीत सिंह एलएलबी कर रहे हैं तो वही छोटा पुत्र अमित सिंह पढ़ाई करते है । मृतक की पत्नी शांति देवी और मां पुष्पा देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जवान का अंतिम संस्कार गाजीपुर श्मशान घाट पर किया गया। बड़े पुत्र अजीत सिंह ने मुखाग्नि दी। इस दुखद घटना को लेकर पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

ठेकेदार ने की खुदकुशी की कोशिश

श्रीप्रकाश सिंह।


सुसाइड नोट।

गाजीपुर। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार ने अधिकारियों के प्रताड़ना से आजिज होकर विशाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। घटना के बाद परिजनों ने जमानियां मोड़ स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। जहां वह मौत की जंग लड़ रहें है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ठेकेदार ने आत्महत्या की कोशिश से पहले सुसाइड नोट भी लिखा है। जिसमें तीन अधिकारियों की सारी गतिविधियां बयां की है। लेटर में बताया है कि किस प्रकार ठेकेदारों को अधिकारी प्रताड़ित करते है। वहीं उनके बड़े पुत्र ने सुसाइड नोट के साथ तीन चिन्हिंत अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र दिया है।

नोनहरा थाना क्षेत्र के बवाड़े गांव निवासी श्रीप्रकाश सिंह (50)पुत्र स्व.महावीर सिंह पीडब्ल्यूडी के क्लास-2 के ठेकेदार है। वर्तमान में सोनभद्र जिले में अपने फर्म बजरंग कंस्ट्रक्शन पर प्रांतीय खंड में निर्माण कार्य कराएं थे।

जिनके भुगतान को लेकर अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। जिससे तंग आकर वह आठ दिनों से अपने पैतृक गांव ही रहें थे। बीते मंगलवार को आर्थिक तंगी से आजिज आकर तीन बजे सुसाइड नोट में अधिकारियों की कारस्तानी लिखकर विशाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिनका इलाज जमानियां मोड़ स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों सहित ठेकेदारों की भीड़ जुटी रही।

अधिकारियों की संपत्ति की हो जांच

वहीं पीड़ित के बड़े पुत्र विकास सिंह ने बुधवार को पुलिस कप्तान को तहरीर देकर सोसाइड नोट में लिखें तीन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इसके साथ ही अनुरोध किया है कि रिश्वतखोर अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच हो। जिससे और कोई ठेकेदार का परिवार असहाय ना हो।

टीएस और विधायक के नाम पर लिए 35 लाख

पीड़ित श्रीप्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित सुसाइड नोट में लिखा है कि सोनभद्र के प्रांतीय खंड में हमारे फर्म पर नौ अनुबंध गठित हुआ। जिसमें तत्कालीन अधिशासी अभियंता चन्द्रप्रकाश, वर्तमान सहायक अभियन्ता टीपी सिंह एवं अवर अभियन्ता छब्बुलाल द्वारा टीएस के लिए 25 लाख और विधायक अनिल मौर्या को देने के लिए दस लाख लिए गए। जो अनुबंध गठित होने के बाद निकालने की बात कही गई। जिसे आज तक नहीं निकाला गया। यह कार्य हर ठेकेदार के साथ होता है।

पीड़ित ने मुख्यमंत्री को यह भी लिखा है कि सरकार से अधिकारियों को जो छूट मिला है। उसका नाजायज फायदा उठा रहें है। आगे और लोगों के सामने ऐसा संकट आएगा। अनुरोध किया कि मेरा सभी पैसा निकलवा कर मेरे तीनों बच्चों को दिला दें।

कार्यदायी संस्था सहित अज्ञात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

सेवराई। गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देवल गांव में शुक्रवार की रात्रि एचटी तार के संपर्क में आने से हुई विद्युत कर्मी की मौत के बाद उसकी पत्नी के तहरीर पर गहमर पुलिस ने कार्यदायी संस्था एवं विभाग के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञात हो कि विगत शुक्रवार को संविदा विद्युत कर्मचारी राम सुरेश चौधरी बिजली बनाने का कार्य कर रहा था। तभी उप केंद्र पर तैनात विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही के कारण तार में करंट आ गया और वह बुरी तरह से झुलस गया। वाराणसी में इलाज के दौरान रविवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी शारदा देवी ने गहमर थाने में कार्यदायी संस्था भारत इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर राहुल कुमार एवं सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मृतक की पत्नी शारदा देवी के तहरीर पर भारत इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर राहुल कुमार एवं उप केंद्र पर तैनात अज्ञात अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ धारा 304 ए के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे

सुहवल। ब्लॉक क्षेत्र के रमवल गाँव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर अभिभावकों सहित अन्य लोगों को जागरूक किया।इस दौरान गांव की गलियां पापा-मम्मी हमें पढ़ाओ, विद्यालय जरूर पहुंचाओ और आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे के नारों से गूंज गया।प्रधानाध्यापक जयप्रकाश ने रैली को झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस दौरान परिषदीय स्कूलों में छह से 14 वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर छात्र हाथों में नारे लिखे ह्यआधी रोटी खायेंगे, पढ़ने जरूर जायेगेह्न, ह्यनारी को भी पढ़ना है, देश को आगे बढ़ाना हैह्न आदि नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रधानाध्यापक जयप्रकाश ने कहा कि शिक्षा हमें योग्य नागरिक बनाती है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपने बच्चों खासकर लड़कियों को स्कूल जरूर पढ़ने भेजें। कहा कि प्रदेश की सरकार की मंशा है कि हर लड़का लड़की स्कूल पढ़ने जरूर जाए। इसी लिए सरकार कक्षा आठ तक की लड़कियों, लड़कों को मुफ्त शिक्षा के साथ उनको मिड डे मील, निःशुल्क पुस्तकें, बैग, ड्रेस, जूता मौजा आदि सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह बच्चों को पढ़ने जरूर भेजें। इस अवसर पर पंकज कुमार श्रीवास्तव, किरन शर्मा ,निकहत परवीन आदि मौजूद रहे।खरीदे व जमा किए जा सकते हैं ।

विद्यालय से स्कूल चलो रैली निकालते शिक्षक-विद्यार्थी।

कच्ची शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

धराए

एसडीएम के नेतृत्व में चल रहा था चेकिंग अभियान

कासिमाबाद। नगर निकाय चुनाव को संपन्न कराने हेतु अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कासिमाबाद एसडीएम के नेतृत्व में मय पुलिस बल के साथ कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 3 अभियुक्तों को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों से 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। सिउरा गांव से बहादुरगंज वार्ड नंबर 8 निवासी एकलाख अहमद पुत्र मोहम्मद अजहर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ तो वहीं परजीपार तिराहे से संतोष राजभर पुत्र रामबदन राजभर निवासी शुकहा के पास से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तीसरा अभियुक्त मुहम्मदपुर पुलिया के पास से आलोक राजभर पुत्र राधे राजभर निवासी चुरामपुर के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवैध अवैध शराब और अवैध शस्त्र चेकिंग अभियान के तहत सिधागर घाट, बहादुरगंज ,वेद बिहारी पोखरा, धारवार कला पुलिया सहित अन्य जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया है।

यह अभियान लगातार चलेगा। इस मौके पर एसडीएम वीर बहादुर यादव, प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा मय पुलिस पार्टी बल समेत मौजूद रहे।

छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन न होने से आवेदन लंबित

गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी, राम नगीना यादव ने बताया है कि दशमोत्तर अनुसूचित जाति के साथ-साथ दशमोत्तर अनुसूचित जनजाति के छात्रों के निम्न विवरण के अनुसार पोर्टल खोले जाने हेतु समय सारिणी तैयार की गयी है जो निम्नवत है। जिसमें शिक्षण संस्था स्तर पर अग्रसारण न होने के कारण लम्बित आवेदन, परीक्षाफल विलम्ब से घोषित होने के कारण लम्बित आवेदन, विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर सीट की संख्या/छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन न होने के कारण लम्बित आवेदन, पीएफएमएस पर पेंन्डिग/रिजेक्शन है। उन्होने बताया कि शिक्षण संस्थान द्वारा आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का 17 से 19 अप्रैल तक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा-11,12 हेतु) एवं सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा संस्था की मान्यता, पाठ्यक्रम का वर्ष एवं अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन सत्यापित करना। अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों संस्थाओं को ब्लॉक करने की तिथि 20 से 1 मई तक निर्धारित है।

कानपुर प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं ने ठोकी ताल

सिविल बार संघ भवन पर बैठक के दौरान अधिवक्ता।

गाजीपुर। सिविल बार संघ व सेन्ट्रल बार संघ की संयुक्त बैठक सिविल बार संघ भवन पर बुधवार को आहूत की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पास कर अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक से दूरी बनाएं रहे। कानपुर के अधिवक्ता संघ द्वारा पूरे प्रदेश में पत्र भेज कर सभी संघों के अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ने को एकजुट हो कर संघर्ष करने का अनुरोध किया था। कानपुर के पत्र को संज्ञान को लेते हुए सिविल बार संघ और सेंट्रल बार संघ में एकजुट हो कर प्रस्ताव पास किया। कानपुर के जिला जज संदीप जैन के आचरण एवं व्यवहार तथा अधिवक्ताओं के प्रति अमर्यादित भाषा शैली एवं विधि विरुद्ध तरीके से न्यायिक सिद्धान्तों के विपरीत जानबूझ कर आदेश पारित किये जाने एवं अष्टाचार के कारण कानपुर के अधिवक्ता अत्यन्त ही क्षुब्ध एवं आक्रोश से भरे होने के कारण अधिवक्ताओं की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कानपुर बार एसोसिएशन एवं दि, लायर्स एसोसिएशन द्वारा जिला जज से मिलकर, पत्राचार करके तथा उनके कृत्यो से अवगत कराने के लिये मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय प्रयागराज, मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली, अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ इण्डिया एवं अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उप्र को पत्राचार किया गया। किन्तु जिला जज द्वारा अपने आचरण एवं व्यवहार में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अथवा सुधार नहीं किया गया। बैठक में श्रीश कुमार, धीरेंद्र नाथ, राजेश, सुरेश, गंगेश्वर शरण, चंद्रबली, वीरेंद्र, रघुपति, राजेंद्र विक्रम, ओमप्रकाश, अशोक भारती, राजकुमार, पंकज आदि रहें। अध्यक्षता सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुधाकर राय एवं संचालन कोषाध्यक्ष संजय सिंह कुशवाहा ने किया।

दुल्लहपुर थानाध्यक्ष के खिलाफ अधिवक्ता लामबंद

अधिवक्ता देवी प्रसाद राय के प्रकरण में थानाध्यक्ष दुल्लहपुर द्वारा मनमानी व अनैतिक कृत्य तथा न्यायालय के आदेश के विरूद्ध मौके पर जाकर अपने प्रभाव का प्रयोग कर अवैध निर्माण कराने की निन्दा की। प्रकरण की जांच कराकर थानाध्यक्ष दुल्लहपुर के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना चाहिए।

जनसंपादकीय

यूक्रेन युद्ध और वैश्विक कूटनीति

प्रभात कुमार रॉय

यूरोपीय यूनियन के अनेक राष्ट्रों ने प्रारम्भ में भारत से बड़ी कूटनीतिक उम्मीद लगाई थी कि भारत वस्तुतः यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक कूटनीतिक पहल अंजाम देगा. इस उम्मीद का सबसे अहम प्रस्थान बिंदु रहा कि भारत के रुस के साथ अत्यंत मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दूसरी तरफ नॉटो राष्ट्रों के साथ भी भारत के मधुर कूटनीतिक संबंध कायम रहे हैं. अतः भारत को एकमात्र ऐसा देश समझा गया, जोकि विश्व पटल पर किसी सैन्य गुटबंदी में कभी शामिल नहीं रहा. दुर्भाग्य से यूक्रेन युद्ध पर भारत द्वारा केवल शांति और सौहार्द का पैगाम तो दिया जाता रहा, किंतु भारत द्वारा यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की खातिर कोई कारगर कूटनीतिक पहल कदापि अंजाम नहीं दी गई. भारत को विश्वगुरु बन जाने कारूवाब दिखाने वाली पाखंडी नरेंद्र मोदी हुकूमत, वस्तुतः यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने की कोई कूटनीतिक शानदार पहल करने की हिम्मत तक नहीं जुटा सकी. विनाशकारी यूक्रेन युद्ध को प्रारम्भ हुए एक वर्ष से अधिक वक्त व्यतीत हो चुका है. राष्ट्रपति पुतिन ने इस उम्मीद के साथ यूक्रेन पर सैन्य धावा अंजाम दिया था कि रुसी सेना कुछ ही वक्त में यूक्रेन की राजधानी कीव पर आधिपत्य स्थापित करके, यूक्रेन के राष्ट्रपति वॉल्दोमीर जेलेंस्की को घुटने टेकने पर विवश कर देगी. किंतु ऐतिहासिक नीयति को कुछ और ही मंजूर था. यूक्रेनियों के अनुपम वीरता एवं शानदार हौसले और अमेरिका के नेतृत्व में नॉटो राष्ट्रों द्वारा यूक्रेन को आधुनिकतम हथियारों की निरंतर आपूर्ति ने वस्तुतः पुतिन की यूक्रेन को जल्द फतह कर लेने की सैन्य महत्वाकांक्षा को अभी तक पूरा नहीं होने दिया. रुसी सेना द्वारा यूक्रेन के अनेक इलाकों को पूरी तरह से तबाहो बरबाद करके रख दिया है. यूक्रेन युद्ध ने वहीं यूरोप को भी आर्थिक बरबादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है.

यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए यूरोपीयन यूनियन के अनेक देशों ने भारत की तरफ से निराश होकर अब चीन की तरफ देखना शुरु कर दिया है. हालांकि चीन वस्तुतः रुस का निकट सैन्य सहयोगी देश रहा है, जोकि यूक्रेन युद्ध के संपूर्ण दौर में रुस की सेना को अत्याधुनिक अस्त्र शस्त्रों की अबाध आपूर्ति करता रहा है. यहां तक नॉटो सैन्य संगठन के अग्रणी राष्ट्र अमेरिका के साथ चीन का सैन्य तनाव ताइवान के कारण चरम बिंदु पर कायम है. चीन की इस समस्त विवादित पृष्ठभूमि के बावजूद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लियेन चीन की तीन दिन की कूटनीतिक यात्रा पर बीजिंग पधार गए. इस कूटनीतिक यात्रा का स्पष्ट मकसद है कि विश्व पटल पर चीन को यूक्रेन युद्ध में एक शांति दूत का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह से राजी करना. यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय यूनियन और चीन के संबंधों में लगातार आ रही कूटनीतिक निकटता के मध्य फ्रांस के राष्ट्रपति और यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा की चीन यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण समझा गया है. माह फरवरी में अमरीका के वायुक्षेत्र में उड़ रहे चीन के निगरानी बैलून को मार गिराए जाने के कारणवश अमरीका और चीन के संबंधों में और भी अधिक तल्खी आ गई है. बीजिंग रवाना होने से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने फोन पर अमरीकी राष्ट्रपति से बातचीत की थी और यूक्रेन युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के कूटनीतिक प्रयासों में चीन को भी शामिल करने पर बाकायदा परस्पर सहमति बन गई है. फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने भी हाल में चीन की कूटनीतिक यात्रा अंजाम दी थी. विश्वपटल पर चीन की कूटनीतिक स्थिति का यूक्रेन युद्ध में अत्याधिक महत्व बढ़ गया है. अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता के कारण भारत यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में अपने कूटनीतिक महत्व को तकरीबन खो चुका है. वॉशिंगटन पोस्ट की एक ताजा रिपोर्ट में मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों वस्तुतः चीन की वर्तमान कूटनीतिक स्थिति तो परिवर्तित नहीं कर सकते हैं, लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि उनके प्रयास से चीन को रुस की तरफ और अधिक झुकने से रोका जा सकेगा. स्पष्ट है कि चीन उन चुनिंदा देशों में, जिसमें भारत भी शामिल रहा है, एक देश है जो यूक्रेन युद्ध में किसी भी दिशा में गेम चेंजर जैसा निर्णायक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है.

अंतराष्ट्रीय पटल पर यूक्रेन एक बड़ा सैन्य अखाड़ा बन गया है, जिसमें वैश्विक सैन्य समीकरण तय करने के प्रयास हो रहे हैं. यूक्रेन युद्ध को रोकने की बहुत बड़ी तड़प और बेचैनी समस्त यूरोप में स्पष्ट दिखाई दे रही है और नाटो सैन्य संगठन के कुछ देश इसके लिए कुछ अलग हट कर प्रयास कर रहे हैं. चीन की यूक्रेन युद्ध का निदान करने के लिए कूटनीतिक सक्रियता कुछ यूरोपीय देशों के लिए उम्मीद की किरण लेकर लाई है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की चीन यात्रा पर यूक्रेन संकट के लिहाज से पूरी दुनिया खास तौर से यूरोप की निगाहें लगी हुई हैं. क्या राष्ट्रपति मैक्रों इस दिशा में कुछ भी हासिल कर सकेंगे? राष्ट्रपति मैक्रों की कोशिश रही है कि वह राष्ट्रपति जिनपिंग को कूटनीतिक तौर पर राजी करें कि वह यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए और अधिक सक्रिय हो जाएं तथा राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए राजी करने की कोशिश करें. इससे पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी जिनपिंग से बाकायदा यही गुजारिश कर चुके हैं कि वे यूक्रेन जाकर व्लादिमीर जेलेंस्की से मिलें. खुद जेलेंस्की भी जिनपिंग से यूक्रेन पधारने की गुजारिश कर चुके हैं. राष्ट्रपति मैक्रों पहले स्वयं भी पुतिन को युद्ध रोकने के लिए राजी करने की पहले ही नाकाम कोशिश कर चुके हैं, लेकिन फिर भी वह उम्मीद कर रहे हैं कि जिनपिंग संभवतया पुतिन को यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए मना सकते हैं. फ्रांस को राष्ट्रपति का मानना है कि वे चीन को रुस की ओर अधिक नहीं झुकने के लिए तो कम से कम मना ही लेंगे. यूक्रेन युद्ध के कारण सारे यूरोप में उर्जा संकट और महँगाई चरम बिंदु को स्पर्श कर रही है. यूरोपीय यूनीयन के देशों में सरकारों के विरुद्ध जबरदस्त नागरिक प्रदर्शन जारी रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन पर निर्णायक विजय हासिल करने पर आमादा रहे हैं. पुतिन द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां दुनिया को तृतीय विश्वयुद्ध में झोंक सकती है.

(लेखक नेशनल सिक्योरिटी कॉउंसिल के सदस्य रहे हैं)

फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का शॉर्टकट नहीं

समय- संदर्भ

जयप्रकाश नारायण

बात हो रही थी कि इस वर्ष 2022 की तरह से उन्मादी समूहों द्वारा जनता पर नए सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतिबंध थोपने की कोशिश नहीं हुई, न ही उन्मादी भीड़ के बल पर इन्हें लागू कराया गया। कहीं भी अन्य धर्मों के लोगों को चेतावनी नहीं दी गई कि वह नवरात्र के पवित्र समय में खानपान और धार्मिक व्यवहार बदल लें। अभी तक हिंदुओं के पूजा स्थल के आसपास फल, सब्जियां आदि बेचने वाले मुस्लिम दुकानदारों को खदेड़ने जैसी घटनाएं नहीं दिखाई दीं।

कुछ आश्चर्य सा लग रहा था कि सत्ता समर्थक विध्वंसक दस्ते इतने शालीन और सभ्य कैसे हो गये हैं। क्या इसके पीछे कोई सोची-समझी रणनीति है? कुछ का कहना था कि शायद चुनाव को देखते हुए वे दिखाने के लिए एक कदम पीछे हटे होंगे क्योंकि कुछ दिनों से मोहन भागवत से लेकर नरेंद्र मोदी तक की भाषा में अल्पसंख्यकों के प्रति एक बदलाव सा दिख रहा है। कुछ खास फिरके के मुस्लिम उलेमा या मौलाना सरकार? और संघ के प्रतिनिधियों से मिलते भी रहे हैं । स्वयं भागवत साहब मस्जिद तक की यात्रा कर आए हैं। संभवतः मुस्लिम धर्मगुरु संघ के साथ संबंध और संवाद विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं ।

हो सकता है कि इन प्रयासों का यह स्वाभाविक परिणाम हो कि इस वर्ष नवरात्रि-रामनवमी और हनुमान जयंती शांतिपूर्वक गुजर जाये लेकिन यह खुशफहमी दूसरे दिन ही कपूर की तरह हवा में उड़ गई ।

इन्हीं 9 दिनों में सरकार की तरफ से एक सूचना लीक की गई कि एनसीआरटी की किताबों से मुगलकालीन इतिहास, समन्वयवादी संस्कृति और अन्य ऐसे विचारों को हटाया जा रहा है जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रहे। इस खबर से दिमाग पर एक हल्का सा बल तो पड़ा था कि इतिहास, स्मृति, मिली जुली संस्कृति और सभ्यता? के विकृतिकरण और विलोपन के दौर में क्या यह एक बड़ा हमला होने जा रहा है।

दूसरे ही दिन बिहार, बंगाल व महाराष्ट्र को निशाने पर ले लिया गया। चूंकि भाजपा के तख्ता पलट अभियान को पीछे धकेलते हुए बिहार में महागठबंधन की सरकार बन गई थी जो भाजपा के भारत विजय अभियान में बड़ी बाधा है। इसलिए बिहार में संघ परिवार ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करके यह दिखा दिया कि उनकी क्षमता को कम करके आंकना किसी भी राजनीतिक-सामाजिक ताकत के लिए आत्मघाती होगा। लक्ष्य कितना सुव्यवस्थित और सुचिंतित था कि इससे समझा जा सकता है कि बिहार के दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामिक सभ्यता के केंद्रों सासाराम और बिहारशरीफ दंगे की चपेट में आ गए। सासाराम को शेरशाह सूरी की राजधानी के रूप में जाना जाता है। उसके छोटे से काल की उपलब्धियां महान समझी जाती हैं। इसलिए कहीं भी मुस्लिम शासकों के प्रति भारतीय जनमानस में सकारात्मक नजरिया है तो उसे मिटा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया और बिहार में सासाराम को चुना गया।

सासाराम में रामनवमी का जुलूस मुस्लिम बहुल इलाके से गुजरा। नफरती-विखंडित सांस्कृतिक चेतना के कारण वे मस्जिदों-दरगाहों के सामने और मुस्लिमों के मुहल्लों में पहुंचते ही आक्रामक हो जाते हैं। जुलूस में डीजे की धुन तेज हो जाती है। इन नौजवानों पर पागलपन और उन्माद छा जाता है। एक आभासी और आरोपित नफरती चेतना मनुष्य को किस तरह से हिंसक जीव में बदल देती है, यह धार्मिक जुलूस में चल रहे तलछट के नौजवानों को देखकर समझा जा सकता है। आमतौर पर सभी संप्रदायों और धर्मों में यह प्रवृत्ति दिखाई देती है।

आश्चर्य है कि गठबंधन सरकार की पुलिस सासाराम में भाजपा की विंग की तरह से काम करती हुई दिखी |महिलाओं व बच्चों के डरावने अनुभवों की जो रिपोर्टें सोशल मीडिया से छनकर आईं हैं, वह भविष्य के अशुभ संकेत हैं। मुस्लिम महिलाओं बच्चों के साथ पुलिस की बर्बरता के निशान हर जगह दिखाई दे रहे हैं। यह कानून के माथे पर लगा कलंक ही नहीं लोकतंत्र की छाती पर लगे गहरे घाव हैं।

नालंदा के बिहार शरीफ में मदरसे और पुस्तकालय पर हुआ हमला शुद्धि व सांस्कृतिक सफाई अभियान का प्रत्यक्ष उदाहरण है। आश्चर्य है कि महागठबंधन सरकार इतने बड़े विध्वंस को रोक पाने में असफल रही। रामनवमी के दूसरे दिन मदरसा और पुस्तकालय को जला दिया गया। जिला प्रशासन किंकर्तव्यविमूढ़ और मूकदर्शक बना देखता रहा। इस स्थिति को देखते हुए नौकरशाही के प्रशासनिक दक्षता और क्षमता पर गंभीर सवाल उठते हैं जबकि उस समय तक सासाराम सहित बिहार के कई जिलों से मुस्लिमों पर हमले और पुलिस की संलिप्तता की खबरें आ चुकी थी। फिर भी पुस्तकालय और मदरसे को बचा न पाना बिहार सरकार सहित इस देश के लिए गंभीर चिंता का सबब होना चाहिए।

मदरसा अजीजिया और पुस्तकालय 1896 में बिहार के सबसे बड़े दानी और धनी महिला बीबी सोगरा द्वारा अपने पति अब्दुल अजीज की याद में कायम किया गया था। उस समय उन्होंने सोगरा स्टेट ट्रस्ट बनाकर अपनी सारी जायदाद ट्रस्ट को वक्फ कर दी थी। इस संपत्ति की सालाना आमदनी एक लाख बीस हजार थी। ट्रस्ट द्वारा मदरसा अजीजिया और कई संस्थान संचालित होते हैं जिसमें एक हाई स्कूल और एक कॉलेज भी है । मदरसे में 500 लड़के-लड़कियों के पढ़ने की क्षमता है ।

1920 में बिहार में मदरसा बोर्ड बना और उसके अधीन मदरसा को भी ला दिया गया। लेकिन मदरसे का संचालन सोगरा वक्फ स्टेट्स बिहार शरीफ नालंदा ही करता रहा। बिहार के अनेक महान व्यक्तित्व और विभूतियां मदरसा अजीजिया से पढ़कर निकले हैं जिन्होंने भारत में अपना नाम रोशन किया था। बिहार शरीफ का यह मदरसा और पुस्तकालय सामान्य पुस्तकालय नहीं था। इसमें हमारी गौरव शाली विरासत के हजारों दस्तावेज संरक्षित थे। पटना की खुदाबख्श लाइब्रेरी के बाद यह बिहार का सबसे बृहद समृद्ध पुस्तकालय है जहां हाथ से लिखी पांडुलिपियां, पुस्तकें, दस्तावेज और आजादी से लेकर आज तक की अनेक गौरवशाली स्मृतियां संरक्षित थीं। दुर्लभ कलाकृतियां वाली फर्नीचर, आलमारिया और अनेक ऐसी ऐतिहासिक संपत्ति जला दी? गयी जो अपने अंदर अनेक अनुभव समेटे हुए थी। एक पूरी तारीख को ही मिटा दिया गया है।

यह पुस्तकालय और मदरसा इस धारणा को खंडित करता है कि मुस्लिम इदारे इमदाद या चंदे के पैसे से चलते हैं। इस मदरसे और पुस्तकालय का पूरा संचालन वक्फ की संपत्ति से होने वाली आमदनी होता रहा है जो अपने में एक मिसाल है। हमारी गौरवशाली परंपरा का धरोहर इस पुस्तकालय को जलाने के पीछे सांस्कृतिक शुद्धिकरण की बृहद परियोजना है जो भारत में अभी तक मस्जिदों, दरगाहों, मजारों के हिंदू सांस्कृतिक ऐतिहासिक स्थलों से जोड़कर चलाए जा रहे विमर्श से जोड़ा जाता है। जो अभी तक बाबरी, ज्ञानवापी, मथुरा शाही ईदगाह, ताजमहल, लाल किले और कुतुब मीनार सहित हजारों मस्जिदों पुरातात्विक महत्व के स्मारकों को विवादित बना कर हिंदू स्मारक होने के क्लेम और हटाने-गिराने के अर्थ में दिखाई दे रहा था, जिसका विस्तार करते हुए इसे मदरसों, पुस्तकालयों और ऐतिहासिक महत्व के ज्ञान केंद्रों को मिटा देने के विस्तृत दायरे तक फैला दिया गया है ।

अमृत काल की विशिष्टता को अवश्य समझना चाहिए। ज्ञानवापी से शुरू हुआ अदालती संघर्ष अब बिहार शरीफ के महत्वपूर्ण पुस्तकालय और मदरसे को जलाने तक पहुंच गया है। यही नहीं, ठीक इसी समय एनसीआरटी से मुगलकालीन इतिहास, तर्कवादी विचारधारा, समन्वयवादी चिंतन और राष्ट्रीय आंदोलन के अनेक प्रसंगों, महत्वपूर्ण घटनाओं, दस्तावेजों को पाठ्यक्रमों से निकालकर यह संकेत दिठाई के साथ दिया जा रहा है कि अब भारत के लोगों को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि देश में हिंदू राज है। इस राज का भारत की विविधतामूलक संस्कृति, लोकतांत्रिक संस्थाओं, परंपराओं कानूनों और संवैधानिक गणतंत्र से कोई दूर तक का रिश्ता नहीं है।

हम देख चुके हैं कि दुनिया में फासीवाद इन्हीं रास्तों से आगे बढ़ा। पहले वह अल्पसंख्यकों , वैज्ञानिक तर्कवादियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को ढहाता, गिराता, मिटाता ज्ञान केंद्रों पर हमला करता हुआ आगे बढ़ता है। खलनायक बना दिए गए अल्पसंख्यकों, कमजोर वर्गों, तर्कवादियों, मार्क्सवादियों को धमकाते, मिटाते, संस्थानों को जलाते , मारते-काटते आगे बढ़ते हुए अंततोगत्वा बहुसंख्यक समाज के दरवाजे पर दस्तक देता है।

रामनवमी के जुलूस या शोभा यात्रा के नाम पर हिंदुत्व का रथ सासाराम बिहार शरीफ में पुस्तकालय को जलाकर हावड़ा-बंगाल में तांडव मचाते हुए महाराष्ट्र में मदरसों-दरगाह पर भगवा झंडे लहराने तक जा पहुंचा। राजधानी दिल्ली की गलियों से हुंकार भरता हुआ, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों को रौंदते हुए अपने विजय का डंका पीट रहा है।

गृहमंत्री ने तत्काल इन क्षेत्रों की यात्रा का ऐलान कर दिया। दंगाइयों को उल्टा लटका देने की घोषणा के साथ उन्होंने एक सभा में बिहारवासियों से मोदी को बिहार की 40 में से 40 सीटें दे देने का आवाहन किया। इस सफाई अभियान और तेजी का अर्थ समझा जा सकता है। इसे देखकर कौन नहीं कह सकता है कि रामनवमी के दिन शोभायात्रा के नाम पर जो कुछ घटित हुआ, वह एक सोचा-समझी डिजाइन का हिस्सा है। हनुमान जयंती और भाजपा के स्थापना दिवस पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें हनुमान जी की तरह से कठोर कदम उठाने होंगे।

भाजपा और संघ परिवार की चिर आकांक्षा रही है कि भारतीय समाज का हिंदू करण और हिंदुओं का सैन्यीकरण' किया जाये, संभवतः यह फलित होते हुए दिख रही है। निश्चय ही मीडिया, कारपोरेट पूंजी, काले धन और सत्ता का दुरुपयोग करके भाजपा सरकारों ने भारतीय जनमानस में विध्वंस की चेतना को नीचे तक पहुंचाने में कामयाबी हासिल कर ली है। इसलिए लोकतांत्रिक जनगण के लिए यह बड़ा सवाल और कठिन समय है। इसका प्रतिवाद वह कैसे करें? भारत में लोकतंत्र व संविधान की सुरक्षा कैसे की जाए? उसे कैसे और मजबूत करें? बिहार के महागठबंधन प्रयोग ने जो चुनौती भाजपा के समक्ष पेश की थी, संघ-भाजपा और कारपोरेट पूंजी के गठजोड़ ने उस चुनौती से उत्पन्न खतरे से पार निकलने के लिए जो नई योजना तैयार की है, वह बहुत ही गंभीर है । इसलिए सिर्फ सरकार बनाकर भाजपा की पकड़ को कमजोर कर देने की खुशफहमी पालने की जरूरत नहीं है। ना ही हमें अतीत के भोथरे हो चुके हथियारों को नए रंग रोगन लगाकर फिर से चमकाने की जरूरत है। अतीतकालीन क्षणिक सफलताओं के मुगालते में खोए हुए कुछ चिंतकों की तरह जातीय समीकरण बिठा कर हिंदुत्व कारपोरेट गठजोड़ को शिकस्त देने का दिवास्वप्न देखना वस्तुतः जटिल चुनौतियों से भागना है। जो लोग अभी भी इसी विचार प्रक्रिया के शिकार हैं, उनके बारे में सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि कारपोरेट वित्तीय पूंजी के सबसे क्रूर राजनीतिक मॉडल फासीवाद की कार्यशैली और शक्ति के बारे में उन्हें तनिक भी ज्ञान नहीं है।

हमें लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जनता के बुनियादी सवालों को लेकर सड़कों पर केंद्रित और संघनित हो रहे जनाक्रोश को नई दिशा में मोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इसके लिए अगर गठबंधन जैसी सरकारें कुर्बान करनी हो तो तनिक भी हिचकने की जरूरत नहीं है। हां, यह समय व्यापक राजनीतिक शक्तियों के गठबंधन को आगे बढ़ाने का है। उसे एक मुकम्मल पैकेज के साथ जनता के बीच में व्यापक जन चेतना विकसित करते हुए विराट जन आंदोलन खड़ा करने का प्रयास करना होगा जो संसद से लेकर सड़क तक अल्पसंख्यकों, महिलाओं, कमजोर वर्गों, बेरोजगार छात्र-युवाओं, किसानों, मजदूरों के साथ समस्त उत्पीड़ित जनता के सवाल को आने वाले महासंग्राम का मुद्दा बनाए। इस प्रकार 2024 में इस निजाम को सत्ता से बेदखल करने की जिम्मेदारी कंधे पर लेना होगा। भारत में घट रही विभिन्न क्षेत्रों में विध्वंसक घटनाएं हमसे यह मांग कर रही हैं कि हम बहुत बड़ी सामाजिक जन गोलबंदी करते हुए फासीवाद विरोधी व्यापक मोर्चे का निर्माण करें जो विभिन्न स्तरों पर सरकार बनाने से लेकर जन संघर्षों की अगुवाई करें।

फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का कोई शॉर्टकट संक्षिप्त रास्ता नहीं है । हमें एक जटिल और साहसिक अभियानों के द्वारा ही इसे शिकस्त देनी होगी। यही एकमात्र विकल्प लोकतांत्रिक नागरिकों के समक्ष है।

(लेखक वामपंथी चिंतक और एक्टिविस्ट हैं, संपर्क- 94158 35719)

सामाजिक न्याय के मुद्दे पर बने: भाजपा विरोधी गठबंधन

प्रसंगवश

एच.एल. दुसाध

भारत में कुछ दिनों से 2024 के आम चुनाव को देखते राजनीतिक एकजुटता का मौसम चल रहा है. अप्रतिरोध्य भाजपा से पार पाने के लिए कैसे विपक्षी दलों में एकजुटता हो, इसकी कवायद चल रही है. इस क्रम में विपक्षी दलों की ओर से कई आयोजन हो हो चुके हैं. ऐसा ही एक आयोजन गत 3 अप्रैल को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में हुआ जिसमे 13 राज्यों के 19 राजनीतिक दलों के 23 नेताओं सहित दर्जन भर के करीब जाने-माने बुद्धिजीवियों ने शिरकत किया.इस सम्मेलन में जहाँ एमके स्टालिन, फारुख अब्दुल्ला, अशोक गहलोत, वीरप्पा मोइली, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव , सीताराम येचुरी, हेमंत सोरेन,बीडी बोरकर, वामन मेश्राम,संजय सिंह, डी राजा, प्रो मनोज झा, छगन भुजबल इत्यादि ने सामाजिक न्याय पर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी, वहीँ बुद्धिजीवियों में दिलीप मंडल, डॉ. अनिल जयहिंद ,प्रो. रतन लाल, प्रो लक्ष्मण यादव, प्रो सूरज मंडल इत्यादि ने भी संबोधित किया. यह आयोजन सचमुच में अभूतपूर्व व ऐतिहासिक रहा, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस, आरजेडी,एसपी, जेएमएम, डीएमके, सीपीएम, बीआरएस, एनसीपी, विकेसी, जेयूएमएल, टीएमसी इत्यादि पार्टियाँ पहली बार एक साथ, एक मंच पर आईं. 2024 को ध्यान में रखकर इतने दलों का सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एक मंच पर आना खुद में एक चमत्कार रहा, जिसे घटित करने का श्रेय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, जस्टिस वी ईश्वरैय्या और वीरेंदर सिंह यादव तथा सांसद पी विल्सन को जाता है. दरअसल स्टालिन ने गत 1 मार्च को अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्षी दलों की रैली में विपक्षी दलों के बीच एकता की भावना की वकालत की थी.उसी के तहत 3 अप्रैल को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में डीएमके द्वारा प्रायोजित ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ,जिसमें सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एकजुटता की सम्भावना तलाशी गयी.

इस क्रम में 2024 में सामाजिक न्याय की उपयोगिता पर रौशनी डालते हुए हिन्दी पट्टी में सामाजिक न्याय के सबसे चमकदार चेहरे तेजस्वी यादव ने कहा,'सामाजिक न्याय के सरोकारों की धुरी की राजनीति ही धार्मिक उन्माद और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की भाजपाई राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दे सकती है.' तेजस्वी यादव की बात को ही एक तरह से आगे बढ़ाते हुए 'संविधान बचाओ संघर्ष समिति' के संयोजक डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा है,' विपक्षी गठबंधन केवल सामाजिक न्याय के मुद्दे पर हो सकता है. इस मुद्दे को पकड़कर ही हम चरम सामाजिक न्याय-विरोधी भाजपा को मात दे सकते हैं. कुछ पार्टियाँ सामाजिक न्याय के मुद्दे को दरकिनार अडानी और लोकतंत्र बचाने के नाम पर चुनाव लड़ना चाहती हैं. वो भी रखो लेकिन पहला और मुख्य मुद्दा सामाजिक न्याय रहे. माननीय स्टालिन के नेतृत्व में यह गठबंधन बने. यही 2024 के चुनाव का मुख्य एजेंडा रहे. सामाजिक न्याय का आखिरी निर्णायक युद्ध लड़ने का समय आ चुका है.' सामाजिक न्याय सम्मेलन में शामिल अधिकांश नेताओं और बुद्धिजिवियों के बयानों में तेजस्वी और डॉ. जयहिंद यादव के बयानों की अनुगूँज सुनाई पड़ी. सम्मेलन के शेष में डीएमके के एमके स्टालिन ने आह्वान किया,' आइए सामाजिक न्याय का भारत, समान न्याय का भारत और भाईचारे का भारत बनाने के लिए मिलकर लड़ें.'बहरहाल 2024 के लोकसभा को ध्यान में रखते हुए हाल के दिनों में विपक्षी दलों द्वारा एकजुटता के लिए जो तरह- तरह के प्रयास हो रहे हैं,उनमें सामाजिक न्याय के मुद्दे पर विपक्ष की एकजुटता क्या उस एकजुटता से ज्यादा कारगर होगी जो मोदी सरकार के भ्रष्टाचार और तानाशाही भरे रवैये के खिलाफ आकार लेती दिख रही है?

एकजुटता के मौसम में अगर विपक्षियों की गतिविधियों पर ध्यान दिया जाय साफ दिखेगा कि गत 24 जनवरी को अमेरिकी फर्म 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की अडानी ग्रुप पर रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद से देखते ही देखते भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है. अडानी को लेकर विपक्ष,खासतौर राहुल गाँधी और अरविन्द केजरीवाल जिस तरह आक्रामक हैं; जिस तरह सत्ता विरोधी मीडिया मुखर है, उससे ढेरों लोगों को लगने लगा है कि देश में वैसे हालात बन गए हैं, जिस हालात में बोफर्स का मुद्दा उठाकर वीपी सिंह आज के मोदी जैसे शक्तिशाली राजीव गाँधी को सत्ता से बेदखल कर दिए थे. इस कारण ही कुछ पार्टियाँ भ्रष्टाचार नाम पर लामबंद होती दिख रही हैं.पर, क्या वे अडानी मामले को बोफर्स की भांति सद्व्यवहार कर पायेगी!

यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि मोदी सरकार सत्ता में आने के कुछ वर्ष बाद से ही तरह- तरह के भ्रष्टाचार के आरोप में घिरती रही है. नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या,ललित मोदी काण्ड को लेकर बार-बार विपक्ष भाजपा को घेरता रहा है.आरोप यह भी लगे कि एनडीए के सत्ता में आने के कुछ अन्तराल बाद ही अमित शाह के बेटे जयशाह के व्यापार में कल्पनातीत इजाफा हो गया. यही नहीं मोदी राज में आर के राघवन, जस्टिस सदाशिवम, जस्टिस सुनील गौर, केवी चौधरी, राकेश अस्थाना, वाईसी मोदी, वकील यूयू ललित इत्यादि को लेकर भी मोदी सरकार पर उंगलियां उठीं, पर, मोदी सरकार आंधी तूफान की तरह आगे बढ़ती ही रही. सबसे बड़ा सवाल तो फ्रांस के रफायल डील को लेकर उठा था . लगा रफायल रक्षा सौदा मोदी के लिए बोफर्स साबित होगा. तब आज की तरह राहुल गाँधी अडानी को लेकर सदन से सड़क तक मोदी को ललकारते दिख रहे हैं, लगता है आज वह रफायल दौर का ही सिन रिक्रिएट किये जा रहे हैं. आज जिस तरह राहुल गाँधी अडानी को लेकर मोदी को ललकार रहे हैं, वैसा ही रफायल घोटाले के प्रकाश में आने के बाद किये थे. किन्तु आक्रमण को बचाव का सर्वोत्तम उपाय मानने वाले मोदी विपक्ष पर ही उल्टा हमला करते हुए सभी आरोपों को झेल लिए और जो विपक्ष का रफायल डील के जरिये बड़ा उलट-फेर करने सपना देख रहा था, उसके मंसूबों पर पानी फेर दिए थे . आज मोदी रफायल की भांति ही अडानी मुद्दे को फ्यूज करने के लिए अपने चिरपरिचित अंदाज में मुस्तैद हो रहे हैं.

बहरहाल भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझने की मोदी की सिद्धहस्तता और अडानी मामले से पार पाने की मोदी की तैयारियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि विपक्ष अडानी के भ्रष्टाचार को आधार बनाकर 2024 में गारंटी के साथ फते'बी हासिल नहीं कर सकता: मोदी उसके मंसूबों पर पानी फेर सकते हैं.ऐसे में 2024 में मोदी को शिकस्त देने के लिए, विपक्ष को किसी ऐसे अन्य मुद्दे की तलाश करनी होगी जिसकी मीडिया, संघ के आनुषांगिक संगठनों और संवैधानिक संस्थाओं के समर्थन से पुष्ट मोदी काट ना ढूंढ सकें और ऐसा मुद्दा है सिर्फ सामाजिक न्याय का मुद्दा! वास्तव में आज की तारीख में अप्रतिरोध्य बन चुकी दुनिया की सबसे ताकतवर व विशालतम पार्टी भाजपा को यदि मात दिया जा सकता है तो सिर्फ और सिर्फ सामाजिक न्याय के मुद्दे के जोर से ही दिया जा सकता और यह बात बिहार विधानसभा चुनाव 2015 लालू प्रसाद यादव ने साबित कर दिया है.

मोदी ने विगत आठ वर्षों से मंदिर आन्दोलन के सहारे मिली सत्ता का अधिकतम इस्तेमाल आरक्षण के खात्मे तथा बहुसंख्य लोगों की खुशिया छीनने में किया है. इसके तहत ही मोदी राज में श्रम कानूनों को निरंतर कमजोर करने के साथ ही नियमित मजदूरों की जगह ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर, शक्तिहीन बहुजनों को शोषण-वंचना के दलदल में फंसाने का काम जोर-शोर से हुआ है . बहुसंख्य वंचित वर्ग को आरक्षण से महरूम करने के लिए ही एयर इंडिया, रेलवे स्टेशनों और हास्पिटलों इत्यादि को निजीकरण में देने की जोरदार शुरुआत हुई और आज अग्निवीर जैसी योजनाओं की झड़ी लग गयी है .कुल मिलाकर जो सरकारी नौकरियां वंचित वर्गों के धनार्जन का प्रधान आधार थीं, मोदीराज में उसके खात्मे का काम लगभग पूरा कर लिया गया है. मोदी के इन कार्यों से सामाजिक अन्याय का अभूतपूर्व अध्याय रचित हो गया है. ऐसे में जोर गले से कहा जा सकता है कि मोदी के खिलाफ 2015 के मुकाबले आज सामाजिक न्याय का हथियार कई गुना प्रभावी हो सकता है. ऐसे में यदि विपक्ष मोदी को सामाजिक न्याय के पिच पर खेलने के लिए मजबूर कर दे, वह शर्तिया तौर पर बोल्ड हो जायेंगे !

(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क: 9654816191)

डी एम मिश्र की गजलें



1

काट दो तो और कल्ले फूटते हैं/ और भी ताजे, हरे वे दीखते हैं

खूं उतर आता है जब आंखों में यारो /तब उन्हीं झरनों से शोले फूटते हैं

चींटियों के संगठित दल देखकर के /हाथियों के भी पसीने छूटते हैं

मान लूं कैसे कि वो इंसान चुप है /उसके माथे पर पड़े बल बोलते हैं

ऐसे अय्यारों को भी देखा है मैंने /खास बनकर के जो पता काटते हैं

जिनको अपने आप पर होता भरोसा /आसमानों को वो छूकर लौटते हैं

वो कभी प्यासे नहीं मरते यकीनन /जो बियाबानों में दरिया ढूढते हैं

2

शहर वे जले तो जले लोग चुप हैं/ धुआं भी उठे तो उठे लोग चुप हैं

जरा सी नहीं फि क्र शायद किसी को/ खजाना लुटे तो लुटे लोग चुप हैं

कहां होगा फिर पंछियों का बसेरा/शजर ये कटे तो कटे लोग चुप हैं

सभी को पड़ी है यहां सिर्फ.अपनी/पड़ोसी मरे तो मरे लोग चुप हैं

यहां लोग भगवान के हैं भरोसे/जो सूखा पड़े तो पड़े लोग चुप हैं

अलीगढ़ के ताले लगाकर के बैठे/भले पाप फूले फले लोग चुप हैं

न घर में दिये हैं, न बाहर मशालें/अंधेरा बढ़े तो बढ़े लोग चुप हैं

व्यंग्य

असली नकली चेहरे



सुधाकर आशावादी

एक समय था , जब कहा जाता था कि क्या मिलिए ऐसे लोगों से जिनकी फितरत छुपी रहे, नकली चेहरा सामने आए असली सूरत छुपी रहे। उसके बाद किसी ने यह राज उजागर किया कि लाख छुपाओ छुप न सकेगा राज हो कितना गहरा ,दिल की बात बता देता है असली नकली चेहरा। वह दौर अब पुराना लगता है कि जब चेहरे अपनी भाव भंगिमाओं से सच व्यक्त कर दिया करते थे। अब चेहरे पढ़ना सरल नहीं रह गया है। मजबूरी में ऐसे ही लोगों से मिलना जरुरी हो गया है जिनकी फितरत छुपी रहती है। असली चेहरे सामने आते ही नहीं। क्षेत्र चाहे कोई भी हो, चेहरे किसी के होते हैं और मुखौटे किसी अन्य के। एक नेता की प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहा था, नेता ने अपने दाएँ बाएँ जिन्हें बिठा रखा था, वे नेता से कानाबाती कर रहे थे, नेता के कान में कुछ फुसफुसा रहे थे और नेता उस कानाबाती के बाद अपने वक्तव्य दे रहे थे। यह कोई नई बात नहीं है। एक दिन मैं नेता को अनेक जगह भाषण देना होता है, वह अपने चिन्तन से तो कुछ सटीक कह नहीं सकता, सो भाषण लिखने के लिए दिहाड़ी के आदमी वह रखता ही है, जो नेता के हाथ में पर्चा देकर कुछ बिंदु समझा देते हैं। यदि नेता के हाथ में सिर्फ पर्चा ही दिया जाय और कुछ समझाया न जाय, तो नेता सदन में नये बजट को जगह पुराना बजट पढ़ने के लिए विवश हो सकता है। ऐसे में क्या यह नहीं लगता कि नेता का चेहरा नकली है, असली चेहरा वही है, जो पर्दे के पीछे है,जो नेता को निर्देशित कर रहा है। यह तो बात रही नेता और उसके पीछे छुपे असली चेहरे की। साहित्य भी असली नकली चेहरों से सम्पन्न है। पता नहीं चलता कि जिसे विश्व विख्यात साहित्यकार घोषित किया गया है, वह असली है या नकली ? कहीं ऐसा तो नहीं कि जिन पुस्तकों का उसे लेखक दर्शाया गया है, वे पुस्तकें उन महोदय द्वारा लिखी भी गई हैं या पुस्तक लिखने वाली कलम किसी और की है? यूं ही बातों बातों में मैंने एक संपत्ति व्यवसायी से पूछ लिया कि आप इतने बड़े लेखक हैं, एक बार में ही दर्जनों पुस्तकों का विमोचन करते हैं, पुस्तक लिखने के लिए इतना समय कहाँ से लाते हैं ? आपको तो याद भी नहीं रहता होगा कि किस पुस्तक में कौन सी विषयवस्तु है ? मेरी नज़रें उन पर ही गड़ी थी, पहले तो वह कुछ सकपकाय, फिर बोले - 'मित्र आपसे क्या छुपाना मुझे तो सम्पत्ति के व्यवसाय से ही फुर्सत नहीं मिलती, हर समय निन्यानवें के एर में रहता हूँ। मेरे एक मित्र प्रकाशक हैं, मैंने उनसे ही अपनी यश वृद्धि हेतु अनुबंध किया है, वे मेरे नाम से पुस्तक प्रकाशित करते रहते हैं और अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा मैं भी उन्हें देता रहता हूँ।' मैंने कहा - 'आपको इससे क्या लाभ मिलता है ?' वह बोले - 'लाभ की आप कल्पना नहीं कर सकते , मैं जानता हूँ कि मुझे कितना लाभ मिलता है , सबसे बड़ी बात तो यह है कि मेरी पहचान बुद्धिजीवी के रूप में होती है, पिछले बरस मुझे साहित्य शिरोमणि का पुरस्कार भी मिल चुका है , पुरस्कार में एक लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र मिला है, बताओं कितने असली साहित्यकारों को ऐसा पुरस्कार मिला ?' उन्होंने उल्टा मुझ पर ही प्रश्न उछाल दिया। मैं बोला - 'सो तो है, मगर इतना बड़ा पुरस्कार आपको मिला कैसे ?' वह बोले - 'इसमें कोई बड़ी बात नहीं है, मेरे प्रकाशक ने ही यह जुगाड़ किया, मुझसे कहा गया कि प्रशस्ति पत्र आपका और पुरस्कार राशि, पुरस्कार दिलाने वाले की, मुझे भला इसमें क्या आपत्ति हो सकती थी , मैंने हामी भर दी और मिल गया मुझे पुरस्कार।' मैंने कहा - ' गुरु मान गए, यहाँ तो पचास बरस से साहित्य साधना कर रहे हैं किन्तु अपनी साहित्य साधना पर अभी तक किसी भी साहित्यिक अकादमी के देव प्रसन्न नहीं हुए।' वह बोले - ' तुम भी मेरी तरह से पुरस्कार राशि का मोह छोड़कर मात्र प्रशस्ति पत्र पर संतोष करो, तो तुम्हारे लिए भी बड़े पुरस्कार का जुगाड़ हो सकता है।' मैं मुंह ताकता रह गया। मुझे एक गीत की पंक्तियाँ स्मरण हो आई - ' रामचंद्र कह गए सिया से ऐसा कलयुग आएगा, हंस चुगेगा दाना तिनका, कौवा मोती खाएगा।

(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9758341282)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

संक्षेप

सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने नेतपुर गांव का किया निरीक्षण

जहानागंज (आजमगढ़)। सहायक सांख्यिकी अधिकारी संजय यादव ने मंगलवार को ग्राम विकास आयुक्त के निर्देश के क्रम में जहानागंज ब्लॉक के नेतपुर गांव का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को निर्देशित किया। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में उन्होंने अध्यापकों को चेतावनी दी कि जिम्मेदारी पूर्वक बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए। उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों से कई सवाल भी पूछे तथा जिम्मेदारों को फटकार भी लगायी। उन्होंने कहा कि नन्हे बच्चे ही देश के भविष्य हैं। इसके बाद उन्होंने पंचायत भवन पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं को और प्रशिक्षित करने की जरूरत है। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी सतीश सिंह, ग्राम प्रधान सोनी यादव, प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।

बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली

आजमगढ़। प्राथमिक विद्यालय परसहा विकास खंड मुहम्मदपुर में प्रधानाध्यापक दयाशंकर यादव तथा सहायक अध्यापक अनन्त यादव की देख रेख में स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के साथ साथ अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को नामांकन के लिए कहा गया। बच्चों की रैली पढी लिखी लड़की रोशनी घर घर की शिक्षा हैं अनमोल रतन पढ़ने का सब करो जतन आदि नारों के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते हुए विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर बिनीता सिंह, इन्द्र यादव, शशिप्रभा, निशा राय, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अर्जुन पुरस्कार जीतने पर रतीश का हुआ स्वागत

आजमगढ़। 74 किलो भार कुश्ती प्रतियोगिता में अर्जुन पुरस्कार जीत कर जिले के लाल ने अपने गांव सहित जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता से लौटने के बाद ग्रामीणों ने उसे फूल मालाओं से लाद कर उनका स्वागत किया। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रतीश कुमार यादव उर्फ नाना पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी गुजरपार अहिरौला थाना मुबारकपुर ने 74 किलो भार कुश्ती में भारत अर्जुन पुरस्कार जीता। गृह जनपद लौटने पर रतीश कुमार यादव का ग्राम वासियों एवं जिले के संभ्रांत लोगों द्वारा पूरे जोश के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया।

एसडीएम ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण

मेंहनगर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील की एकलौती नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर बुधवार को एसडीएम संत रंजन व थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने नामांकन स्थल का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम, नामांकन स्थल के साथ-साथ बैरिकेडिंग व पुलिस ड्यूटी स्थल चिहित कर स्ट्रांग रूम को देखते हुए मतपत्रों के रखने के साथ मतगणना स्थल सभागार को चिह्नित कर, पूर्णतया साफ सफाई कराने का निर्देश तहसीलदार राजू कुमार व सहायक निर्वाचन अधिकारी कल्पनाथ मौर्य को दिया। साथ ही श्री रंजन ने बताया कि अध्यक्ष पद का नामांकन तहसील परिसर स्थित दक्षिण तरफ एसडीएम कोर्ट व सभासदों का नामांकन परिसर के मीटिंग हाल में होगा। इस दौरान तहसील परिसर में चार पहिया व दोपहिया वाहन का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।

प्रधान फर्जी एफआईआर दर्ज करा प्रताड़ित कर रहा

आजमगढ़। प्रधान द्वारा फर्जी मुकदमें में फसाये जाने से तंग आकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौंपकर न्याय की गुहार लगायी। सगड़ी तहसील क्षेत्र के मुहम्मदपुर गांव निवासी पलकधारी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्रक के माध्यम से बताया कि 21 मार्च को गांव की एक बुजुर्ग महिला रास्ते से जा रही थी हमारा पोता शिवम साइकिल लेकर जा रहा था। महिला को टक्कर लग गयी जिससे महिला गिर गयी तथा पूर्व के टूटे हुए हाथ में काफी चोट आ गयी। गांव का वर्तमान प्रधान चुनावी रंजिश को रखते हुए परिवार के पांच सदस्यों के ऊपर फर्जी मुकदमा पंजीकृत करवा दिया। जिससे पूरा परिवार परेशान है। पीड़ित ने कहा कि उक्त प्रधान अपने समर्थक के लिए हमारे चक में अपना रास्ता बनवाना चाहता है उसके द्वारा यह कहा जा रहा है कि यदि रास्ता दे दोगे तो मुकदमा खत्म करा दूंगा। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौंपकर सक्षम अधिकारी से जांच कराकर फर्जी मुकदमा खत्म कराये जाने एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शॉर्ट सर्किट से सात बीघे गेहूं जलकर राख

मेहनगर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के खरिहानी सब स्टेशन स्थित गोपालपुर गांव में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी जिससे सात बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। रणवीर सिंह पुत्र प्रेम शंकर सिंह का साढ़े पांच बीघा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गयी। ग्रामीणों के सहयोग से दो बीघा बचाया जा सका जबकि पिछले साल भी इनका धान जल गया था। गेंहू जला देख श्री सिंह फफककर रोने लगे। गांव के दक्षिणी व पूर्वी सिवान के गौतम नगर बाजार के उत्तरी भाग से खरिहानी सबस्टेशन के 11000 वोल्टेज के शॉर्ट सर्किट से गेहूं जलकर राख हो गया। लहलहाती पछुआ हवा के बीच ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। साथ ही जितेंद्र सिंह पुत्र स्व.गौरीशंकर सिंह, रामजीत सिंह पुत्र स्व.विजय प्रताप सिंह का ढाई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। पराली करीब पंद्रह बीघा जल गया। फायर ब्रिगेड सूचना के बावजूद नहीं पहुंची। लेखपाल राजेश मौर्य घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिपूर्ति का आकलन कर तहसील मुख्यालय को रिपोर्ट प्रेषित किया। इस बाबत एसडीएम संत रंजन ने बताया कि किसानों को क्षतिपूर्ति दी जायेगी।

चन्द्रमा ऋषि आश्रम पर मनाई जायेगी परशुराम जयन्ती

आजमगढ। ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक बुधवार को सिधारी स्थित अनुपम वाटिया में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय ने बताया कि अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को चन्द्रमा ऋषि के आश्रम पर स्थित भगवान परशुराम जी के मन्दिर पर सुबह भगवान परशुराम जी की जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर जनपद के प्रतिभाशाली छात्रों एवं वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया जायेगा।

इस दौरान अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने सभी स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया कि सांय काल सभी ब्राह्मण परिवार अपने दरवाजे पर पाँच दीप प्रज्जलित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रजेश नन्दन पाण्डेय तथा संचालन महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने किया। बैठक के दौरान महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी, सतीश कुमार मिश्र, बाल गोविन्द शास्त्री, गिरीश चतुवेर्दी, गोविन्द दूबे, कृष्ण कुमार पाण्डेय, भागवत प्रसाद तिवारी, अशोक पाण्डेय, कृष्ण मोहन पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, दिनेश तिवारी, श्रीश पाण्डेय, आनन्द मणि पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, परमानन्द पाण्डेय, हरिचरण पाण्डेय, राकेश कुमार पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते संगठन के पदाधिकारी

शिकंजे में

पुलिस और एसओजी को मिली सफलता

जनसंदेश न्यूज

फरिहा (आजमगढ़)। निजामाबाद पुलिस और एसओजी टीम ने भारी 309 किग्रा गांजा सहित दो डीसीएम और दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मादक पदार्थों, द्रव्यों की बरामदगी व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए निजामाबाद पुलिस और एसओजी टीम फरिहा चैराहे पर मौजूद रहकर अपराध एवं अपराधियों के बारे में चर्चा कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि देवगांव के गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सहदुल्लाहपुर के तरफ ही गये हुए हैं। उक्त सूचना पर वादी मुकदमा व अन्य पुलिस बल अपने अपने साधनों से जा रहे थे कि रास्ते में सहदुल्लाहपुर शान्ति के ट्यूबवेल के पास दो ट्रक विपरीत दिशा में लगाकर दो व्यक्ति काले बक्सों में से पैकिंगशुदा पैकेट निकालकर एक बक्से से दूसरे बक्से में रख रहे थे। संदिग्ध प्रतीत होने पर हम पुलिस ने कडाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि इसमें गांजा है। पुलिस ने क्षेत्राधिकारी सदर को सूचना दी। दोनो व्यक्ति की जामा तलाशी ली गई तो एक वाहन चालक स्वामी सूर्यमणि यादव पुत्र श्रीराम अवध यादव निवासी सदहा, थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़ के वाहन से तीन बक्सों में 6-6 पैकेट पैक किया हुआ गांजा मिला जिसका कुल वजन पैकेट सहित 185.4 किग्रा पाया गया तथा दूसरे वाहन चालक/स्वामी अनुरोध कुमार सिंह पुत्र चन्द्रदेव सिंह निवासी कुंज थाना भभुआ जिला कैमूर बिहार के वाहन से 6-6 पैकेट पूरी तरह से पैक किया हुआ गांजा मिला। जिसका वजन पैकेट सहिंत 123.6 किग्रा पाया गया। दोनो वाहनों का कुल वजन पैकेट सहित 309 किग्रा पाया गया।

गांजा लदी डीसीएम।

पुलिस ने अभियुक्त सूर्यमणि यादव पुत्र श्रीराम अवध यादव निवासी सदहा थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़ हाल पता मकान नं. 547 मोहल्ला जूली आंडी की चाल संतोषनगर गोरेगांव ईस्ट थाना गोरेगांव मुम्बई व अनुरोध कुमार सिंह पुत्र चन्द्रदेव सिंह निवासी कुंज थाना भभुआ जिला कैमूर बिहार को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

पुलिस ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

अतरौलिया (आजमगढ़)। नगर पंचायत स्थित यूनियन बैंक समेत अन्य बैंकों में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। अंबेडकर जयंती को देखते हुए बैंकों में काफी भीड़ रही। इस दौरान बैंक में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा बैंक मित्रों से बैंक परिसर में अकेले न आने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ बैंक कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने तथा बैंक के सीसीटीवी कैमरे, बैंक परिसर के बाहर खड़ी गाड़ियों की निगरानी हेतु सुरक्षा ड्यूटी में तैनात लोगों को बताया गया। इसी क्रम में यूबीआई लोहरा, बढ़या, स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूबीआई मदियापार आदि बैंको में चेकिंग अभियान चलाया गया। बैंक ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया गया कि बैंक परिसर के आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

किसानों के हित में भाकपा मई में करेगी सम्मेलन

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला कौंसिल की बैठक पुरानी कोतवाली भाकपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कमला राय की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। इस दौरान ब्लाक सम्मेलन का आयोजन 15 मई तक एवं 20 से 25 मई के बीच जिला सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया।

जिला कौंसिल को प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही है। न तो किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य मिल रहा और न तो गन्ने का समय से ही भुगतान होता है। किसानों के न तो समय से ही बिजली मिलती है। किसान सभा मांग करती है कि एमएसपी की गारंटी दी जाये। 10 हजार रुपए किसानों को बुढ़ापे की पेंशन दी जाय। किसान आंदोलन में शहीद किसानों के परिवार को समुचित मुआवजा दिया जाय। भाकपा के जिलामंत्री खरपत्तू राजभर ने सम्बोधित करते हुए कहाकि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो गयी है। आये दिन छिनैती, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, हत्या जैसी घटनाएं चरम सीमा पर है। जंगली छुट्टा जानवर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। इसके विरूद्ध किसान मजदूर मिलकर बड़ा आंदोलन चलायेगी। इस दौरान बसीर मास्टर, कमला राय जिलाध्यक्ष, गुलाब मौर्या, त्रिलोकी नाथ, रामचन्द यादव, सुरेन्द्र यादव, रामनेत आदि ने भी सम्बोधित किया। समर सिंह, जावेद, जानकी मौर्या, श्यामी प्रसाद, घुरहू, राजभर, अक्षयवर आदि उपस्थित रहे।

डाक अदालत 17 को

आजमगढ़। प्रवर अधीक्षक डाकघर कार्यालय में आगामी 17 अप्रैल को डाक अदालत का आयोजन किया गया है जिसमें डाक संबंधी परिवादों का निस्तारण किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायतें एवं आपत्तियां 14 अप्रैल को प्रवर अधीक्षक डाकघर कार्यालय में प्रेषित करें या डाक अदालत की तिथि 17 अप्रैल को निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित होकर शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करें।

डॉ.हैनीमेन ने होम्योपैथी के रूप में दिया अमृत कलशः डा.भक्तवत्सल

268वीं जयंती पर याद किये गये डा.हैनीमेन

डा.हैनीमेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते चिकित्सक।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया व केमिस्ट एण्ड मैन्युफैक्चरस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में होमियोपैथी के अन्वेषक डॉ.क्रिश्चियन फेडिक सैम्युएल हेनिमेन की 268वीं जयंती सोमवार को देर शाम शहर के बदरका स्थित एक स्कूल में मनाई गई। इस दौरान डॉ.हेगिमेन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ हिना देसाई, डॉ. भक्तवत्सल, डॉ.देवेश दूबे, डॉ.नेहा दूबे, डॉ.रणधीर सिंह, डॉ.प्रमोद गुप्ता, डॉ.वी पाण्डेय, डॉ.गिरीश सिंह एवं रमाकान्त वर्मा ने संयुक्त रूप से डॉ.हेनिमेन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

हिना देसाई ने कहा कि होमियोपैथी के जनक डॉ.सैम्युएल हेनिमेन ने चिकित्सा के क्षेत्र में होमियोपैथी के जरिये हमें ऐसी सुरक्षित विधा प्रदान की है जिससे आज करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हमाई डॉ. भक्तवत्सल ने कहा कि महात्मा डॉ. हेनिमेन ने पीड़ित मानवता के लिए होमियोपैथी के रूप में एक अमृत कलश प्रदान किया है जिसकी दो बूंद औषधि से अनेकानेक रोगों का उन्मूलन सहजता से हो जाता है। हमाई आजमगढ़ के अध्यक्ष डॉ.देवेश दुबे ने कहा कि स्वस्थ भारत की परिकल्पना बिना होमियोपैथी के करना सम्भव नहीं है। डॉ० नेहा दूबे ने कहा कि प्रदेश के सभी राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कालेज में रिक्त स्थानों पर शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए।

डॉ. प्रमोद गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक जिले में होमियोपैथी का एक कालेज खोला जाए जिससे होमियोपैथी का प्रचार प्रसार हो। इस अवसर पर डॉ.ज्योती खण्डेलवाल, डॉ.अभिषेक राय, डॉ.माला पाण्डेय, डॉ.सुधाकर राय को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। डॉ.अनुतोष वत्सल द्वारा हेनिमेन जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया।

ज्योतिबा ने दलितों की शिक्षा के लिए लड़ी लड़ाई

संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह, लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय की उपस्थिति में मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा ने महात्मा ज्योतिबा फुले व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि द्वारा दुर्ग विजय यादव सिंहासन यादव प्रेम प्रकाश राय हरेंद्र सिंह श्रीकृष्ण पाल को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म महाराष्ट्र के पुणे में 11 अप्रैल 1827 को हुआ। एक वर्ष के ही अंदर ही उनकी माता का देहांत हो गया। उनका लालन-पालन सगुनाबाई नामक दाई द्वारा किया गया। उनके द्वारा स्त्री शिक्षा जात पात को लेकर लगातार लड़ाई लड़ी गई। उनका विवाह 1840 में सावित्रीबाई फुले से हुआ बाद में वह खुद एक प्रसिद्ध समाजसेवी महिला के रूप में सामने आयी। स्त्री शिक्षा दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए पति पत्नी ने साथ मिलकर कार्य किया। अपने इस सपने को उन्होंने सन 1948 में एक स्कूल खोल कर पूरा किया। उनके इस कार्य को देखकर विट्ठलराव कृष्णा वाडेकर ने उन्हें महात्मा की उपाधि दी। उनकी मृत्यु 28 नवंबर 1890 को 63 वर्ष की अवस्था में पुणे महाराष्ट्र में हुई।

संगोष्ठी में इंद्रेश चैहान, बृजभूषण चैहान, हरिकेश राजभर, जय जय राम प्रजापति, कर्मवीर विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, नीरज मौर्य, दुर्ग विजय यादव, शत्रुघन चौहान, चंद्रशेखर यादव, सुशील सेठ, हनुमान चौहान, परमहंस चैहान, सिंहासन यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ध्रुव सिंह व ऋषि कांत राय ने तथा संचालन मिथिलेश चैरसिया ने किया।

आग से मड़ई जल कर राख

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाकीपुर गांव में बुधवार को विद्युत स्पार्किंग की चिंगारी से आग लगने से मंडई समेत ट्यूबवेल जल गया। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। बाकीपुर गांव निवासी रामदयाल यादव का रास्ते के किनारे ट्यूबवेल है। इसी के पास विद्युत तार गुजरा है। बुधवार को अचानक स्पार्किंग के बाद निकली चिंगारी मंडई पर गिर गयी। जब तक लोग जान पाते मंडई में स्थित मोटर, पाइप आदि भी जल गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। घटना में लगभग पचास हजार की क्षति हुई।

कार्यालय ग्राम पंचायत मेहनाजपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सायं 4 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(पूजा)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मेहनाजपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.मेहनाजपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत सकिया-बकिया, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सायं 3:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(प्यारेलाल सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सकिया-बकिया, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सकिया-बकिया, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत लालमऊ, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सायं 3 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(जगदीश)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. लालमऊ, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.लालमऊ, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत जमीनसकत, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 2:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(रविन्द्र पाल)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. जमीनसकत, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.जमीनसकत, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत बहलोलपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 2 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(अजय सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. बहलोलपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बहलोलपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत जियादपुर (द.), वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 1:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(दिनेश मद्धेशिया)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.जियादपुर(द.), वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.जियादपुर(द.), वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत नरायनपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 1 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(कान्ती यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.नरायनपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.नरायनपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत दरोर्पुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(लालबहादुर यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.दरोर्पुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ

(अमित सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.दरोर्पुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ़

हर एक को मतदान का है हक : डीएम

संबोधन

जिलाधिकारी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जनसंदेश न्यूज

वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं डीएम व सीडीओ

लालगंज। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है। इस मतदान से लोकतंत्र की प्रक्रिया मजबूती से आगे की ओर बढ़ती है और लोकतंत्र जीवंत होकर समाज का कल्याण करता है।

गोष्ठी को संबोधित करने के बाद जिलाधिकारी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक सवार लोगों ने मतदान देने हेतु लोगों को जागरूक करते हुए लालगंज बाजार का चक्रमण करते हुए थाने के सामने से होकर पतुलकी फोर लाइन तक चक्रमण करते हुए रैली का समापन किया। रैली के साथ थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया अपने दल बल के साथ मौजूद रही। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस ने कहा कि पिछले चुनाव से अधिक मत प्रतिशत देने की जरूरत है जिसकी जिम्मेदारी प्रत्येक जागरूक नागरिक की है, क्योंकि पिछली बार 57 प्रतिशत मत पड़े थे। इस उपचुनाव में मत प्रतिशत सत प्रतिशत प्रयास करने की जरूरत है, क्योंकि प्रत्येक वोटर का अपना मत अपना स्थान निश्चित करता है। उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें किसी भी दबाव में नहीं आए जरूरत पड़ने पर प्रशासन को सूचना दें। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आईडीएन चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव, डीसी मनरेगा मोहम्मद नफीस, नायब तहसीलदार मधु जैन, अधिकारी कर्मचारी शिक्षक लेखपाल रैली में शामिल हुए।

कोटेदारों व प्रधानों को जागरूक करतीं डीएम

शांतिपूर्ण मतदान कराने की आंख व कान हैं प्रधान : डीएम

हलिया। ब्लॉक सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विकास खंड के ग्राम प्रधानों एवं कोटेदारों के संग बैठक कर कहा कि प्रधान एवं कोटेदार गांव में लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं का अधिकार एवं कर्तव्य है कि वह निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव में वोट करें। गांव में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में लोग प्रधान तथा कोटेदार के पास जाते हैं और दोनों व्यक्ति के सकारात्मक भूमिका के बिना कोई कार्य संभव नहीं है। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रधान आंख व कान हैं। 13 मई तक लोग आचार संहिता का पालन करें। एडीएम शिव प्रसाद शुक्ला ने कहा कि हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों में 186 बूथों पर एक लाख बावन हजार दो सौ उनतीस मतदाता हैं। विगत वर्ष जनपद के छानबे विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान हुआ था। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, एसडीएम भरत लाल एडिशनल एसपी ओपी सिंह ईत्यादि लोग मौजूद रहे।

पेट्रोल लेने के बाद अचानक कार में लगी आग

लालगंज। फोरलेन सड़क मिश्रपुर गांव के सामने बुधवार को स्थित पेट्रोल टंकी पर फोर व्हीलर वाहन पेट्रोल लेने के बाद गाड़ी स्टार्ट की तो उसमें धुआं निकलने लगा और वाहन में आग लग गई। धुआं आग की लपट देखते ही वाहन में सवार ड्राइवर समेत आनन-फानन में गाड़ी छोड़कर बाहर निकल आए। टंकी के कर्मचारियों के सहयोग से गाड़ी को धकेलते हुए मेन रोड पर पहुंचा दिया। गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। वाहन ड्राइवर द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। वाराणसी के इमलिया तारा रघुराज स्टेडियम निवासी गणेश चौबे पुत्र रामेश्वर चौबे परिवार सहित बिलासपुर जा रहे थे। फोरलेन मिश्रपुर के पास पहुंचे तो वहां स्थित पेट्रोल टंकी पर तेल गाड़ी में लेने लगे। तेल भरवाने के बाद गाड़ी स्टार्ट किए तो उसमें धुआ और आग की लपटें निकलने लगी। जिससे घबरा गए और गेट खोलकर सवार समेत बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसमें दो महिला और दो पुरुष सवार थे। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी आग बुझाया लेकिन वाहन 70 प्रतिशत से अधिक जलकर खाक हो चुका था। वाहन जलने की खबर पाए जाने पर थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया भी मौके पर पहुंच गई थी।

444 बूथों पर कुल 2309 कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

दो पालियों में सम्पन्न हुई ट्रेनिंग

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा छानबे उप निर्वाचन एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला पंचायत सभागार में मास्टर ट्रेनर ईवीएम एवं सामान्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य आईटीआई, उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज मीरजापुर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भोड़सर, सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं प्रशिक्षक राजकीय पालिटेक्निक बथुआ, द्वारा विस्तृत रूप से 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित मास्टर ट्रेनर ईवीएम के प्रतिभागियों की संख्या 30 एवं सामान्य प्रशिक्षण पोस्टल बैलेट के प्रतिभागियों की संख्या 30 थी, जिसमें समस्त प्रतिभागी उपस्थित पाये गये। सर्वप्रथम प्रशिक्षण के प्रथम पाली में विधान सभा उप निर्वाचन छानबे में कुल 444 बूथ पर कुल 2309 कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर ईवीएम को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट कनेक्शन अर्थात केबिल को जोड़कर संचालन किये जाने के लिये प्रशिक्षित किया गया। द्वितीय पाली में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में कुल 332 बूथ पर 1732 कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर (सामान्य प्रशिक्षण) को बैलेट बाक्स को खोलना, सील करना, विभिन्न प्रपत्रों को भरना एवं सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। जनपद मीरजापुर में 03 नगर पालिका. अहरौरा, चुनार व मीरजापुर एवं 01 नगर पंचायत कछवां है, जिसके लिए मतदान मतपत्र (बैलेट पेपर) के माध्यम से कराया जायेगा।

पिता की डांट से झुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरूआ गांव निवासी युवक ने घर से पांच सौ मीटर दूर नाले के किनारे अर्जुन के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार बरूआ गांव निवासी सीताराम कोल का बीस वर्षीय पुत्र राजबहादुर सोमवार को औरा गांव में बाइक से अपने नाना रामनारायण के यहां गया था। उसके बाद नाना को लेकर उनकी ससुराल मनिगढ़ा गांव चला गया। मंगलवार को घर लौटने पर पिता ने दो दिन घर से बाहर रहने को लेकर डाट फटकार लगाई तो युवक पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से पांच सौ मीटर दूर मगरदहा नाले के पास अर्जुन के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार शाम को बकरियों को पानी पिलाने गये चरवाहे पेड़ से शव लटका देख गांव में सूचना दी। सूचना पर रोते बिलखते हुए परिजन पेड़ के पास पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों ने बताया कि मृतक की आगामी एक मई को शादी होने वाली थी। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, घटना की जांच की जा रही है।

डीएम ने अधिकारियों संग किया स्ट्रांग रूम एवं मतगणनास्थल का निरीक्षण

कलेक्ट्रेट में स्थापित नामांकन कक्ष व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

मीरजापुर। विधानसभा छानबे उप निर्वाचन 2023 एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य अधिकारियों के साथ राजकीय पालीटेक्निक में विधान उप निर्वाचन के मतगणना एवं स्ट्रांग रूम का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पार्टियों के रवानगी स्थल, मतगणना कक्ष एवं स्ट्रांग रूम एवं वहां पर कार्मिकों एवं मतगणना एजेंट को आने जाने की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित रूट चार्ट तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये बैरीकेटिंग कंट्रोल आदि भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के मतदान के उपरान्त राजकीय इंटर कालेज महुवरिया एवं केन्द्रीय विद्यालय में होने वाले मतगणना कक्ष स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तत्पश्चात दोनों निर्वाचनों के लिये निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का भी निरीक्षण करते हुये विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जी0आई0सी0 परिसर महुवरिया में स्थापित केन्द्रीय विद्यालय में नगर पालिका परिषद मीरजापुर के लिये मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम बनाया गया है तथा राजकीय इंटर कालेज के सभागार में नगर पंचायत कछवां के लिये मतगणना स्थल बनाया गया हैं। जिसके लिये सभी व्यवस्थाए व सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैरीकेटिंग, रूट चार्ट आदि बनाया जा रहा हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा छानबे के लिये मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायलय में बनाये गये नामांकन कक्ष व सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट में परिसर में स्थित उप जिलाधिकारी के न्यायालय में नगर पालिका मीरजापुर के अध्यक्ष पद के नामाकंन हेतु एवं अपर उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, कार्यालय में नगर पंचायत कछवां के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के नामाकंन के लिये बनाये जा रहे स्थल का पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में आने वाले प्रत्याशियों के लिये व्यवस्था, पार्किंग, बैरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

अराजकतत्वों ने तोड़ी बुद्ध की प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

कलवारी। स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत ग्राम सभा बैदौली स्थित बुद्ध की प्रतिमा अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। सुबह मूर्ति टूटने की घटना आग तरह क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण प्रज्ञा बुद्ध विहार में भीड़ जुट गई। बुद्ध की प्रतिमा सन 2014 में स्थापित की गई थी। बेदौली प्रधान पति अजय कुमार ने थाना मड़िहान व तहसील मड़िहान को टेलीफोन से बुद्ध मूर्ति टूटने की सूचना दिया।

मौके पर इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश कुमार राय दल बल के साथ पहुंचे, मौके का मुआयना किया। ग्रामीण प्रतिमा टूटने से आक्रोशित थे। मूर्ति टूटने की घटना से प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे। उधर घटना की जानकारी होने पर मौके पर सीओ मड़िहान अनिल कुमार पांडेय, एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव मौके पर पहुंचे, प्रतिमा टूटने के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बुद्ध की प्रतिमा तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

टूटी बुद्ध की प्रतिमा

> अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। मूर्ति तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिससे अराजक तत्व पुनः इस प्रकार की घटना को अंजाम देने से पहले प्रशासन की कार्रवाई से डरे।
>
> **अनिल कुमार पांडेय, सीओ मड़िहान**

> बुद्ध प्रतिमा को तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। जल्द से जल्द अराजक तत्व पुलिस की हिरासत में होंगे।
>
> **अश्वनी कुमार सिंह, एसडीएम मड़िहान**

संगठन ने मूर्ति टूटने की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

प्रज्ञा बुद्ध विहार बेदौली में बुद्ध की प्रतिमा टूटने पर संगठन के अध्यक्ष बेचन सिंह, सदस्य संबोधन कुशवाहा, रणजीत मौर्य, अनिल ने मूर्ति तोड़ने वाले अराजक तत्व पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। समिति ने जल्द से जल्द बुद्ध की नई बुद्ध प्रतिमा स्थापित करने की रणनीति बनाई।

लापरवाही पर बीडीओ ने सफाई कर्मी व चौकीदार को लगाई फटकार

हलिया। ब्लाक मुख्यालय पर साफ सफाई नही किए जाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर बीडीओ कुलदीप कुमार ने मंगलवार को सफाई कर्मी जयशंकर शर्मा व स्वीपर कम चौकीदार श्रीप्रकाश बिंद का अप्रैल माह का वेतन अवरूद्ध करते हुए दोनों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मटिहरा ग्राम पंचायत के मगरदा मजरे में तैनात सफाई कर्मी जयशंकर शर्मा द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर ब्लाक मुख्यालय पर तैनात किया गया था, लेकिन ब्लाक मुख्यालय पर भी साफ सफाई करने को लेकर उच्चाधिकारियों से अनुशासनहीनता करने व लगातार कार्यों में लापरवाही बरतने पर बीडीओ ने मंगलवार को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। इसी तरह ब्लाक मुख्यालय पर तैनात स्वीपर कम चौकीदार श्रीप्रकाश बिंद द्वारा कार्यालय की साफ सफाई नही किए जाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर अप्रैल माह का वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए बीडीओ ने तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

मिट्टी खनन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, दो घायल

चुनार थाना के चुरामनपुर गांव का मामला

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के अदलपुरा चौकी अंतर्गत चुरामनपुर गांव में बुधवार को दो पक्षों में हुई मारपीट में मूसे(65) व शमशेर 40 घायल हो गए। तीन अन्य को हल्की चोटे आई। मिट्टी के अवैध खनन को लेकर छिड़ी वर्चस्व की जंग से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। अदलपुरा चौकी क्षेत्र के वाराणसी जनपद से सटे गांव रुदौली, चुरामनपुर, नंदूपुर से सैकड़ों ट्राली मिट्टी का खनन कर वाराणसी को भेजा जाता है। अनवरत खनन की कमाई से सभी मालामाल रहते हैं। सोमवार की रात में चुरामनपुर गांव से मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से वाराणसी भेजा जा रहा था। सप्लाई को लेकर चुरामनपुर निवासी दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। कारवाई करते हुए चुनार पुलिस द्वारा तीन के विरुद्ध एकपक्षीय रूप से कार्यवाही करते हुए धारा 151 में चालान किया गया था। बुधवार को आधा दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़ कर मारपीट की। जिसमें मौके पर मौजूद मूसे 65 व शमशेर 40 घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। मारपीट करने वाले लोग मिट्टी खनन के कारोबारी हैं। जिसको लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोषियों के विरुद्द कार्यवाही की जा रही है। मिट्टी खनन के लिए परमिशन था या नहीं इसके बाबत उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

अबूझ हाल में 40 बीघे गेंहू की फसल जल कर खाक

दर्जनों किसानों का छिन गया निवाला

मड़िहान। थाना सन्तनगर क्षेत्र अंतर्गत रैकल सिवान में बुधवार दोपहर अबूझ हाल में आग लगने से दो दर्जन किसानों के चालीस बीघा गेंहू की फसल जल कर खाक हो गई। रैकल गांव में गेंहू की कटाई पीछे चल रही है जिससे फसल खेत में खड़ी है। रैकल सिवान में बुधवार दोपहर एक बजे यकायक तेज लपटें व धुंआ दिखा तो आस पास के ग्रामीण व दूरदराज के सैकड़ों ग्रामीण आग बुझाने पहुंच गए। एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह के प्रयास से विद्युत सप्लाई कराई गई किन्तु बोर में पानी नही होने से प्रयास निरर्थक रहा। सूचना पर घण्टों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गांव के ही राधिका देवी, नागेश योगेश, ममता पत्नी हरीश तिवारी, हौशिला प्रसाद, विंध्यवासिनी प्रसाद, कामता प्रसाद, विकास चंद, सुभाष चंद, वंदना, दीपांशी, पुष्पा, पुष्पेंद्र, रितेश, शैलेन्द्र, अंकित, विमल कुमार चौबे, राजेश, संदीप, कुलदीप, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, आनंद कुमार, आशीष, ऊषा देवी, विजय कुमार, निर्मला आदि का 40 बीघा गेंहू की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई। सूचना पर घण्टों बाद पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। सैकडों ग्रामीण भी हरे डंठल लेकर प्रचंड आग की लपट में आग को रोकते रहे प्रयास असफल ही रहा थाना संतनगर से एसआई आरडी यादव मय दल बल के लगे रहे। राजस्व निरीक्षक कृष्णशंकर मिश्र ने बताया कि मौके पर सत्यापन कर लेखपाल की रिपोर्ट पर मंडी समिति से क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी। चूंकि रास्ते के बगल का खेत होने से पिछले वर्ष भी आग लगी थी। जिसमे बीसों बीघा फसल जल कर खाक हुई थी। किसान उस अगलगी से उबर नही पाए थे कि दुबारा आग लगने से किसानों के सारे अरमान देखते देखते धराशायी हो गए। एसआई आरडी यादव ने बताया कि कोई राहगीर बीड़ी सिगरेट पीकर फेंक दिया हो सत्यता की जांच की जाएगी।

डीएम की वार्ता के बाद आयोजित की गई बैठक

अदलहाट। प्रगतिशील ईट निमार्ता कल्याण समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को टेडुआ स्थित सिचाई डाक बंगला परिसर में आयोजित किया गया जिसमें ईट भट्ठा व्यवसाय में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। संस्था के जिलाध्यक्ष अली जमीर खांन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि बिगत दस अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भट्ठा व्यवसाय के समस्या के निस्तारत पर डीएम ने निर्देशित किया था कि विनिमय शुल्क 15 अप्रैल तक जमा करने, जिन ईट भट्ठों का प्रदूषण से सम्बंधित एनओसी नही है। अली जमीर खांन ने ईट भट्ठा व्यवसाईयों से अपील किया कि भट्ठा व्यवसाय के समस्याओं के समाधान के लिए डीएम के वार्तानुसार सभी भट्ठा व्यवसाई शीघ्र कार्यवाही करने को लग जाय। जिससे ईट भट्ठा व्यवसाय निर्विवाद संचालित किया जा सके। इस दौरान जमालुद्दीन खांन भोनू, शमशेर सिह, संतराम सिंह, हाजी मेराज, सीताराम यादव, लालता प्रसाद, वसीम अहमद, हनुमान प्रसाद, गुगई सिंह, राजन, पिन्टू, राधेश्याम आदि तमाम ईट भट्ठा व्यवसाई उपस्थित रहे।

कैसे बुझेगी प्यास, नहीं बना ओवरहेड टैंक

ग्रामीणों में आक्रोश

ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा गर्मी में भुगतेंगे

जनसंदेश न्यूज

मंथर गति से हो रहा निर्माण

कलवारी। विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा कलवारी खुर्द (मझारी)में अमृत पेयजल योजना के तहत 600 लाख लीटर के ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। शासन गाइडलाइन के अनुसार सितंबर 2022 में ही ओवरहेड़ टैंक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की समयावधि निर्धारित थी। संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा कार्यों में लेटलतीफी के चलते निर्माणकार्य आज तक अधर में है।

पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल संकट जनवरी माह से ही गहराने लगा है लेकिन अमृत पेयजल योजना धरातल पर अभी अधूरा है। क्षेत्र में पेयजल डीप बोरिंग के द्वारा ही मिलता है, बरसात कम होने से जल स्तर नीचे चले जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। 80% क्षेत्र के डीप बोरिंग पानी देना बंद कर दिये है। ग्रामीण पानी की जुगत में सुबह से ही इधर-उधर पेयजल के जुगत में लग जाते हैं।

क्षेत्र में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है लेकिन टैंकर से प्यास कैसे बुझेगी अभी तो गर्मी को चरम पर पहुंचना बाकी है। क्षेत्र में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। अमृत पेयजल योजना के धरातल पर आने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब होगा एक उम्मीद जगी थी लेकिन शुद्ध पेयजल के लिए अभी कितना लंबा इंतजार करना होगा यह तो समय ही बताएगा। अमृत पेयजल योजना से लाभान्वित होने वाले गांव धुरकर, रैकरी, रैकरा, गुरुदेव नगर, गोरथरा, खुटारी, अमदहा, कलवारी, कलवारी खुर्द, सेमरा, बेदौली, देवदहा सहित कई गांव लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यदाई संस्था के ठेकेदार अजय सिंह के द्वारा ओवरहेड टैंक के निर्माण में लेटलतीफी बरती जा रही है जिससे निर्माण प्रक्रिया अभी आधार में है। निर्माण कार्य में लापरवाही न बरती गई होगी तो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब हो पाता। इस सम्बंध में जानकारी लेने के ठेकेदार से दूरभाष से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

संक्षेप

दो गांवों में जल गई किसानों की 10 बीघे गेहूं की फसल

जमालपुर। क्षेत्र के अलग अलग दो गांव के सिवान में आग लग जाने से लगभग दस बिघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है। बिजली की निकली चिंगारी से बुधवार को रीवा गांव के सिवान में लगभग सात विघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान बैजनाथ, मुन्ना, श्रीराम निवासी रीवा, हरिश्चंद्र सिंह निवासी शाहपुर माफी, विमला देवी पत्नी जगदीश पटेल पड़ाव का रीवा गांव के सिवान के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। वहीं चल रहे तेज हवाओं ने इस आग में घी का काम किया और फसल धू धू कर जलने लगी। जहां बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग सात विघा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। वही दूसरी आगलगी की घटना जगदीशपुर गांव के सिवान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से जगदीशपुर निवासी दुर्गा सिंह तथा जफरपुरा गांव निवासी उमाकांत दीक्षित का अगली से लगभग दो बिघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वहीं ग्रामीणों के लाख प्रयास के बाद भी मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

संदिग्ध हालात में आग लगने से पिकप जलकर राख

जमालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के डबक पुलिस चौकी के डोहरी गांव के पास मंगलवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से पिकप गाड़ी जलकर खाक हो गई। डोहरी गांव निवासी भरोस बियार चंदौली जनपद के नरायनपुर निवासी संतोष यादव का पिकप गाड़ी चलाता है। हर रोज की भांति मंगलवार की रात पिकप वाहन अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ी कर भोजन करने के बाद अपने परिजनों के साथ सोने चला गया कि देर रात पिकप मालवाहन से आग की लपटे उठती देख नींद खुलने पर शोरगुल मचाने लगा। जिससे लोगों की भीड़ जुट गई। जहां आग का गोला बने जलते पिकप वाहन पर पानी डालकर आग को ग्रामीण बुझा पाते तब तक पिकप जलकर खाक हो गई। पीड़ित ड्राइवर ने मोबाइल से डायल 112 पुलिस के साथ वाहन मालिक को सूचना दिया।

नोडल अधिकारी ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण

लालगंज। तहसील क्षेत्र के उसरी खमरिया गोवंश आश्रय का जिला बेसिक शिक्षाधिकारी नोडल अधिकारी ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोवंश के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का विस्तृत रूप से जानकारी लिया और उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोवंश के रखरखाव में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। कहा कि गोवंशों के आहार व पानी समय-समय पर देते रहें जिससे पशु स्वस्थ व संरक्षित रहे। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय पर 231 गोवंश संरक्षित मिले उनके खाने के लिए 205 कुंटल भूसा, 24 बोरी पशु आहार, 60 केजी गुड, नमक, व 50 केजी चूना गोवंश के उपयोग में मिला। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि गोवंश में एलएसडी तथा एफ एमडी टीकाकरण किया गया है तथा पेट की क्रीम नाशक दवा भी पिलाई गई है। इस अवसर पर कमाल अहमद गौ सेवक एवं रोजगार उपस्थित रहे।

रिहाइशी कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी

मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि होने के साथ स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार दोपहर एक बजे विंध्याचल शिवपुर बड़े बगीचा क्षेत्र के रिहायसी बंधवा पुरम कॉलोनी में दिनदहाड़े किराए के मकान में रहने वाली शिक्षिका वाराणसी निवासिनी प्रज्ञा श्रीवास्तव के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता प्रज्ञा श्रीवास्तव की मानें तो सुबह 8:30 बजे विद्यालय जाने के बाद जब दोपहर घर को वापस आई तो घर के गेट का ताला तोड़ घर में रखा टीवी, सामान समेत आभूषण गायब मिला। पीड़िता ने घटना को देख आसपास के लोगों में शोर मचाया। स्थानीय पुलिस की माने तो मामले की जांच कर प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है।

अगलगी से 13 बिस्वा गेहूं की फसल जल कर राख

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के खाजगीपुर गाँव के पूरब सिवान में आग लगी से खेत मे लगे गेहूं की फसल आग के गाल में समा गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार खाजगीपुर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 जगत हरण सिंह का गाँव के पूरब सिवान में 13 विस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जैसे ही गेंहू की फसल में आग लगी लोग पुकारने चिल्लाने लगे घरों से लोग बाल्टी डब्बे समर सेबुल पाइब लेकर खेत की तरफ दौड़ते तब तक देखते ही देखते आग की आगोस में 13 विस्वा गेहूं की फसल राख में तब्दील हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर फायर विग्रेड व पुलिस पहुँची तब तक आग की गाल में गेहूं की फसल समा चुकी थी। किसान अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मेरे खेत के बगल में हार्वेस्टर से दूसरे किसान का गेहूं की फसल काटा गया था। उसी के बगल में मेरा 13 विस्वा गेंहू मजदूरों द्वारा काटा जा रहा था जो आग की भेंट चढ़ गयी।

मोटरसाइकिल के धक्के से तीन घायल, एक गंभीर

राजगढ़। राजगढ़ चुनार मार्ग पर स्थित जौगढ़ बाजार में बस का इंतजार कर रहे तीन सवारियों को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया जिससे एक महिला सहित दो अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत जमुती गांव की निवासिनी सुनीता जौगढ़ बाजार में बस पकड़ने के लिए खड़ी थी। जहां पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दीपचंद व भगतसिंह ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो ग?ई। वहीं मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर ग?ए और चोटिल हो गए। आनन-फानन में तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। डाक्टरों ने सभी घायलों का इलाज किया जिसमें महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

मोबाइल चोरी के आरोप में भेजा जेल

मीरजापुर। चोरी के अभियोग से सम्बन्धित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोबाइल बरामद किया। थाना राजगढ़, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी धीरज कुमार पुत्र सत्तमी पाल निवासी नुनौटी थाना राजगढ़ मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध एक दुकान पर मोबाइल को चोरी कर लेने के सम्बंध में लिखित तहरीर दी गई तथा चोरी करने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया था। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर धारा 379,411 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। राजगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी सूरज सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम धनसिरिया थाना राजगढ मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही हुए जेल भेजा गया।

आग लगने से जल गया मड़हा

जिगना। विंध्याचल थाना अंतर्गत बिरोही में चूल्हे से निकली चिनगारी से मड़हा जलकर खाक हो गया। प्रतिदिन की भांति गुड्डी देवी पत्नी रामधनी चूल्हे पर समोसा का मसाला बना रही थी। अचानक आग मड़हे में लग गई और धू धू कर जलाने लगा। किसी तरह ग्रामीणों की मदद से आग बुझाया गया। तब तक गृहस्थी का सब सामान जलकर खत्म हो गया था। गेहूं, चावल, चारपाई, गैस चूल्हा, रजाई, सहित 1000 हजार रुपया जल गया।

वरिष्ठ तीर्थपुरोहित बच्चालाल पाठक का निधन

मीरजापुर। विंध्यवासिनी मंदिर के वरिष्ठ तीर्थपुरोहित तथा विंध्यवासिनी आराधना केंद्र से संस्थापक बच्चालाल पाठक गोलोकवासी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 90 वर्ष की आयु में बुधवार की सुबह उन्होंने अपने निज निवास पर अंतिम सांस ली। दिवंगत होने की जानकारी पर परिजनों सहित स्थानियों में शोक की लहर फैल गई। उनके अंतिम दर्शन तथा शोक संवेदना के दृष्टिगत सैकड़ों लोग उनके आवास पर पहुंचे। रामगया घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई। अंतेष्टि के समय भी घाट पर काफी भीड़ मौजूद रही। बच्चालाल पाठक विंध्याचल के विशिष्ठ व्यक्तियों में से एक प्रमुख व्यक्ति रहे। पिछले कई दशकों से देश के नामी गिरामी व्यक्तियों को मां विंध्यवासिनी के चरणों से जोड़ने वाले इस दिवंगत व्यक्ति देश के पूर्वराष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री को भी दर्शन पूजन करा चुके थे। हर व्यक्तियों से अपनापन तथा मुस्कुराहट के साथ मिलने वाले शख्स ने अपने जीवन में तमाम विषम परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद भी एकदम से निर्विवाद रहे।

शस्त्र व एस्कॉर्ट के साथ प्रवेश वर्जित

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिला प्रशासन ने निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। निर्वाचन अधिकरी चन्द्र विजय सिंह ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने का संबंधितों को निर्देश दिया है। कहा कि नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन में सदस्य एवं अध्यक्ष पद के मतपत्र एक ही मतपेटिका में डाले जाएंगे। कोई भी व्यक्ति शस्त्र, स्कार्ट के साथ मतदान केन्द्र के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। जहाँ प्रत्याशियों की संख्या अधिक है, वहाँ मतदान अभिकर्ताओं को पोलिंग स्टेशन के बाहर बरामदे में बैठाया जाएगा जहां से वे मतदान पर नजर रख सकेंगे।

मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी पार्टी या प्रत्याशी का टेंट नहीं लगेगा। अभिकर्ता मतदाता के बारे में पीठासीन अधिकारी से लिखित या मौखिक आपत्ति कर सकता है।

मतदान केंद्र

मतदान केंद्र पर मतदान अभिकर्ता मोबाइल के साथ नहीं कर सकेंगे प्रवेश

जिले में दूसरे चरण में 11 मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा।

निकाय चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते हुए डीएम ने कहा कि मतदान के आरम्भ में मतदान के लिए मतपेटी तैयार करते समय सभी उम्मीदवार या उनके अभिकर्ता मतपेटी का निरीक्षण करने के लिए अन्दर आ सकते हैं।

मतदान की समाप्ति पर मतपेटी को बन्द करते समय भी सभी उम्मीदवार या उनके अभिकर्ता जो मतपेटी की सील पर अपने हस्ताक्षर करना चाहें, वे अन्दर आ सकते हैं। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत आदेश पारित करके ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी नागरिकों को अस्त्र शस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी भी मतदान स्थल के अन्दर तब तक प्रवेश नहीं करेंगे जब तक कि पीठासीन अधिकारी द्वारा उन्हें अनुमति न दी जाए। पोलिंग स्टेशन के प्रांगण में कोई व्यक्ति शस्त्र या स्कार्ट के साथ प्रवेश नहीं करेगा, मतदान के दिन किसी भी व्यक्ति अथवा विशिष्ट व्यक्ति को स्कोर्ट उपलब्ध नहीं कराया जाएगा लेकिन अपना मत प्रयोग करने के लिए मतदान स्थल पर जाते व वहाँ से लौटते समय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी दल या उम्मीदवार द्वारा टेंट आदि नहीं लगाया जाएगा। पीठासीन अधिकारी, मतदान अभिकर्ताओं से उनका नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे तथा मतदान केन्द्र में मतदान अभिकर्ता पास लगाकर उपस्थित रहेंगे। मतदान केन्द्र पर मतदान अभिकर्ता मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं करेंगे।

जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह

डीएम ने बाल गृह का किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को बाल गृह बालक उरमौरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित प्रभारी से बच्चों के देख-भाल, नास्ता व भोजन व दिये जा रहे अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, तो प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में बाल गृह में कुल 13 बच्चें हैं, जो अपने घर का सही पता नहीं बता पा रहे हैं, जैसे ही इन बच्चों का स्थायी पता मिल जायेगा, उनको सुरक्षित घर पहुंचा दिया जायेगा। इस दौरान डीएम ने बालकों के कमरों में जाकर उनसे सीधा संवाद किया और दिये जा रहे नास्ता, भोजन व अन्य सुविधाओं के गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी जाये और बालकों को निर्धारित मीनू के अनुसार नास्ता व भोजन उपलब्ध करायाा जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये।

कचहरी परिसर में चक्रमण कर वकीलों ने जताया विरोध

नाराजगी

कानपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का किया समर्थन

वकीलों के कार्य बहिष्कार से कोर्ट का कामकाज रहा प्रभावित, वादकारी रहे परेशान

जनसंदेश न्यूज

राबर्ट्सगंज कचहरी में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

सोनभद्र। कानपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के समर्थन में बुधवार को जनपद न्यायालय सोनभद्र के परिसर में अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सोनभद्र के वकीलों ने चक्रमण कर विरोध जताया। साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया। जिसकी वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी परेशान रहे।

सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राबर्टसगंज कचहरी परिसर में नारेबाजी करते हुए चक्रमण कर विरोध जताया।

वकीलों ने कानपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की जायज मांगों का समर्थन किया। उक्त मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पांडेय, पूनम सिंह, बिंदु यादव, दिनेश दत्त पाठक, राजेंद्र चौधरी, अरुण कुमार पांडेय, राजीव कुमार सिंह गौतम, पवन मिश्र, गोविंद मिश्र, रणछोर प्रसाद पांडेय, अखिलेश मिश्र, आनंद मिश्र, रमेश चौबे, देवानंद चौबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एड व महामंत्री एड विमल प्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष दयाराम सिंह यादव एड, पूर्व उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह,एड अतुल प्रताप पटेल, एड महेंद्र प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता भी कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहे। जिसकी वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी परेशान रहे।

संक्षेप

महिला की अज्ञात वाहन के धक्के से मौत

सोनभद्र। चोपन थाना के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित ग्राम पटवध टोला के समीप बुधवार सुबह सड़क पार कर रही एक महिला की आज्ञात वाहन के धक्के से मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतका की पहचान मुन्नी देवी 50 पत्नी जवाहीर निवासी उरमौरा थाना राबट्र्सगंज के रूप मे हुयी है। मृतका अपने भाई मुन्ना भारती निवासी टोला बसकटवा ग्राम पटवध से मुलाकात कर के वापस अपने घर जा रही थी इसी दौरान आज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

बालिका की मौत पर परिजनों का हंगामा

दुद्धी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में मंगलवार को दुम्हान ग्राम के प्रियांशी उम्र डेढ़ वर्ष पुत्र ज्ञानचन्द्र को परिजनों ने डिहाइड्रेशन की शिकायत पर भर्ती कराया। जहा चिकित्सक संजीव कुमार ने मंगलवार 11 बजे से इलाज शुरू किया।इलाज के दौरान बालक की तबियत में सुधार था।बुधवार को डॉक्टर संजीव के अमवार स्वास्थ्य केंद्र पर जाने के बाद अन्य चिकित्सकों ने बालक का इलाज किया।इस दौरान बुधवार की शाम 5 बजे बालक की मौत हो गई।मौत के बाद बालक के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया।घटना की सूचना पर कस्बा इंचार्ज संजय सिंह ने अस्पताल पहुंचकर कर मामले को शांत कराया।

एसडीएम के आश्वासन पर छात्रों का आंदोलन समाप्त

ओबरा। राज्य विद्युत उत्पादन निगम निदेशक मंडल द्वारा ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज को लीज पर निजी हाथों में सौंपे जाने के फैसले के विरोध में विद्यालय के छात्र छात्राओं का मंगलवार को कॉलेज के अंदर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को एसडीएम ओबरा प्रभाकर सिंह के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इस मौके पर धरने का नेतृत्व कर रहे छात्र ओबरा इंटर कालेज बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक आनंद कुमार ने उपजिलाधिकारी को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह बताया कि निकाय चुनाव को लेकर जिले में निषेधाज्ञा लागू है ऐसे में धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने धरनारत छात्र छात्राओं की मांगों को शासन को भेजने की बात कही इसके बाद धरना समाप्त हो गया।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

डाला। नगर क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय के निर्देश पर मादक पदार्थ की अवैध बिक्री के खिलाफ चलाए गए अभियान के क्रम में डाला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चौकी क्षेत्र के लगड़ामोड़ के पास से मंगलवार की देर एक युवक को एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया। चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नगर में शातिं व्यवस्था के लिए मामूर था कि एक मुखबीर द्वारा सूचना मिली की एक युवक लगडा़मोड के पास एक युवक झोले मे गांजा को लेकर खडा है, सूचना को सत्य मान कर डाला पुलिस मौके पर पहुच गई और लगडा़मोड पर खड़े युवक को घेरेबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम 21 वर्षीय अनिल विश्वकर्मा पुत्र तपेश्वर विश्वकर्मा निवासी सेवा सदन थाना चोपन बताया। पकडे गए युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पजीकृत करके न्यायालय भेज दिया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

फंदे से लटका मिला युवक का शव, खुदकुशी की आशंका

बीजपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इंजनी के एक युवक ने बुद्धवार को फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई के पश्चात पोष्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। स्थानीय पुलिस के अनुसार श्याम बाबू 19 पुत्र हरिलाल निवासी इंजानी रोज की भांति खाना खाकर अपने पुराने घर की ओर चला गया जब उसका बुद्धवार की सुबह पता नहीं चला तो खोजबीन की गई। घर से कुछ दूर अमरुद के पेड़ में रस्सी के सहारे शव लटका मिला। स्थित देख परिजनों के पॉव तले जमीन खिसक गई। परिजन बेटे की इस तरह की घटना से स्तब्ध है। घटना की जानकारी लेने के लिए सीओ मौके पर पहुँचे परिजनों से जानकारी लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। युवक की शादी इसी माह के 28 अप्रैल को होनी थी।

क्रिकेट लीग में रेनुसागर ने अनपरा को हराया

अनपरा। ऊर्जांचल कप लैदर क्रिकेट लीग के ग्रुप बी के दूसरे मैच में रेनुसागर ने अनपरा को 47 रनों से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गयी है अब गुरुवार को सिंगरौली और अनपरा में जो जीतेगा वो सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन जाएगी। रेनुसागर ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 146 रन बनाये जिसमें धीरेंद्र 35, अनिल 31 रन बनाए, आयुष ने 3, विश्वजीत, अंकित ने 2-2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी अनपरा की टीम 15.5 ओवरों में 99 रनों पर सिमट गई मनोज ने 37, विश्वजीत ने 18 रन बनाए, राहुल ने 3, दीपक, प्रवीण ने 2-2 विकेट लिए। राहुल जायसवाल को मैन ऑफ द मैच आशुतोष राय द्वारा दिया गया।

नगर निकाय चुनाव की बनाई रणनीति

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव को लेकर जिला पार्टी कार्यालय पर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय यादव ने किया और संचालन मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया। नि. जिलाध्यक्ष विजय यादव, पूर्व विधायक रमेश चंद दूबे, पूर्व जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए रणनीति बनाई गई और कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव को जीतने के लिए टिप्स दिए गए।

30 जून तक करें आवेदन

सोनभद्र। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया है कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निदेर्शानुसार मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालन तथा मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ व होम/लॉग स्टे होम के संचालन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं जो कि इस तरह के संस्थाओं का संचालन कर रही हैं, अपना प्रस्ताव 30 जून तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करायें।

पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

विंढमगंज। स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को अंबेडकर जयंती, अलविदा की नमाज और आगामी ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद्र कुमार गुप्ता ने की। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। कहा कि इलाके में अमन चैन बना रहे इसके लिए सभी लोग मिलजुल कर के त्यौहार व पूजा पाठ करेंगे।नई परंपराओं की शुरूआत किसी भी सूरत में नहीं की जाएगी। पुरानी परंपराओं का निर्वहन करने के लिए सक्षम अधिकारी से आदेश लेना अनिवार्य है। आगामी त्यौहार पर जो भी कार्यक्रम जुलूस इत्यादि करेंगे उसमें कमेटी बनाकर व आपसी सद्भाव के साथ मनाएंगे।

आईओ लंबित विवेचनाओं में और लांए तेजी : सीओ

निर्देश

जनशिकायतों की सुनवाई कर जांच करें तत्काल

जनसंदेश न्यूज

ओबरा थाने में अर्दली रूम में मीटिंग लेतीं क्षेत्राधिकारी डॉ. चारू द्विवेदी

ओबरा। क्षेत्राधिकारी ओबरा डा. चारु द्विवेदी ने स्थानीय थाने के अर्दली रुम का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना ओबरा, कोन, जुगैल, हाथीनाला पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया। साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अ मिथिलेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक जुगैल विश्वनाथ प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोन अमरजीत चौहान, सहित थाने के अन्य विवेचक/ उपनिरीक्षक तथा अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

निगम के स्कूलों का निजीकरण रद्द हो

ओबरा। उत्पादन निगम के स्कूलों को लगभग मुफ्त में लीज पर निजी संस्था को सौंपे जाने के फैसले को रद्द किए जाने की मांग युवा मंच ने किया है। इस मामले में मंच के संयोजक राजेश सचान ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर उत्पादन निगम के स्कूलों को निजी संस्था को सौंपे जाने के औचित्य पर सवाल खड़ा करते हुए तत्काल इस फैसले को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया है कि ओबरा में स्कूल के छात्रों द्वारा इस जनविरोधी फैसले के विरुद्ध बेमियादी धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कहा कि कारपोरेट सोशल रिसपांसबिलिटी (सीएसआर) के तहत इन स्कूलों का संचालन किया जा रहा था। वर्तमान में सरकार अपने इस दायित्व से पल्ला झाड़ रही है। दरअसल स्थिति तो यह है कि शिक्षा सुनिश्चित करने का जो संवैधानिक दायित्व राज्य व सरकार का है उससे ही इंकार किया जा रहा है और शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के निजीकरण पर सरकार आमादा है। जिस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।

स्वयं की सुरक्षा और बढ़ रहे साइबर अपराधों पर किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

बभनी। विकास खण्ड बभनी के दक्षिणांचल ग्रामोदय इण्टर कालेज में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को 1090 और बढ़ रहे साइबर अपराधों को लेकर पुलिस ने जागरूक किया गया।

दक्षिणांचल ग्रामोदय इण्टर कालेज बभंनी में शिक्षण कार्य कर रही छात्राओं को बुधवार को प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरूक किया।श्री सिंह ने विद्यालय की बालिकाओं को मिशन शक्ति,1090 व साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। सरकार बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार सजग है अगर कोई भी व्यक्ति किसी छात्रा या महिला को परेशान करता है, तो छात्राएं इसके लिए 1090 सहित थाने में बने महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज करा सकती है ?। महिला कांस्टेबल नीलम ने बताया कि स्कूल जाने आने के समय यदि रास्ते में आते जाते समय शोहदों से कोई परेशानी होने पर इन नंबर का प्रयोग किया जा सकता है। छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक ऋषिकेश पांडेय, शिक्षक सूर्यकांत दूबे सहित अन्य शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

नगर में तेज रफ्तार बाइक से फर्राटा भर रहे शोहदे

पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। रावट्र्सगंज नगर में शोहदे सक्रिय हैं। सुबह शाम एक बाइक पर तीन-चार की संख्या में सवार युवक फर्राटा भरते रहते हैं। युवकों की इन हरकतों से आम लोगों को परेशानी होती है। यह हाल तब हैं जब सभी चौराहों व तिराहों पर पुलिस तैनात है। लेकिन शोहदों पर उनकी नजर नहीं जा रही है। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

नगर की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व चौकी पुलिस पर है। लेकिन होली के दिन शोहदों के एक गिरोह ने मेन चौक के समीप लाठी डंडे से पीटकर एक युवक की जान ले ली थी बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं हुई। हालत यह है कि सुबह शाम को अक्सर बाजार में भीड़भाड़ बढ़ जाती है और इसी समय शोहदों का गिरोह तेज रफ्तार बाइक पर सवार होकर निकलता है जिससे लोगों को परेशानी होती है। इनको कोई रोकता टोकता है तो वे विवाद पर उतारू हो जाते हैं।

कुछ वर्ष पूर्व अरशद खान चौकी प्रभारी थे उन्होंने अपनी पुलिसिंग के दम पर शोहदों पर कुछ हद तक अंकुश लगाया था लेकिन उनके जाने के बाद हालात फिर वहीं हो गए। कहा जा रहा है कि आम लोगों की बाइक पुलिस चेक करती है लेकिन एक बाइक पर तीन से चार युवक सवार होकर उनके सामने से निकल जाते हैं लेकिन पुलिस उन्हें नहीं रोकती।

उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि शोहदों की सक्रियता से आम नगरवासी परेशान हो रहे हैं उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शोहदों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

87 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

पुलिस हिरासत में अवैध शराब कारोबारी

ओबरा। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब का कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओ में चालान कर दिया। आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब बनाने की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कई हिस्सों में छापेमारी कर 87 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने के साथ तीन कुंतल लहन, शराब बनाने का उपकरण सहित कई भट्टियों को भी नष्ट कर दिया।

पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान शिवशंकर, राम कुमार व सुनील निवासी सेक्टर 4 साईं मंदिर कोतवाली ओबरा को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया। छापेमारी के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, उप निरीक्षक श्रीराम यादव, उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, उपनिरीक्षक चिंतामणि सेन, हेड कांस्टेबल लल्लन यादव, बृजेश यादव, सुभाष, कांस्टेबल अरविंद कुमार, अशोक कनौजिया, प्रीतम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

छात्राओं को खेलकूद की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय छपका का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान डीएम ने विद्यालय के कमरों में जाकर देखा और स्थिति का जायजा लिया और विद्यालय परिसर में खाली स्थानों पर कमरे बनाने के साथ ही विद्यालय परिसर में छात्राओं हेतु खेल-कूद की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्राचार्य को निर्देशित किये। विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को दिये जा रहे शिक्षण कार्य आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली और सम्बन्धित शिक्षकगणों को छात्राओं को बेहतर शिक्षा दिये जाने के निर्देश दियें। इस दौरान विद्यालय परिसर में बने शौचालय की स्थिति को देखा, तो स्थिति ठीक नहीं पायी गयी।

इसी प्रकार परिसर के कमरों, दरवाजे व खिड़की ठीक नहीं मिली और जगह-जगह पर फर्श टूटी-फूटी स्थिति में मिली, जिस पर डीएम ने तत्काल मरम्मत कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये।

राजकीय महिला महाविद्यालय छपका का निरीक्षण करते डीएम

मेडिकल स्टोर संचालक बने डॉक्टर, गरीबों की जिंदगी पर आफत

जनसंदेश न्यूज

कलवारी। स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी में कुछ मेडिकल स्टोर संचालकों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इलाज के साथ-साथ आवश्यक इंजेक्शन व दवाएं भी बिना डॉक्टर की सलाह पर दी जा रही है। पिछड़े क्षेत्र व कम पढ़े लिखे होने के नाते ग्रामीणों को मेडिकल स्टोर संचालक आसानी से अपने झांसे में लेकर मोटी रकम वसूल रहे हैं।

मेडिकल स्टोर संचालक दीमक की तरह गरीब जनता को चटकर जा रहे हैं, बेबस लाचार जनता मेडिकल स्टोर संचालकों को डॉक्टर समझ कर इलाज करवा रही है। जिसका फायदा मेडिकल स्टोर संचालक उठा रहे हैं। मेडिकल स्टोर संचालकों के रूप लूट घसोट से ग्रामीणों में आक्रोश है। संबंध में राजगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ पवन कश्यप ने बताया कि अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत चिस्तीपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023
(रामचेत) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. चिस्तीपुर,वि.ख. अतरौलिया आजमगढ
(आदेश शुक्ला) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. चिस्तीपुर, वि.ख. अतरौलिया आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत देहुला सल्तनत, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 11 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023
(किरन प्रकाश वर्मा) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. देहुला सल्तनत,वि.ख. अतरौलिया आजमगढ
(आदेश शुक्ला) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. देहुला सल्तनत, वि.ख. अतरौलिया आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत अतरौलिया, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 10 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023
(उषा सिंह) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. अतरौलिया, वि.ख. अतरौलिया आजमगढ
(आदेश शुक्ला) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. अतरौलिया, वि.ख. अतरौलिया आजमगढ़

नगर निकाय: चेयरमैन पद के लिए 10 ने खरीदा पर्चा

तैयारी

दूसरे दिन भी किसी भी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

चंदौली नामांकन स्थल से नामांकन पत्र लेते भावी प्रत्याशी।

चंदौली। नगर निकाय चुनाव-2023 के रण का बिगुल बज चुका है। ऐसे में नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन प्रक्रिया को लेकर गंभीर व सक्रिय नजर आ रहे हैं। नामांकन के दूसरे दिन भी भले ही कोई नामांकन नहीं हुआ हो, लेकिन नामांकन पत्रों की खरीद ताबड़तोड़ हुई। तहसील में बने नामांकन स्थल पर सैयदराजा व चंदौली नगर पंचायत के भावी उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदकर खुद को चुनाव की लड़ाई में शामिल होने का ऐलान किया।

चंदौली व सैयदराजा के चेयरमैन पद के लिए पांच-पांच नामांकन पत्र खरीदे गए। वहीं सभासद पद के लिए चंदौली में 35 व सैयदराजा 25 फार्म की बिक्री हुई।

नगर पंचायत चंदौली के चेयरमैन पद के लिए जुबेर अहमद, विजय कुमार सिंह, महेंद्र कुमार, भरत गुप्ता व हरिदास ने नामांकन पत्र खरीदा। जुबेर अहमद ने नामांकन पत्र खरीद कर चेयरमैन पद के चुनाव में अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व की ओर संकेत दिए। चूंकि चेयरमैन का पद अनारक्षित है। ऐसे में वह चुनाव लड़ते हैं तो अल्संख्यकों के साथ ही पिछड़े वर्ग के वोट का झुकाव उनकी ओर होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा महेंद्र कुमार गुप्ता, भरत गुप्ता, हरिदास ने अध्यक्ष पद पर अपनी उम्मीदवारी के नामांकन पत्र खरीदा।

चंदौली चेयरमैन के अनारक्षित पद के लिए पिछड़ी जाति के उम्मीदवारी से समीकरण बदलने की ओर संकेत दिए है। वार्ड के सभासद पद के लिए 35 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है। इसके अलावा सैयदराजा चेयरमैन पद के लिए उम्मे हबीबा, फातिमा बीबी, इशरत परवीन, लालमणी देवी ने नामांकन पत्र खरीदा है। यहां चेयरमैन का पद पिछड़ी जाति के महिला के लिए आरक्षित है, जहां अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने ताबड़तोड़ नामांकन फार्म खरीद कर अपने मजबूत प्रतिनिधि के संकेत दिए है। वहीं विभिन्न वार्डों के सभासद पद केद लिए 25 ने नामांकन पत्र लिया है। इस दौरान नामांकन स्थल पर चहल-पहल रही। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

डीएम ने चकिया बीडीओ व एडीओ पंचायत को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

चकिया। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे बुधवार की दोपहर चकिया दौरे पर थे। जिलाधिकारी ने ब्लॉक कार्यालय, 2 विद्यालय गोवंश आश्रय स्थल, मनरेगा पार्क का निरीक्षण करने के साथ ही पुष्टाहार बनाने वाली स्वयंसेवी महिलाओं से मुलाकात की। ब्लॉक कार्यालय में निर्देशों के बावजूद वार रूम नहीं बने होने से डीएम ने बीडीओ और एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी है।

बुधवार की दोपहर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे डीएम ने उपस्थिति पंजिका, मनरेगा सेल, स्टोर रूम सहित विभागीय फाइलों की गहनता से जांच की। जहां ब्लॉक कार्यालय में वार रूम नहीं बने होने से बीडीओ रविंद्र प्रताप सिंह यादव और एडीओ पंचायत एनडी तिवारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी। कम्पोजिट विद्यालय भभौरा, पहुंचे डीएम ने क्लास रूम, प्रयोगशाला कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, वाशरूम, शौचालय, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। रसोईयों से मिड डे मील से संबंधित पूछताछ की। इसके उपरांत जिला अधिकारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर पहुंचे जहां स्कूल में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। शिक्षकों से बच्चों की उपस्थिति और मिड डे मील से संबंधित पूछताछ की। वहीं जिलाधिकारी ने फिरोजपुर गांव स्थित गोवंश आश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था के साथ स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने पशुओं के लिए भूसा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही चहारदीवारी के किनारे-किनारे पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। हेतिमपुर गांव में स्थित बाबा जागेश्वर नाथ धाम के पास बनाए गए मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। इसके साथ ही डोड़ापुर गांव में अनमोल प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण कर बनने वाले पुष्टाहार की गुणवत्ता को परखा। जिलाधिकारी ने उद्योग में लगी समूह की 20 महिला सदस्यों से पूछताछ की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसपी श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सहित तमाम संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बीएसए दफ्तर पहुंचा शिक्षक व शिक्षामित्र में मारपीट का मामला

दरबार में पेशी

खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

चंदौली। नौगढ़ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय सत्यनारायणपुर के शिक्षक और शिक्षामित्र बच्चों के सामने ही आपस में मारपीट कर लिया। जब इसका वीडियो वायरल हुआ था पुलिसिया कार्रवाई के डर से सुलह समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। यह मामला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पहुंच गए। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बताया जाता है कि नौगढ़ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में शिक्षक और शिक्षामित्र आपस में मारपीट कर लिया। मंगलवार को सहायक अध्यापक विलंब से विद्यालय पहुंचे तो शिक्षामित्र ने टोक दिया। इसी बात पर पहले दोनों में गाली-गलौच हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में चोट लगने से हेडमास्टर की नाक से खून बहने लगा। बाद लोगों की मदद से उन्हें नौगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

दोनों पक्ष थाने पहुंचकर पहले तहरीर दी फिर सुलह कर लिया, लेकिन मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा महकमा हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुंच गई। इस पर बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने मामले को गंभीर बताते हुए दोनों शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ हो जांचोपरांत दोषी के खिलाफ कार्रवाई की ओर बात कर रहे, ताकि इसकी जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया है और तत्काल इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

एआईएमआईएम नगर निकायों में उतारेगा चेयरमैन प्रत्याशी

चंदौली। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिला इकाई की बैठक मंगलवार की रात संजय सिंह के आवास पर हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई और नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला सचिव संजय सिंह ने कहा कि राजपूत, ब्राह्मण व मुस्लिम समाज के लोग मिलकर एक अपना प्रत्याशी उतारेंगे। जो नगर पंचायत के चुनाव में दमखम के साथ अपनी दावेदारी पेश करेगा। कहा कि पूरे नगर में 40 वर्षो से जमे कोटेदारों को हटाने के साथ-साथ जनता को वाईफाई सेवा से भी जोड़ा जाएगा, जो अभी तक नगर में नहीं हुआ। साथ ही बिजली विभाग की मनमानी भी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान भोला सिंह, प्रमोद सिंह, शशिकांत मिश्रा, राकेश तिवारी, इलियास प्रधान, मुख्तार, डा. अलाउद्दीन, वसीम वकील, रफीक, उमेश सिंह, बुलबुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

अस्पताल से गैरहाजिर मिले डॉक्टर व हेल्थकर्मी

जनसंदेश न्यूज

नौगढ़ सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम।

नौगढ़। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां पर नियुक्त चिकित्सक सहित कुल 48 स्वास्थ्य कर्मियों में मौके पर मात्र 17 की ही मौजूदगी रही।

अनुपस्थित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध प्रावधानों के तहत कार्यवाही किए जाने की संस्तुति करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ में नियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डा.अवधेश कुमार सिंह द्वारा कभी भी अस्पताल में रात्रि प्रवास नहीं किए जाने के साथ ही कभी कभी मौजूद रहने का फायदा उठाकर अन्य चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की लेटलतीफी व गैरहाजिर रहने से मरीजों को बेहतर दवा ईलाज की सुविधा नहीं मिलने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसे संज्ञान में लेकर बुधवार को किए गए औचक निरीक्षण के दौरान नियुक्त कुल 48 चिकित्सक फार्मासिस्ट वार्ड ब्वाय, एलटी, एक्स रे, तकनीशियन नेत्र सहायक स्टाप नर्स एएनएम लिपिक आदि स्वास्थ्य कर्मियों में उपस्थिति मात्र 17 की ही रही। अनुपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध प्रावधानों के तहत कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित किया गया है।

कोरोना के पांच नए मरीज मिले

चंदौली। स्वास्थ्य विभाग को जांच रिपोर्ट से प्राप्त परिणाम में 5 व्यक्तियों का कोविड-19 का रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुआ है। इनमें दो महिला एवं 03 पुरूष है। ये ब्लाक नियामताबाद, बरहनी एवं चंदौली के रहने वाले है। जनपद में कोविड जॉच हेतु आज कुल 422 नमूने संग्रहित किये गए। इस प्रकार जनपद चंदौली में कोविड के कुल 18493 केस व इनमें एक्टिव केस की संख्या 07 है। अब तक 18102 स्वस्थ हो चुके हैं।

श्रद्धापूर्वक मनी ज्योतिबा फुले की जयंती

चंदौली में ज्योतिबा फुले की जयंती मनाते लोग।

चंदौली। नगर के दिव्य वाटिका में महामना ज्योतिबा फुले को उनके जन्मदिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान प्रहलाद कुमार मौर्य ने कहा कि महामना ज्योतिबा गोविंदराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था। ज्योतिबा फुले एक महान भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महामना फुले एवं ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। सितम्बर 1873 में इन्होने महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। ज्योतिबा फुले पहले भारतीय थे जिन्होंने 1848 में बालिकाओं और 1851 में दलितों के लिए शिक्षा का प्रबंध किया था। वे पहले सामाजिक क्रांतिकारी थे जिन्होंने मनुवाद से सामना करने हेतु दलित पिछड़े वर्ग की जनसंख्यानुपत में नौकरियों में आरक्षण की मांग ब्रिटिश सरकार से की। वे विधवाओं की नारकीय स्थिति को अनुभव कर उनकी दशा सुधारने की दिशा में कार्य करने वाले पहले भारतीय थे। ज्योतिबा फुले पहले भारतीय थे जिन्होंने पैतृक पुरोहिताई की परंपरा की खात्मा के लिए सत्यशोधक समाज के माध्यम से अभियान चलाया। आज सम्पूर्ण कृतज्ञ राष्ट्र उनको नमन करता है। इस दौरान नागेंद्र प्रताप मौर्य, एस के मौर्य, सानन्द मौर्य, राजकुमार मौर्य, नरेंद्र मौर्य, दिवेश मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

स्कॉलरशिप फार्म में सुधार के लिए फिर खुलेगा पोर्टल

चंदौली। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु पुनः निम्न विवरण के अनुसार पोर्टल खोले जाने हेतु समय-सारणी निर्गत की गयी है। निर्गत समय-सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थान स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों का अग्रसारण 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा संस्था की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का वर्ष एवं अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता 20 अप्रैल से एक मई तक एवं सस्पेक्ट डाटा को कारणों सहित छात्र-संस्थाओं के लॉगिन पर तीन मई से 10 मई तक प्रदर्शित किया जायेगा। संदेहास्पद डाटा छात्रों द्वारा तीन से 13 मई तक आनलाइन सही करते हुए शिक्षण संस्थाओं में जमा किया जायेगा। उन्होंने समस्त दशमोत्तर संस्थाओं को सूचित किया कि शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छुटे हुए छात्रों के आवेदन पत्रों पर निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

रेल कौशल विकास योजना के तहत 74 को मिला प्रमाणपत्र

डीडीयू नगर। पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 74 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। पूर्व मध्य रेल द्वारा ह्यरेल कौशल विकास योजनाह्य के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को 06 से 29 मार्च तक पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केंद्र डीडीयू मंडल में 18वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र दानापुर में 16वें बैच के रूप में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षणोंपरांत कुल 74 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1336 युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 18वें बैच को फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 23 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग आदि कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 18वें बैच के रूप में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 12 युवकों को बेल्डर ट्रेड में तथा 18 युवकों को मशीनिष्ट ट्रेड में प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बेल्डर ट्रेड में आर्क वेल्डिंग, स्टेबिलीटी, फॉर्मेशन ऑफ वेल्डिंग वेड, बट ज्वाइंट, टी ज्वाइंट, गैस कटिंग, फाइलिंग और ग्रिडिंग इत्यादि तथा मशीनिष्ट ट्रेड में लेथ पर कार्य करने, थ्रिंडिग, ड्रिलिंग, फेसिंग, टर्निंग, चैम्फरिंग और मशीनिंग मेजरमेंट कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। डीडीयू मंडल के विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र में 18वें बैच में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 12 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान इन्हें विद्युत आयरन, विद्युत हीटर, स्टेयर केस वायरिंग, सीलिंग फैन, विद्युत बोर्ड बनाना एवं कनेक्शन करना, विभिन्न उपकरणों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

बैशाखी के मद्देनजर सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा

डीडीयू नगर। बैशाखी पर्व के मद्देनजर तीन दिवसीय कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को सिख समाज की ओर से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद पंच प्यारे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाते नजर आये। वही पंजाब के तरनतारन से आये राज-ए-खालसा गतका ग्रुप की ओर से दिखाये गये करतबों के चलते लोगों ने दांतो तले ऊंगलियां दबा ली। शोभा यात्रा में शामिल वीर योद्धाओं की तस्वीरें सिख समाज के बलिदान को बताती रही। इस दौरान समाज के लोगों ने कच्ची लस्सी, शरबत, टॉफी, बिस्कुट का वितरण किया।

सिख समाज की ओर से निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारियां बुधवार को सुबह से ही शुरू हो गई थी। शाम को लगभग छह बजे नगर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट में सिख समाज की महिलाएं व पुरूष एकत्र होना शुरू हो गये। इसके बाद वहां से शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सबसे आगे पांच घोड़ों पर पंच प्यारे शौर्य और वीरता का प्रतीक बन सवार रहे। उसके पीछे बाइक से चल रही युवाओं की टोली ह्यजो बोले सो निहालह्य का जयकारा लगाते रहे। इस मौके पर गतका ग्रुप के सदस्यों ने शस्त्रों के माध्यम से हैरतंगेज करतब दिखाये। वहीं ट्राली पर सजी वीर योद्धाओं की तस्वीरे सिख इतिहास के बलिदान की गाथा को बताती नजर आयी।

शोभा यात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के आगे महिलाएं व पुरूष सड़क पर पानी डालकर झाड़ू लगाते रहे। इस दौरान नगर में कई स्थानों पर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शर्बत, शीतल पेय के साथ मिठाई की व्यवस्था की गई थी। रात लगभग दस बजे शोभा यात्रा नगर के जीटी रोड स्थित गुरुद्वारे पर आकर समाप्त हुई। इसके बाद लोगों ने गुरुद्वारे में प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी तरफ गुरुद्वारे पर सुंदर लाइटों व झालरों को भी सजाया गया था।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नुक्कड़ नाटक का छात्रों ने किया मंचन

सकलडीहा। क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नईबाजार में बुधवार को शिक्षा जागरूकता के लिए विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड नाटक का मंचन किया। छात्रों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक सहित अभिभावक ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्सावर्धन किया।नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के प्रभारी सहायक अध्यापक अरूण रत्नाकर ने बताया कि सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से बेहतर सुविधा मिल रहा है। यहां पर निरूशुल्क किताब और बच्चों को प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से खेल और कहानी के माध्यम से बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। डिजिटल क्लास के द्वारा सरकार की विभिन्न बच्चों के उत्सावर्धन योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। छात्राओं के नुक्कड़ नाटक और प्रहसन के माध्यम से सबकों मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक जमील अहमद, अरुण रत्नाकर, ज्योति भारद्वाज,अ धर्मराज प्रसाद, रविशंकर मौर्य, प्रमोद सिंह, अखिलेश, सतीश कुमार, नेहरू आदि सैकड़ों अभिभावक भी उपस्थित रहे।

नाबदान के पानी से ग्रामीणों को परेशानी

बबुरी। क्षेत्र के दिघवट गांव के मुख्य मार्ग पर नाबदान के गंदे और बदबूदार पानी लगे रहने से ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मार्ग पर जलभराव होने की शिकायत कई बार ग्राम प्रधान व अधिकारियों से की परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है।

क्षेत्र के दिघवट गांव के मुख्य मार्ग पर इन दिनों नाबदान के गंदे पानी भरे होने से ग्रामीण नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर पिछले कई महीनों से घुटने तक नाबदान का बदबूदार पानी बह रहा है। जिस कारण मार्ग पर आवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन साइकिल व बाइक सवार और छोटे-छोटे स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व आलाधिकारियों को दी, परंतु वे लोग समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं,व समस्या जस की तस बनी है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। पप्पू यादव, कुलदीप यादव, सुदामा मौर्य, रामा, हनुमान मौर्य, शिव कुमार जायसवाल, राजकुमार आदि गांव ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर बरसात हो या भीषण गर्मी इस मार्ग पर हमेशा नाबदान का पानी लगा रहता है। सबसे ज्यादा डर रात में आवागमन करने पर होता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस समस्या का जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की।

साफ-सफाई के अभाव में गांवों में गंदगी का अंबार

सकलडीहा। विकास खंड के अधिकांश गांवों में साफ सफाई के अभाव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी और कर्मचारी रोस्टर का बहाना बना रहे है। जबकि रमजान माह होने के बाद भी नालियों व गली की सफाई नहीं दिखती है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। बरठी गांव में आबादी हिसाब से पांच सफाई कर्मी नियुक्त किए गए है। लेकिन सफाईकर्मियों की मनमानी के कारण गांव की सफाई नहीं हो पा रही है। गांव में रमजान महीने में भी सफाई नहीं हो रहा है। इसके अलावा नागेपुर, तेन्दुई, टिमिलपुर, सकलडीहा, बलारपुर, पदुमनाथपुर, तेनुवट, चतुर्भुजपुर सहित कई गांवों में जगह जगह कूड़ा करकट का अंबार लगा हुआ है और नाली बजबजा रही है।

संक्षेप

न्यायिक कार्य से विरत रहे चंदौली के अधिवक्ता

चंदौली। संयुक्त बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह व चंद्रभानू सिंह तथा महामंत्री राज बहादुर सिंह व अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर का चक्रमण किया तथा नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कानपुर बार एसोसिएशन के आंदोलन के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहे और कानपुर के अधिवक्ता साथियों के संघर्ष को सराहा। इस अवसर पर अनिल सिंह, संतोष सिंह, राकेश रत्न तिवारी, योगेश सिंह लड्डू, अभिनव आनन्द सिंह, उज्ज्वल सिंह, संदीप सिंह उपस्थित रहे।

बीएसए से की विद्यालय का समय परिवर्तित करने की मांग

चंदौली। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। इस दौरान शिक्षकों ने मौसम में परिवर्तन के बाद के बढ़ते तापमान, तेज धूप व गर्मी को देखते हुए नन्हें-मुन्ने बच्चों को पठन पाठन में हो रही परेशानी से अवगत कराया। बताया कि तेज धूप में विद्यालय से लौटते समय बच्चों के बीमार होने की आशंका बनी हुई है। जिसे देखते हुए विद्यालय संचालन अवधि सुबह सात बजे से बारह बजे तक किए जाना स्कूली बच्चों के हित में होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुनील कुमार सिंह, सदर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बलराम पाठक उपस्थित रहे।

चंदौली में वरिष्ठ नागरिकों ने शुरू किया निःशुल्क प्याऊ

चंदौली। मुख्यालय स्थित डाकघर के बगल में वरिष्ठ नागरिकों की ओर से गर्मी को देखते बुधवार को निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की शुरूआत हुई। इसका शुभारंभ सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों ने निःशुल्क प्याऊ किया व्यवस्था की शुरूआत की है। यह एक अच्छी पहल है। समाज के सभी वर्गों को ऐसे कार्यों के लिए आगे आने की जरूरत है। इस दौरान संयोजक हरिद्वार सिंह व शिव बच्चन सिंह कोषाध्यक्ष के प्रयास से खोला गया है। यह एक सराहनीय कार्य है। इस दौरान राम नगीना सिंह, आनंद कुमार पाण्डेय, नीता सिंह, भुआल सिंह, श्रवण राम पाठक, नयन सिंह, दीना नाथ सिंह, शेर सिंह, कैलाश यादव उपस्थित रहे।

पानी की किल्लत को लेकर वार्डवासियों में आक्रोश

डीडीयू नगर। क्षेत्र के ब्लॉक परिसर में पेयजल सप्लाई के उद्देश्य से बना पानी टंकी का चकवाल विगत एक सप्ताह से खराब है। बावजूद विभागीय अधिकारी अंजान बने हुए हैं। जबकि रमजान के साथ-साथ गर्मी में लोग पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे, जिससे वार्ड वासियों में भारी रोष व्याप्त है।भीषण गर्मी के साथ-साथ मुस्लिम वर्ग रोजा का त्यौहार भी चल रहा है। क्षेत्र वासियों के सुविधाओं को ध्यान में रख कर ब्लॉक परिसर में वार्ड नंबर 16, मुगलचक 9, बिछड़ी 5 के वार्ड वासियों को पेयजल के उद्देश्य से पानी टंकी का निर्माण कराया गया। है लेकिन लगभग 1 सप्ताह से चकवाल खराब हो जाने के कारण वार्ड वासियों को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे हाहाकार मचा हुआ है। विभागीय उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। पानी की किल्लत को लेकर सभासद प्रतिनिधि शेख कयामुद्दीन, सरजून यादव, नसरुद्दीन, उमेश दत्त पांडेय, रोहित कुमार सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

अलीनगर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह को दी विदाई

नियामताबाद। अलीनगर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह का स्थानांतरण अलीनगर से सैयदराजा थाना हो गया है। बुधवार को थाना परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नवागत अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पांडेय के साथ साथ थाने में तैनात पुलिस पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने थाना परिसर में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। लोगों ने सत्य प्रकाश सिंह के कार्यकाल की सराहना की। उनके द्वारा थाने में आये फरियादियों की लगातार सहायता की गई। विदाई के दौरान सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। मेरे पास जो जरूरतमंद आये मैंने उसकी हर संभव मदद की।

अज्ञात कारणों से लगी आग में 10 बिस्वा गेहूं जला

कमालपुर। क्षेत्र के असवरिया गांव में बुधवार की दोपहर में साढ़े बारह बजे के करीब मनोहर यादव की खड़ी गेंहू की फसल में अज्ञात करणों से आग लग गई। इससे फसल धू धूकर जलने लगी। फसल जलता देख पास पड़ोस के किसान बाल्टी में पानी लेकर खेत की ओर दौड़ पड़े। खेत के पास पंचम यादव के समरसेबल से आग को अथक प्रयास कर बुझाया गया। जिससे गांव में बड़ा हादसा होने से बच गया। अन्यथा पूरा गांव आग की चपेट में आ जाता। बताते हैं कि मनोहर यादव के खेत मे आग लगने से करीब दस बिस्वा गेहू की फसल जल गई। ग्रामीणों की सूचना पर जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक आग बुझ गयी थी। इसके बाद किसान मनोहर यादव ने थाना धानापुर जाकर अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दिया। किसान की सूचना पर थानाध्यक्ष धानापुर विजय बहादुर सिंह द्वारा घटनास्थल पर पुलिस भेजकर मौका मुआयना कराया गया। साथ किसान को आश्वत कराया की दोषी के खिलाफ जांचकर आवश्यक कार्रवाई होगी।

बोलरो से गांजा लेकर जा रहे तीन तस्कर गिरफ्तार

इलिया। थाना क्षेत्र के मालदह नहर पुलिया से बोलरो गाड़ी से गांजा लेकर जा रहे तीन पशु तस्करों को पुलिस ने बुधवार सुबह 10 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। वाहन को सीज करने के साथ तीनों तस्करों को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गौ तस्करों, शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस को उस समय सफलता मिली जब थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह मालदह पुल पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी समय बिहार की तरफ से एक बोलरो यूपी 67 आर 9816 आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रोककर जांच पड़ताल किया तो गाड़ी से 12.580 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वही गाड़ी में बैठे तीन गांजा तस्कर रतन राजभर, वैभव कुमार सिंह व सत्य प्रकाश सिंह निवासी मनिहारा थाना सकलडीहा को गिरफ्तार किया। सभी अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि गांजा तस्कर बिहार से सस्ते दर पर गांजा खरीदकर चंदौली में पुड़िया बनाकर बेचने का कार्य करते है।

अध्यक्ष पद पर 5 व सभासद पद के लिए 20 फॉर्म बिके

चकिया। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए तहसील परिसर में बनाए गए नामांकन स्थल पर बुधवार को दूसरे दिन अध्यक्ष पद पर पांच और सभासद पद पर 20 फार्मो की बिक्री हुई। रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कैश खान ने दो, अजय कुमार शिव ने दो और चंदा देवी ने एक सेट में पर्चा खरीदा। रिटर्निंग ऑफिसर सर्वेश चंद्र सिन्हा ने बताया सभासद पद के लिए 12 लोगों ने 20 फार्म खरीदें। जिनमें 5 लोगों ने एक-एक सेट और 7 लोगों ने दो-दो सेट में पर्चा खरीदा।

शांति व सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार: शेषधर

नियामताबाद। एसपी अंकुर अग्रवाल के निदेर्शानुसार अलीनगर थाने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्मगुरूओं व सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ अम्बेडकर जयंती व आगामी त्यौहार ईद उद फितर आदि के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग की। इस दौरान थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय ने शांति एवं सद्भाव के साथ त्यौहारों को मनाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह एवं झूठी खबरों पर विश्वास न करें। किसी भी सूचना को तत्काल स्थानीय पुलिस से साझा करें। पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पूर्णतः पालन करें। थाना प्रभारी ने शांति एवं सद्भावपूर्ण माहौल त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने का आह्वान किया। कहा कि पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिएलगातार क्षेत्र में भ्रमणशील है। इस दौरान कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

कोर्टनी वॉल्श को टीम का खराब प्रदर्शन पड़ा भारी, क्रिकेट वेस्टइंडीज ने हेड कोच के पद से हटाया

सेंट जोन्स (एंटीगा)। अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टीम के दक्षिण अफ्रीका में हाल में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद यह फैसला किया। बोर्ड ने कहा कि वह वॉल्श और अन्य सहयोगी स्टाफ की जगह जल्द ही नई नियुक्ति करेगा। विश्वकप में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद सहयोगी स्टाफ के किसी भी सदस्य के अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज विश्व कप में पहले दो मैचों में इंग्लैंड और भारत से हार गया था तथा आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा था।

आईसीसी टी20 रैंकिंग का ऐलान, बाबर आजम रिजवान ने सूर्यकुमार यादव को दिया बड़ा झटका

हार्दिक बने भारत के नंबर-1 ऑलराउंडर

सूर्यकुमार यादव के अलावा टॉप 10 में कोई भी बल्लेबाज शामिल नहीं

मुंबई। इंटरनेशनल क्रिकेट कॉउन्सिल (आईसीसी) ने 12 अप्रैल को ताजा रैंकिंग का एलान किया है। जिसमें कुछ बदलाव देखने को नहीं मिला है। भारतीय टीम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। लेकिन अब उनकी पहले नंबर के पोजीशन पर खतरा मंडरा रहा है। क्योंकि पाकिस्तान टीम के टी20 सलामी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पहले नंबर की कुर्सी पर पहुंचने में बहुत करीब हैं।

आईसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या भारत की तरफ से नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। हालांकि, अगर बात करें टी20आई में नंबर वन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैं। वहीं, बात करें टी20आई बल्लेबाजों की तो सूर्यकुमार यादव अभी 906 रेटिंग के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। लेकिन पाकिस्तान टीम 14 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20क मैचों की सीरीज खेलनी है। अगर मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो यह दोनों खिलाड़ी सूर्या से आगे निकल सकते हैं। वहीं, टीम इंडिया को अभी जून तक कोई टी20 सीरीज नहीं खेलनी है।

सूर्या के अलावा कोई नहीं है टॉप 10 में

अगर ताजा रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के अलावा टॉप 10 में कोई भी बल्लेबाज शामिल नहीं है। वहीं, टीम इंडिया के रन मशीन विराट कोहली कढ़ा के ताजा टी20 रैंकिंग में 16वें पायदान पर हैं। जबकि अगर बात करें गेंदबाजों की तो टॉप 10 में कोई भी भारतीय गेंदबाज शामिल नहीं है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव भले ही मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) में खराब दौर से गुजर रहे हों, लेकिन वह बुधवार, 12 अप्रैल को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप पर उनकी बादशाहत कायम है। सूर्यकुमार 906 अंक लेकर लिस्ट में पहले स्थान पर काबिज हैं। सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (811 अंक), कप्तान बाबर आजम (755 अंक), दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम (748 अंक) और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे (745 अंक) से आगे चल रहे हैं। वहीं, टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली अपने 15वें स्थान पर बरकरार हैं। सूर्यकुमार यादव के लिए आईपीएल का यह सीजन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए पहले तीन मैचों में 15, 01 और शून्य रन बनाए हैं। बाबर आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें शनिवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में सूर्यकुमार के करीब आने का मौका मिलेगा। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच हाल में समाप्त हुई टी20 इंटरनेशनल सीरीज में खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का फायदा मिला, जिसमें युवा स्पिनर महीश तीक्षणा अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने में सफल रहे जिससे वह गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गये। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की सूची में हमवतन फजलहक फारूकी, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा से आगे शीर्ष पर चल रहे हैं।

रोहित, हार्दिक, सौरभ समेत अभिनेता आमिर के खिलाफ कोर्ट में परिवाद

पटना। बिहार के मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट में आईपीएल के नाम पर ऑनलाइन गेमिंग ड्रीम 11, एमपीएल सहित कई गेमिंग ऐप को प्रमोट करने और टीम बनाकर देश के युवा पीढ़ी व बच्चों को जुए की लत में धकेलने के आरोप लगाते हुए एक परिवाद दायर किया है। यह परिवाद फिल्म अभिनेता आमिर खान, क्रिकेटर रोहित शर्मा हार्दिक पांड्या और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली के खिलाफ दायर किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता तमन्ना हाशमी ने इन चारों के खिलाफ परिवाद दायर किया है। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई की तिथि को 22 अप्रैल को मुकर्रर की गई है। इस मामले में जानकारी देते हुए परिवादी तमन्ना हाशमी ने बताया कि इन दिनों आईपीएल के नाम पर एमपीएल, ड्रीम 11 और दूसरे ऑनलाइन गेमिंग के जरिए देश के युवाओं को जुए की तरफ धकेला जा रहा है, जिसको लेकर आज मुजफ्फरपुर के कोर्ट में एक परिवाद दायर किया गया है। इस परिवाद में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा और फिल्म अभिनेता आमिर खान के के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है, जिसमें सभी के ऊपर युवाओं को गुमराह कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया है. मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में यह मामला दर्ज कराया गया है। कोर्ट इस मामले की सुनवाई 22 अप्रैल 2023 को करेगा।

धोनी आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैच में कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी

चेपक में हुए सम्मानित

मुंबई। आईपीएल 2023 में आज चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और 2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच खेला जा रहा है। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी का खेलना तया है और वह एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करने जा रहे हैं। वह आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैचों में कप्तानी करने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। धोनी ने फिलहाल सीएसके के लिए 199 मैचों में कप्तानी की है। इसके अलावा वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के भी कप्तान रह चुके हैं।

धोनी का बतौर कप्तान रिकॉर्ड

धोनी की कप्तानी में ही सीएसके ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था। इसके अलावा वह अपनी टीम को 15 में से 11 बार अंतिम चार में ले जा चुके हैं। टीम चार बार ट्रॉफी जीतने के अलावा पांच बार रनर-अप भी रह चुकी है। धोनी ने ओवरऑल आईपीएल में आज के मैच से पहले 213 मैचों (सीएसके/आरपीएस) में कप्तानी की है। इसमें से उन्होंने 125 मैचों में जीत हासिल की है। इसके अलावा 87 मैच हार चुके हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। उनका विन पर्सेंट 58.96 है। वह आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तानों में से एक हैं।

लिस्ट में रोहित और कोहली भी शामिल

ऐसा माना जा रहा है कि 41 साल के धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। धोनी के अलावा दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 146 मैचों में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की है। इसमें से 80 मैच मुंबई ने जीते हैं और 62 में हार का सामना करना पड़ा है। चार मैच टाई रहे हैं। वहीं, विराट कोहली ने 140 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी की है। इसमें से 64 मैच आरसीबी ने जीते हैं, जबकि 69 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे हैं और चार मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

लगातार चार मैच हारने के बाद अक्षर पटेल का बयान, बोले- हमारे पास दो रास्ते हैं...

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ छह विकेट की शिकस्त के साथ लगातार चौथी हार के बाद कहा कि उनकी टीम ऐसी शुरूआत के बाद हार मान सकती है लेकिन अगर ऐसा किया तो स्थिति और बदतर ही होगी। दिल्ली के 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने सलामी बल्लेबाज रोहित (45 गेंद में 65 रन, छह चौके, चार छक्के) के अर्धशतक के अलावा इशान किशन (31) के साथ उनकी पहले विकेट की 71 और तिलक वर्मा (29 गेंद में 41 रन, एक चौका, चार छक्के) के साथ दूसरे विकेट की 68 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की।

दिल्ली की टीम अक्षर की 25 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 54 रन की पारी और कप्तान डेविड वार्नर (47 गेंद में 51 रन, छह चौके) के साथ उनकी छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी के बावजूद 19.4 ओवर में 172 रन पर सिमट गई थी। मुंबई की तरफ से अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने 22 जबकि जैसन बेहरेनडोर्फ ने 23 रन पर तीन-तीन विकेट हासिल किए। अक्षर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यचार हार के बाद हमारे पास दो रास्ते हैं। या तो हम मार मान सकते हैं कि हमने चार मैच गंवा दिए हैं और रन रेट भी खराब है लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं तो चीजें और खराब ही होंगी। या फिर हम देखते हैं कि हम अपना रवैया कैसा रखते हैं और अगले मैच की तैयारी कैसे करते हैं।

उन्होंने कहा हार-जीत से फर्क पड़ता है लेकिन जब हम इस तरह की स्थिति में निराश होते हैं कि चार मैच हार गए हैं, रन रेट नहीं हैं, क्वालीफिकेशन का क्या होगा तो स्थिति और खराब होती जाएगी। जो प्रदर्शन चाहिए आप वह प्रदर्शन नहीं कर पाओगे इसलिए मुझे लगता है कि अपना रवैया और सकारात्मकता काफी जरूरी है। वार्नर ने चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जड़ा लेकिन वह अपने चिरपरिचित आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं जो टीम के लिए चिंता का विषय है।

अक्षर ने कहा, वार्नर रन बना रहा है लेकिन काफी कोशिश करने के बावजूद तेजी से रन नहीं जुटा पा रहा है। मुझे नहीं पता कि उनके दिमाग में क्या चल रहा है लेकिन टीम प्रबंधन और कोच ने भी उनसे बात की है। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने की संभावना पर अक्षर ने कहा कि निचले क्रम में भी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत है जो तेजी से रन बना सके और टीम के लिए अच्छे फिनिशर की भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा, इस क्रम (सातवें नंबर) पर आकर भी मुझे 10 से 12 ओवर खेलने का मौका मिल रहा है जो मुझे लगता है कि टी20 में मेरे लिए पर्याप्त है। टीम प्रबंधन से बल्लेबाजी क्रम को लेकर चर्चा की है लेकिन अगर मैं ऊपर खेला और जल्दी आउट हो गया तो शायद पारी के अंत में तेजी से रन जुटाना मुश्किल हो जाए। अक्षर ने कहा कि टीम के पास पर्याप्त अनुभव वाले घरेलू खिलाड़ी हैं लेकिन टीम एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा, हमारे घरेलू खिलाड़ियों को अनुभव है। यश धुल अंडर-19 खेला है और ललित यादव दो-तीन साल से लगातार दिल्ली के लिए खेल रहा है।

बस सब लोग एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। हमारा संयोजन भी लगातार बदल रहा है जिससे थोड़ी परेशानी हो रही है। मैच के बारे में अक्षर ने कहा, कोच, कप्तान और थिंक टैंक इस बारे में बात करेगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। निजी तौर पर मेरी भी थोड़ी गलती थी। दस गेंद बची थी तो अगर मैं टिका रहता तो और रन बन सकते थे लेकिन मैं अच्छी लय में था तो सोचा कि अगर मैंने पहली गेंद पर बड़ा शॉट मार दिया तो गेंदबाज दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा, इस पिच पर नए बल्लेबाज के लिए आते ही शॉट खेलना आसान नहीं था। लेकिन हम चौके-छक्के मारने की कोशिश करने की जगह एक-दो रन लेकर बाकी बची 11 गेंद में 11-12 रन भी बना सकते थे। अगर हम 180 के आस-पास पहुंच जाते तो स्थिति कुछ और हो सकती थी।

कानपुर अधिवक्ताओं के समर्थन में वकीलों ने की नारेबाजी

सकलडीहा। कानपुर अधिवक्ताओं के आन्दोलन का समर्थन करते हुए बुधवार को सकलडीहा तहसील के अधिवक्ताओ ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिक्ताओं ने मांगे पूरी होने पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया। सकलडीहा तहसील के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से कानपुर में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना को लेकर लामबंद है। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारी के ट्रांसफर व अवमानना नोटिस को वापस लेने की मांग को लेकर अड़े हुए है। न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए तहसील गेट पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस मौके पर विरोध प्रदर्शन में बार अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र, महामंत्री रामअवध सिंह यादव, अजय कुमार सिंह, सुरेश यादव, नितिन तिवारी, पंकज सिंह, उपेन्द्र नारायण, शैलेन्द्र, यशवंत यादव, दशरथ यादव, आनंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

'कुछ खिलाड़ी की चार मैच में हो जाती है हवा टाइट, एनसीए के परमानेंट सदस्य बने', इस गेंदबाज पर भड़के शास्त्री

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने देश के कुछ प्रमुख गेंदबाजों की चोट के प्रबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के स्थायी निवासी बन गए हैं। शास्त्री ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की ओर था जो पिछले आठ महीने में कम से कम तीन बार चोटिल हो चुके हैं जबकि नितिन पटेल की अगुवाई वाली एनसीए की खेल विज्ञान और मेडिकल टीम ने उन्हें फिट करार दिया था।

शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के डिजिटल वीडियो में व्यंग्यात्मक लहजे में कहा ,ह्यह्य ऐसे भी कह सकते हैं कि पिछले तीन या चार साल में एनसीए को स्थायी ठिकाना बनाने वाले कई हैं। उन्हें जल्दी ही निवास की अनुमति मिल जायेगी यानी वे कभी भी वहां जा सकते हैं जो अच्छी बात नहीं है। चाहर को बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा कमर के फ्रेक्चर के कारण सर्जरी करा चुके हैं। अक्टूबर 2021 तक भारतीय टीम के कोच रहे शास्त्री ने हैरानी जताई कि इनमें से कुछ खिलाड़ी तो सारे प्रारूप भी नहीं खेलते हैं लेकिन लगातार चार टी20 मैचों में चार चार ओवर भी नहीं डाल सकते।

अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना जारी

सकलडीहा। सलेमपुर में धरना स्थल पर अराजक तत्वों की मनमानी को लेकर महिला और ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। बुधवार को इंकलाबी नौजवान सभा और भाकपा मालें की संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीणों ने 21वें दिन धरना प्रदर्शन जारी रखा। समस्या का समाधान नही होने पर प्रशासन का प्रतीकात्मक पूतला दहन की चेतावनी दिया है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन के बल पर अराजक तत्व धरना प्रदर्शन को समाप्त करने की साजिश रच रहे है। इसके बाद भी तहसील और पुलिस प्रशासन के लोग मौन साधे हुए है। आक्रोशित महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को चेताया कि धरना स्थल पर महिला व ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार हुआ तो इसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी।

बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

चंदौली। भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान मे जनपद स्तर बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज मे आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 115 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर पंजीकृत थे जिसमें 107 प्रतिभागियों ने परीक्षा मे प्रतिभाग किया। परीक्षा मे प्रमुख रूप से जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज चंदौली, नेशनल इंटर कालेज सैय्यदराजा, आदित्य नारायण राजकीय इंटर कालेज चकिया, सावित्री बाई फुले राजकीय पीजी कालेज चकिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेढ़ावल सकलडीहा, राजकीय महाविद्यालय सैय्यदराजा एवं सकलडीहा पीजी कालेज सकलडीहा के प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य पर्यवेक्षक के रूप मे प्रदेश से सहायक प्रादेशिक संगठन कमिशनर रविन्द्र कौर सोखी, जनपदीय कार्यालय से जिला मुख्य आयुक्त डा.एसके लाल एवं परीक्षा नियंत्रक के रूप मे जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, सचल दस्ते मे सैयद अली अंसारी, अंजू कुमारी एवं जे पी रावत शामिल रहे। परीक्षा विभाग में रजनीश, डॉ भानु प्रताप सिंह, रतन जायसवाल, महेन्द्र कुमार एवं पूजा यादव रहे। मौके पर डॉ शीतला प्रसाद, प्रमिला, मोनी साहू इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सेठवल, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(रिंकू गुप्ता)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सेठवल, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ

(खुशबू सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सेठवल, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत बरामदपुर, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 12:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(रमावती यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बरामदपुर, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बरामदपुर, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत ऊँजी, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय सुबह 11:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(रविन्द्र कुमार विश्वकर्मा)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.ऊँजी, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ

(सुशान्त यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.ऊँजी, वि.ख.रानीकीसराय
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत आमेपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 2 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(अंबालिका देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.आमेपुर, वि.ख.अतरौलिया
आजमगढ

(सुरेश चन्द्र गुप्ता)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.आमेपुर, वि.ख.अतरौलिया
आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत उपटापार बांसगांव, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2023 से 19.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 20.04.2023 समय दोपहर 1 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 12.04.2023

(मालती देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.उपटापार,बांसगांव,वि.ख.अतरौलिया
आजमगढ

(सुरेश चन्द्र गुप्ता)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.उपटापार बांसगांव, वि.ख.अतरौलिया
आजमगढ़

ग्राम पंचायत अधिकारी को किया गया निलंबित

मुफ्तीगंज। स्थानीय विकास खंड कार्यालय में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी हरिहर लाल को जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है।

हरिहर लाल पर शिकायत है कि उन्होंने नैपुरा और कन्हौली गांव का भुगतान पंचायत गेटवे से बाहर कहीं अन्यत्र जाकर किया है। जिसे जिला पंचायत राज अधिकारी ने गंभीर वित्तीय अनियमितता माना है। उन्होंने अन्य ग्राम सचिवों को चेताते हुए कहा कि यदि कोई भी ग्राम पंचायत सचिव पंचायत गेटवे से बाहर जाकर कहीं अन्यत्र से भुगतान करेगा तो उसे छोड़ा नहीं जायेगा बल्कि उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सचिव हरिहरलाल के निलंबन से ब्लॉक कार्यालय में हड़कंप मचा है। माना जा रहा है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के इस

कार्रवाई

पंचायत गेटवे से बाहर जाकर भुगतान करने का आरोप

कदम से सचिवों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। खण्ड विकास अधिकारी रवि सिंह से सम्पर्क फोन द्वारा किया तो उन्होंने बताया कि उनके निलंबन का आदेश प्राप्त हो गया है।

बैठक आज

जौनपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वच्छता समिति जौनपुर की स्वीकृति 10 अप्रैल 2023 के क्रम में 13 अप्रैल को सायं 7 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई है।

ईमानदारी-कर्मठता का प्रतीक है शील्ड : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

संबोधन

रोवर्स-रेंजर्स की प्रदेश चैंपियन बनी टीम का हुआ सम्मान

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

छात्रा को पुरस्कृत करती कुलपति प्रो. मौर्य

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की रोवर्स-रेंजर्स की प्रदेश चैंपियन बनीं टीम को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बुधवार को सम्मानित किया। प्रदेश चैंपियन का खिताब पीयू को कई वर्षों से लगातार मिलता आ रहा है। यह सम्मान 2021-22 और 2022-23 के विजेता को एनएसएस भवन में दिया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करतीं हुईं कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शील्ड ईमानदारी और कर्मठता का प्रतीक है। इसे जीवन के हर क्षेत्र में अपनाना चाहिए। उन्होंने रोवर्स-रेंजर की स्वागत ताली पर उसके वैज्ञानिक महत्व को विस्तार से बताया। महिलाओं को शरीर पर आभूषण के पहनने का कारण पर भी चर्चा की। उनका मानना है कि हर चीज का कोई न कोई कारण और महत्व होता है। उन्होंने प्रकृति के सौन्दर्य को संरक्षित करने में रोवर्स-रेंजर के भूमिका की प्रशंसा की। रोवर्स-रेंजर्स की टीम को बधाई देते हुए कहा कि संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार? ने कहा कि सेवा जनकल्याण के लिए होनी चाहिए। सेवा और मेहनत का परिणाम है कि हमारी टीम लगातार चैम्पियन बनी है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने रोवर्स-रेंजर के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि इसका अनुशासन और व्यवहार ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रभावित करें। रोवर-रेंजर विश्वविद्यालय संयोजक डॉ. जगदेव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रोवर्स-रेंजर्स की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ऊजार्वान विद्यार्थियों की वजह से हम मेडल के हकदार लगातार बन रहे हैं। संचालन डॉ. राकेश मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय दुबे ने किया। इसके पूर्व रोवर्स-रेंजर की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने भी गीत के माध्यम से विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. सुरेश कुमार पाठक, प्रो. शंभू राम चौहान, प्रो. प्रमोद कुमार सिंह, ? सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. पारूली सिंह, डॉ. सुधीर, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

अराजकतत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

हंगामा कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने कराया शांत

जलालपुर। थाना क्षेत्र के रामपुर सोइरी गांव में कुछ अराजक तत्वों द्वारा डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया गया। बुधवार की सुबह अंबेडकर स्थल पर लगी प्रतिमा का सिर तोड़कर गायब होने की सूचना पूरे गांव में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर हंगामा करने लगे। आक्रोशित ग्रामीण तत्काल दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करने लगे। सूचना के बाद तत्काल प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव और सीओ केराकत गौरव शर्मा मौके पर पहुंच गये और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को अम्बेडकर की नई प्रतिमा लगाई जाने का आश्वासन देकर किसी तरह ग्रामीणों को शांत कराया।

अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी अम्बेडकर प्रतिमा

बंद पड़े घर का ताला तोड़ कीमती सामान व जेवर उड़ा ले गये चोर

गौराबादशाहपुर। गोविंदपुर मनिहा निवासी बंसराज राजभर परिवार सहित मुंबई रहते हैं। उसकी बहू ने अपने घर में ही कुछ कीमती जेवर एक सूटकेस में करके रख छोड़ा था। बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने पहले घर में लगे हुए ताले को किसी समय काटकर अपना ताला बंद कर दिया, ताकि बाहर से देखने में ताला बंद दिखे। तत्पश्चात संभवतः कई दिनों से रात में ताला खोल कर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे। बंसराज राजभर परिवार सहित बुधवार को मुंबई से घर पहुंचे तो उसकी चाबी ताले में नहीं लगी जिस पर उसने सोचा चाबी कहीं भूल गया होगा। जब ताला तोड़कर उसने घर में प्रवेश किया तो पूरा घर अस्त-व्यस्त नजर आया जिस पर उसके होश उड़ गए। घर में रखे हुए शादी में मिले बर्तन, जेवर का सूटकेस, कीमती कपड़े इत्यादि सब गायब मिले। फिलहाल जेवर कौन-कौन से गए हैं यह बंसराज की बहू के आने पर ही पता चल पाएगा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस देर तक मामले की छानबीन में लगी रही।

डीएम व एसपी ने किया नगर में पैदल मार्च

निरीक्षण

आगामी निकाय चुनाव से संबंधित दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नगर का पैदल भ्रमण करते डीएम और एसपी

मुंगराबादशाहपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी मछलीशहर, थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर व पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया।

इस दौरान नगर के प्रतापगढ़ रोड, प्रयागराज मार्ग, जौनपुर मार्ग, साहबगंज, नईगंज, गुड़हाई, कटरा, नई बाजार सहित नए सम्मिलित संबंधित क्षेत्रों में भी पैदल मार्च कर सम्बन्धित लोगों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। इस दौरान लोगों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से कहाकि इस निकाय चुनाव में यदि कोई बाधक बनता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आप लोग आगामी निकाय चुनाव के आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। आप लोग अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रक्खे। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पैदल मार्च में शामिल रहे।

निकाय चुनाव के मद्देनजर कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात फोर्स

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए 141 ने खरीदे पर्चे

तैयारी

सदस्य पद के लिए 612 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

केराकत नपं के सदस्य पद के लिए एक ने दाखिल किया पर्चा

जौनपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दूसरे दिन बुधवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 36, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 12, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 7, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 21, कचगांव में 13, खेतासराय में 5, मछलीशहर में 9, मड़ियाहूँ में 4, रामपुर में 12, बदलापुर में 16, केराकत में 6 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 107, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 70, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 36, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 80, कचगांव में 57, जफराबाद में 6, खेतासराय में 33, मछलीशहर में 42, मड़ियाहूँ में 23, रामपुर में 60, बदलापुर में 67, केराकत में 31 नामांकन पत्र की बिक्री की गयी। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 141 एवं सदस्य पद के लिए 612 नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी है एवं नगर पंचायत केराकत में सदस्य पद के लिए 1 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है।

मतदान केन्द्र का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

मतदान केंद्र का निरीक्षण कर जानकारी लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

जनसंदेश न्यूज

मछलीशहर। बुधवार को दोपहर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नगर के बिहारी महिला महाविद्यालय में बने 6, फौजदार इंटर कालेज में बने 7 और प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बने 2 बूथों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया से मतदान के दौरान आने वाली दिक्कत के बारे मे जानकारी ली।

लिया जायजा

नगर पंचायत मछलीशहर के 15 बूथों पर पहुंचकर ली जानकारी

उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि मतदान के लिए कुल 30 बूथ बनाए गए हैं जिसमें से 15 बूथ उक्त तीनों विद्यालयों में ही बना है। पूर्व में मतदान के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। कन्या जूनियर हाईस्कूल बूथ संवेदनशील है। जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा की। मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीओ अतर सिंह, ईओ बृजकिशोर गौर, प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे और राजस्व विभाग के चुनाव कार्य से संबंधित स्थानीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

आग से गुमटी सहित तीन रिहाइशी छप्पर खाक

सिकरारा। क्षेत्र के शेरवा गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग से गुमटी व तीन रिहायशी छप्पर जल गए जिससे उसमें रखे किराना का सामान तथा अनाज व कपड़े बिस्तर जल कर स्वाहा हो गए। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के अशोक कुमार यादव के तीन छप्पर व गुमटी में जनरल स्टोर की दुकान आसपास थी। बीती रात परिवार के सदस्य भोजन के पश्चात गहरी निद्रा में लगभग 11 बजे एक छप्पर से आग की लपटें उठती देख एक पड़ोसी ने चिल्लाकर अशोक को जगाया। इससे पहले लोग आग बुझाने का उपक्रम करते आग ने तीनों छप्पर को बुरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया। बगल रखी अशोक की जनरल स्टोर की गुमटी में भी आग लग गयी। छप्पर के बगल खड़े ट्रैक्टर की छतरी में भी आग ने पकड़ लिया लोगों ने किसी तरह उसे दूर हटाया। अशोक यादव ने बताया कि आग से उनकी दुकान का लगभग 25 हजार का सामान, छप्पर में रखे गेहूं, सरसों की बोरियां, बिस्तर चारपाई व कपड़े सब कुछ जलकर खाक हो गया। गांव वालों ने डीजल इंजन व सबमर्सिबल पम्प से आग बुझाने का अथक प्रयास किया लेकिन तब तक सब कुछ स्वाहा हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उसका लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

विवाहिता ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

दुखद

पति व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

पवांरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत दरबपुर जगदीशपुर में एक विवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार दरबपुर जगदीशपुर गांव निवासी महेन्द्र कुमार पटेल ने बीते 8 दिसम्बर सन 2022 को अपनी पुत्री खुशबू पटेल का विवाह सिकरारा थाना क्षेत्र के रइया गांव निवासी राधेश्याम पटेल के बेटे सुनील पटेल के साथ की थी। शादी में कम दहेज मिलने को लेकर उसका पति व देवर उसको प्रताड़ित करते रहते थे। पांच अप्रैल को उसके देवर राहुल पटेल ने उसे उसके मायके दरबपुर जगदीशपुर पहुंचा दिया। 11 अप्रैल की रात्रि करीब आठ बजे खुशबू पटेल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार यादव, प्रभारी थानाध्यक्ष मंजय यादव फोर्स के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतका की मां किरन पटेल की तहरीर के आधार पर पति सुनील कुमार पटेल, देवर राहुल पटेल के खिलाफ धारा 498ए, 304बी आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

मड़ाई के दौरान थ्रेशर में दुपट्टा फंसने से छात्रा घायल

बदलापुर। तहसील क्षेत्र के पूरा गंभीर शाह गांव में गेहूं की मड़ाई करने के दौरान ट्रैक्टर के थ्रेसर पट्टे में दुपट्टा फंसने से एक छात्रा घायल हो गई। आनन-फानन में स्वजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक पूरा गंभीर शाह गांव निवासी रमेश कुमार अपने गेहूं की मड़ाई करवा रहे थे। वहां उनकी कक्षा 6 में पढ़ने वाली 13 वर्षीय पुत्री प्रिया गेहूं हटा रही थी इसी दौरान उसका दुपट्टा थ्रेसर के पट्टे में फंस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजनों की मदद से जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

संक्षेप

15 अप्रैल तक दिन में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

पवांरा। उपखण्ड अधिकारी जंघई आदित्य मार्कण्डेय ने बताया कि 400 केवी विद्युत उपकेन्द्र मछलीशहर से फूलपुर को जा रही 220 केवी लाईन का तार खींचने के लिए लाईन के नीचे आ रहे ऊर्जीकृत लाईनों की शटडाउन की आवश्यकता है जिसके कारण 12 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दिन में 11:30 बजे से 3:30 बजे तक 33 केवी का शटडाउन रहेगा जिससे पवांरा उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी फीडरों की आपूर्ति बन्द रहेगी।

अवकाश दिवस में भी होगा नामांकन

जौनपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना 9 अप्रैल द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है, जिसमें जनपद का चुनाव प्रथम चरण में 4 मई को मतदान एवं 13 मई को मतगणना सम्पन्न होना है। जनपद में नामांकन 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक तक होना है। नामांकन पत्रों को दाखिल किये जाने का कार्य 14 अप्रैल (डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयन्ती) एवं 16 अप्रैल (रविवार) को अवकाश दिवस में भी होना है। प्रत्याशियों द्वारा जमानत धनराशि का चालान स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखाओं में जमा किया जाता है जिसके दृष्टिगत एतदद्वारा आदेशित किया जाता है कि जनपद की एसबीआई की मुख्य शाखा एवं तहसील स्तर की शाखाएं जहाँ पर राजकीय प्राप्ति एवं जमा करने का कार्य होता है, 14 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को अवकाश दिवस में भी खुली रहेंगी तथा सामान्य दिवस की भाँति कार्य करेंगी।

समीक्षा बैठक आज

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक एंव दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल चलाया जा रहा है। अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा हेतु 13 अप्रैल सायं 6 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

नगर पंचायत खेतासराय अनारक्षित, प्रत्याशियों की लंबी कतार

जनसंदेश न्यूज

खेतासराय। नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। जिले में सबसे ज्यादा चर्चाओं में रहने वाला नगर पंचायत खेतासराय का चुनाव होता है। इस बार भी चुनाव लड़ने वाले सम्भावित प्रत्याशी अपना उल्लू सीधा करने में लग गए है। आरक्षण सूची ने प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ा दी हैं लेकिन सूची से कहीं खुशी तो कहीं गम देखने को मिल रहा है। कितने तो इस उम्मीद में थे कि इस बार किसी भी कीमत पर जीत हासिल करनी ही है। इस बार अध्यक्ष पद के लिए सीट अनारक्षित हुई है। इसके पहले तीसरी बार महिला के लिए आरक्षित हुई थी।

निकाय चुनाव

वार्डों की आरक्षण सूची से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल

जिले में चर्चित रहता है नगर पंचायत खेतासराय का चुनाव

वार्डों की आरक्षण सूची ने काफी सम्भावित उम्मीदवारों के दिल की अरमां आसुओं में बहा दिए। ऐसे में राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले नेता आपत्ति दाखिल करने के लिए वार्डों में घूम-घूमकर सहमति और हस्ताक्षर कराकर आरक्षण बदलवाने के लिए एड़ी चोटी का दम लगाकर थक चुके, ताकि वार्ड की कमान किसी अन्य के हाथ में न चली जाए। लेकिन चाणक्य की सभी नीति धरी की धरी रह गई और और वार्डो की आरक्षण सूची बरकरार है।

एक नजर पिछले चुनावों पर

नगर पंचायत खेतासराय का दर्जा मिलने के बाद पहला निकाय चुनाव सन 2000 में हुआ। जिसमें निर्दल के रूप में वसीम अहमद ताल ठोककर मैदान उतरे जो अपने प्रतिद्वंद्वी फारूक आजम को हराकर जीत हासिल किया था। बताया जाता है कि इस दौरान भारतीय जनता पार्टी से स्व. किशोरी लाल गुप्ता को टिकट मिला था। जिससे क्षुब्ध होकर पार्टी से बगावत करते हुए कृष्ण कुमार जायसवाल ने लोकतांत्रिक कांग्रेस से टिकट लेकर मैदान में उतरे थे। जिसमें हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी बार चुनाव 2006 में होता है। इस बार अध्यक्ष पद की सीट महिला के लिए आरक्षित हुई। जिसमें पूर्व चेयरमैन की पत्नी महजबीन बानों ने समाजवादी पार्टी से ताल ठोंकी और पति के विकास कार्यों के बदौलत जीत हासिल की। प्रतिद्वंद्वी के रूप में निर्दल प्रत्याशी रही निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. जंगबहादुर गुप्ता को हार का स्वाद चखना पड़ा। तत्कालीन समय में हिन्दू महासभा से ममता गुप्ता पत्नी डॉ. अमलेंद्र गुप्ता ने किस्मत दांव पर लगाई थी। इधर बीजेपी से टिकट लेकर आरती जायसवाल पत्नी कृष्ण कुमार जायसवाल भी मैदान में थी। उधर बसपा से हकीकुन निशां पत्नी फारूक आजम ताल ठोककर मैदान में थी और हार का सामना करना पड़ा। सन 2012 में तीसरी बार चुनाव का एलान हुआ। परिसीमन के बाद महिला के लिए सीट आरक्षित हुई तो एक बार पुनः समाजवादी पार्टी से टिकट लेकर महजबीन बानों ने फिर से ताल ठोकी। उधर उनके प्रतिद्वंद्वी निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. जंग बहादुर गुप्ता निर्दल के रूप में मैदान में उतरी। जहां कड़ी टक्कर देते हुए नौ वोट से विजयी घोषित हुई और निर्मला ने वसीम को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। बीजेपी ने यहां उषा मौर्या को टिकट देकर मैदान उतारा था जो एक सैकड़ा वोट में ही सिमटकर रह गई थीं। 2017 में भाजपा लहर के बीच निकाय चुनाव सम्पन्न हुआ। इस बार सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई। जिसमें प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशी को मैदान में उतारा। जिसमें कुल आठ प्रत्याशी मैदान में थे। सपा ने एक बार फिर वसीम अहमद पर भरोसा करके टिकट दिया। भाजपा ने संजीव गुप्ता को मैदान में उतारा। इधर कड़ी टक्कर देने के लिए निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. जंग बहादुर गुप्ता भी मैदान में उतरीं, बसपा से विनीता मौर्या मैदान में रहीं, वहीं राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल ने फारूक आजम को टिकट देकर मैदान में उतारा। कांग्रेस ने युवा पर दांव लगाते हुए फहीम अहमद को मैदान में उतारा। इस चुनाव में वसीम अहमद ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्मला गुप्ता को परास्त कर जीत हासिल किया। बीजेपी लहर और योगी, मोदी फैक्टर के बावजूद भी भाजपा प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे स्थान पर रहीं निर्मला गुप्ता को छोड़कर कोई प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सका।

2023 में वार्डों के प्रस्तावित आरक्षण सूची

निकाय चुनाव के लिए चुनौती के बाद अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण सीट में परिवर्तन होने के बाद शासन द्वारा आरक्षण की जो सूची जारी की गई है। वहीं वार्डों के लिए जारी आरक्षण सूची यथास्थिति बरकरार है। जिससे आरक्षण सम्भावित उम्मीदवारों में कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत खेतासराय के आरक्षण सूची क्रमशः वार्ड सरवरपुर (अनारक्षित), डोभी (अनारक्षित), पोस्टऑफिस (अनु. जाति महिला), बभनौटी (अनु. जाति), भारतीय विद्यापीठ (अनारक्षित), सोंधी (पिछड़ा वर्ग), कासिमपुर (अनारक्षित), चौहट्टा (अनारक्षित), गोलाबाजार (पिछड़ा वर्ग), कोहरौटी (महिला), जोगियाना (महिला), बारा (महिला), भटियारीसराय (पिछड़ा वर्ग) के लिए आरक्षित है। परिसीमन के बाद जारी आरक्षण सूची के आधार पर सभासद के सम्भावित उम्मीदवारों की गणना फेल हो गई है, अन्य वार्डों में अपनी स्थिति को आकंलन कर रहे हैं। इसके लिए गुणा-गणित बैठाकर उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। पिछली बार चुनाव में नगर पंचायत खेतासराय अध्यक्ष पद के लिए आठ प्रत्याशी तथा विभिन्न वार्डों से 78 प्रत्याशी मैदान में थे।

सन 1999 में खेतासराय को मिला था नगर पंचायत का दर्जा

नगर पंचायत खेतासराय की बात करें तो इस क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा वर्ष 1999 में मिला था। इसका पहला निकाय चुनाव वर्ष 2000 में हुआ था। जिसमें निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे निवर्तमान चेयरमैन वसीम अहमद को विजयश्री हासिल हुई, जो खेतासराय नगर पंचायत के पहले चेयरमैन का रुतबा हासिल किए। एक आंकड़े के मुताबिक दो दशक बाद यहां पर कुल मतदाताओं की संख्या 15376, जिसमें महिला 7352 व 8015 पुरुष मतदाता हैं (जो घट बढ़ सकती है)। नगर पंचायत के कुल 13 वार्ड हैं। अब तक चार बार निकाय चुनाव हो चुका है। इस बार पांचवी बार सम्पन्न होगा। जिसमें से दो बार महिला के लिए सीट आरक्षित थी। इस बार पुनः महिला के लिए आरक्षित तो हुई, लेकिन आपत्ति के बाद अनारक्षित हो सकी। यहां अध्यक्ष पद की कुर्सी समाजवादी पार्टी के खाते में रहती है। पिछली बार चुनाव में भाजपा काफी उम्मीद में थी। राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव की साख भी दांव पर लगी थी। लेकिन बीजेपी की भीतरघात के चक्कर में स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी चारों खाने चित्त हो गई थी। इस बार देखना है अध्यक्ष पद की कुर्सी किस पार्टी के खाते में जाती है। यह भविष्य की गर्भ में है।

गर्मी का पारा चढ़ा, बढ़ी देसी फ्रिज की मांग

आ गए मटकों के दिन

कारीगरों ने कहा, महंगाई के कारण कम हो गया सुराही का उत्पादन

उमेश गुप्ता

जौनपुर। आधुनिकता की इस दौड़ में गर्मी के दिनों में जहां अमीरों के लिए फ्रिज का काफी महत्व है तो वहीं गरीबों के घर की शान मिट्टी की सुराही है। गरीबों और मध्यम वर्गीय घरों में अगर सुराही या घड़ा न हो तो उनकी शान में कमी रह जाती है। गरीब तबके के लोग जिनकी हैसियत फ्रिज लेने की नहीं है वह गर्मी के दिनों में देसी फ्रिज यानी मिट्टी का घड़ा या सुराही के जरिए अपना तथा अपने परिवार के लोगों का एवं आये हुए रिश्तेदार या मेहमानों का स्वागत एक गिलास ठंडे पानी से करता है।

गर्मी के दिनों में वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से मिट्टी के घड़े या सुराही का पानी सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इतने सुलभ व कम पैसे में गरीबों के लिए उपलब्ध देसी फ्रिज के निर्माण की प्रक्रिया काफी रोचक है। सुराही या घड़ा बनाने के लिए दलदली काली मिट्टी का उपयोग किया जाता है। पहले यह आसानी से उपलब्ध हो जाता था लेकिन जबसे सरकार ने मिट्टी को उत्खनन की श्रेणी में डाल दिया है तबसे मिट्टी मिलने में काफी परेशानी होती है जो मिट्टी पहले1200 रूपये ट्राली में उपलब्ध हो जाती थी वहीं अब 2000 रूपये प्रति ट्राली हो गयी है। इसको पकाने में लगने वाले ईंधन का भी रेट काफी बढ़ गया है। सुराही तथा घड़े की सुंदरता बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाले रंगों का भी रेट काफी बढ़ गया है। इसका निर्माण करने वाले कारीगरों का कहना है कि महंगाई के कारण खर्च ज्यादा तथा उत्पादन कम हो गया है। परिवार के सभी सदस्य मिल बांटकर हाथ बंटाते हैं लेकिन इसकी मूल लागत भी नहीं निकल पाती है।

सुराही का निर्माण करता कुम्हार

अब धीरे-धीरे इस पुरानी कला को नई पीढ़ी नहीं अपनाना चाहती जिसके कारण यह धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे ही सुराही की मांग बढ़ती जा रही है। सुराही का निर्माण करने वाले खासनपुर निवासी राजेंद्र प्रजापति बताते हैं कि खासनपुर मोहल्ले में यह बहुतायत मात्रा में बनाया जाता था लेकिन धीरे-धीरे यह सिमटकर एक या दो घरों में ही रह गया है।

सुराही निर्माण करने वाले ने सरकार पर आरोप लगाया की इस पुरानी कला की सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही है। मिट्टी के कलाकारों को न ही प्रोत्साहित किया जा रहा न ही उन्हें सम्मानित किया जा रहा है जिसके कारण यह कला उद्योग बंद होता जा रहा है।

इस पुरानी मिट्टी की कला को समाज में काफी पिछड़ी निगाहों से देखा जाता है। यही कारण है कि आने वाली नई पीढ़ी इस कला को नहीं अपनाना चाहती। मोहन प्रजापति के अनुसार तैयार सुराही को खरीदने के लिए आसपास जिले के व्यापारी आते हैं और तैयार माल को अपने साधन से सुरक्षित बेचने को ले जाते हैं और ग्राहकों से मुंहमांगा दाम वसूल करते हैं। इसको बनाने वाले कारीगरों को इसकी मूल लागत निकाल पाना काफी मुश्किल होता है।

लालानगर टोल प्लाजा पर लगा जाम सवारों से सुरक्षा कर्मियों की नोक झोंक

गोपीगंज। लालानगर टोल प्लाजा पर बुधवार को भीषण जाम की समस्या रही। सुबह से वाराणसी प्रयागराज की आने व जाने वाली सभी लेनों में जाम लगा रहा। वाहनों की एक किलोमीटर दूरी तक लाइनें लगी थीं। हर कोई जल्दी निकलने के प्रयास में था। इस बीच टोल कर्मियों की चालकों से नोकझोंक होती रही। कुछ लेनों में तैनात सिक्योरिटी गार्ड लोगों से अभद्रता करते नजर आए। टोल प्लाजा में जाम लगने से वाहन सवारों को परेशान होना पड़ रहा है। फास्टैग लेनों के सेंसर ठीक से काम नहीं करते हैं। इससे वाहनों को कई बार आगे-पीछे करना पड़ता है। लगभग हर वाहन को प्रत्येक लेन में ऐसा करना पड़ रहा है। इससे फास्टैग लेनों में जाम लग रहा है। वहीं कैश वाली लेनों में पहले से ही जाम की समस्या रहती है।

बुधवार को वाराणसी से आनी वाली सभी लेनों में वाहनों की लंबी लाइनें लगी रही। कई बार मारपीट की नौबत आ गई। इससे स्थिति और खराब हो गई। सुरक्षा कर्मियों की अभद्रता के मसला यहां नया नहीं है। अक्सर वाहन सवारों से टोल व सुरक्षा कर्मी मारपीट करने लगते हैं। बुधवार दोपहर तक जाम की स्थिति रही। इससे वाहन सवार परेशान रहे।

सांड़ के आतंक से ग्रामीण भयभीत, जिम्मेदार मौन

भय का माहौल

एसडीएम, बीडीओ व सचिव को पत्रक भेज लगाई थी गुहार

कई लोगों पर हो चुका है जानलेवा हमला

जनसंदेश न्यूज

केराकत। स्थानीय क्षेत्र में इन दिनों छुट्टा मवेशियों को लेकर हर कोई परेशान दिख रहा है। छुट्टा मवेशियों से बची फसल को किसानों ने तो काटकर रख लिया है पर छुट्टा मवेशी चिलचिलाती धूप में अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवों के अंदर का रुख कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप व गर्मी की बढ़त से छुट्टा मवेशियों में बौखलाहट काफी दिख रही है जिससे आये दिन सांड़ों व गायों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाते व मारते देखा जा रहा है। अकेले सरायबीरु ग्राम में मवेशियों द्वारा लगभग आधा दर्जन लोगों को घायल किया जा चुका है।

आवारा छुट्टा पशुओं की संख्या क्षेत्र में काफी हद तक बढ़ गयी है जहाँ तहां

पशुओं को देखा जा रहा है। किसी के गल्ले की दुकान में घुसते तो किसी सब्जी विक्रेता के दुकान पर धावा बोलते दिख रहे हैं। पशुओं के हमलों से ग्रामीण काफी आहत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पशुपालन विभाग, तहसील प्रशासन व विकास खण्ड को पत्रक के माध्यम से अवगत करा दिया गया है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सरायबीरू निवासी सत्यवान गुप्ता ने बताया कि गांव में एक आवारा पशु उग्र हो गया है जो कई लोगों को घायल कर चुका है। कुछ दिन पहले हमें घायल कर चुका है जिससे मेरी दो हड्डी फैक्चर हो गई थी जिस कारण दो महीने तक हमको बेड रेस्ट होना पड़ा। सरायबीरू निवासी सुधाकर सिंह ने बताया कि आवारा छुट्टा पशुओं से हम लोग इतना त्रस्त है कि आये दिन घर के बाहर व खेत खालियानों में फसलों को क्षति पहुंचने के साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे है। इसके पहले मेरे भाई पर भी छुट्टा पशु जानलेवा हमला कर चुका है इससे हम लोग काफी परेशान है जिसकी सूचना ब्लॉक के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि आवारा पशु सरायबीरु से लेकर मंडी तक घूम रहे हैं लेकिन कोई संज्ञान में नहीं ले रहा है। सरायबीरू निवासी हेमंत सिंह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के बजह से आवारा पशुओं का आतंक इतना ज्यादा बढ़ चुका है कि फसलों को नुकसान करने के साथ साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे हैं। हमारे बगल के ही मास्टर पर एक पशु ने जान लेवा हमला कर दिया किसी तरह से उनकी जान बची सकी।

छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़कर भेजा गोशाला

केराकत। स्थानीय क्षेत्र में घूम रहे मवेशियों की खबर लगातार अखबारों में प्रकाशित होने के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नरहन व सरायबीरु के आसपास घूम रहे आवारा मवेशियों को खुद खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव मौके पर पहुंच अधिकारी व ग्राम प्रधान की मदद से मवेशियों को पकड़ ट्राली में भर उन्हें नजदीकी गौशाला में भेजवा दिया गया। मवेशियों को प्रशासन द्वारा पकड़कर गौशाला भेजते देख लोगों ने राहत की सांस ली। बता दे कि छुट्टा मवेशी चिलचिलाती धूप में अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवो के अंदर का रुख कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप व गर्मी की बढ़त से छुट्टा मवेशियों में बौखलाहट काफी दिख रही है जिससे आये दिन सांड़ों व गायों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाते व मारते देखा जा रहा है। अकेले सरायबीरु ग्राम में मवेशियों ने लगभग आधा दर्जन लोगों को घायल कर चुके हैं। आवारा मवेशियों को पकड़ने वालों में सहायक विकास अधिकारी जैस यादव, सचिव सरला गौड़, ग्राम प्रधान नरहन मीरा यादव व सरायबीरु ग्राम प्रधान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

यूडायस न भरने वाले 22 विद्यालयों को नोटिस

केराकत। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने मंगलवार को 22 ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर नोटिस दे दिया जिन विद्यालयों ने अभी तक यूडायस प्लस में बच्चों का विवरण नहीं भरा है। यूडायस प्लस में बच्चों का विवरण न भरने वाले विद्यालयों के मान्यता प्रत्याहरण की चेतावनी दे दी। नोटिस मिलते ही विद्यालय प्रबन्धकों में खलबली मची हुई है। विद्यालयों की दी गयी नोटिस में बताया गया है कि यूडायस प्लस में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का डाटा फीड किया जाना है। इसी के आधार पर छात्रों से सम्बंधित योजनाओं का निर्माण किया जाना है। ऐसे में विद्यालय द्वारा रूचि न लेने पर यह प्रतीत होता है कि विद्यालय का वास्तविक रूप से संचालन नहीं है। बच्चों की डाटा फिडिंग न करना सरकारी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों के प्रति अरूचि एवं लापरवाही दशार्ती है। अगर दो दिनों? के अन्दर सन्तोष जनक प्रगति नहीं होती है तो विद्यालय मान्यता के प्रत्याहरण की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर दी जाएगी। नोटिस मिलते ही सम्बंधित विद्यालयों में खलबली मची हुई है। ऐन केन प्रकारेण विद्यालय प्रशासन यूडायस प्लस में बच्चों की विवरण भरने के लिए प्रयासरत है।

हजरत अली की शहादत पर तुर्बत का जुलूस

सोगवार

अली–अली, हाय अली की सदा से गूंज उठा शिराज–ए–हिंद

बाद नमाजे मगरबैन शाह पंजे में किया गया सिपुर्दे खाक

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। शहर के मीरमस्त स्थित मस्जिद शाह अता हुसैन से 20 रमजान बुधवार को हजरत अली की शहादत के मौके पर अलम और ताबूत का कदीम जुलूस बरामद हुआ। अंजुमन जुल्फेकारिया के हमराह यह जुलूस उठा और इसमें भारी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने शिरकत करके हजरत अली को खिराजे अकीदत पेश किया। वहीं जुलूस में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और हर किसी की जुबां पर अली–अली, हाय अली, हाय अली की सदा थी।

मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने मजलिस को खेताब किया और हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डाली। इसके बाद जुलूस मस्जिद से बरामद हुआ और बड़ी मस्जिद होता हुआ नवाब युसूफ रोड पहुंचा जहां पर एक बार फिर मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने तकरीर खिताब किया। इस बार उन्होंने मौला अली की शहादत पेश की। फिर यह जुलूस कोतवाली चौराहा पहुंचा वहां भी तकरीर हुई। इसके बाद यह जुलूस चहारसू चौराहा पहुंचा वहीं ढालगर टोला इमामबाड़ा मद्दू मरहूम में मजलिस को मौलाना कैसर अब्बास आजमी ने खेताब किया। यहां से कदीम तुरबत और अलम का जुलूस अंजुमन हुसैनिया के नेतृत्व में निकाला गया जो अपने कदीम रास्तों से होता हुआ चहारसू पहुँचा जहाँ दूसरे जुलूस में शामिल हो गया। यहां पर शिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रिंसीपल मोहम्मद हसन नसीम ने तकरीर की और फिर अंजुमन हुसैनिया व जुल्फेकारिया के हमराह ये जुलूस शाही पुल, बेनी साहू की गली, ओलंदगंज, जोगियापुर, कचहरी होते हुए हुसैनाबाद स्थित शाह पंजे जाकर समाप्त हुआ। संचालन मेंहदी रजा एडवोकेट ने किया। शाह के पंजे में मगबरबैन की नमाज मौलाना महफूजुल हसन खां ने अदा करायी। बाद में रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। मुतवल्ली तहसीन शाहिद व मुन्ना अकेला ने यहाँ सभी मुकम्मल व्यवस्था किया था। यहां भी अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने वालों में अंजुमन जुल्फेकारिया के उपाध्यक्ष अकबर हुसैन उर्फ शमशीर, मरकजी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष शहंशाह हुसैन रिजवी, मुस्तफा शम्सी, फैज, मोहम्मद अब्बास आरिफ, मो. शाहिद गुड्डू, जहीर हसन, माजिद हसन, शाहिद मेहदी, नेहाल हैदर, मेहदी एडवोकेट आदि लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

हजरत अली की शहादत पर निकले जुलूस में शामिल अकीदतमंद

संक्षेप

लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कराने का सीडीओ ने दिया निर्देश

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला स्वच्छता समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने पुष्टि करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय, ओडीएफ प्लस की स्थिति, चयनित 15 मॉडल ग्राम की स्थितियों के प्रगति की समीक्षा खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारियों से बारी–बारी से गहनता पूर्वक समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बनाये जा रहे व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी बीडीओ व एडीओ पंचायतों से ली, तो यह तथ्य सामने आया कि शौचालय के निर्माण कार्य में काफी शिथिलता व लापरवाही बरती जा रही है, किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती जाती है, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर किया जाये, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर दी जायेगी। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि कुछ ब्लाकों में संचालन की स्थिति ठीक नहीं है, इस कार्य में लगे डीपीसी रूचि लेकर काम नहीं करते हैं जो लापरवाही का द्योतक है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि इन लोगों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, इन लोगों का कार्य ठीक नहीं है, अपने कार्य में सुधार नहीं लाते हैं तो उन लोगों का वेतन रोका जाए।

पूर्व विधायक विजय मिश्र के एक और करीबी का दो मंजिला मकान कुर्क

पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के करीबी का मकान कुर्क करती पुलिस

ज्ञानपुर। पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के परिजनों व करीबियों पर प्रशासन की सख्ती जारी हैं। बुधवार को विजय मिश्र के एक और करीबी की 2 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गई। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद पुलिस–प्रशासन की टीम ने कोईरौना थाना क्षेत्र के नारेपार में दो मंजिला इमारत को कुर्क किया। पूर्व विधायक विजय मिश्र इन दिनों आगरा जेल में है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म सहित 83 से अधिक केस दर्ज हैं। पांच अप्रैल को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अदालत ने विजय मिश्र के गिरोह के सदस्य सुरेश केशरवानी का नारेपार उपरवार में आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो मंजिला मकान कुर्क करने का आदेश दिया। इसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ 20 लाख है। बुधवार को नारेपार पहुंची पुलिस व राजस्वकर्मियों की टीम ने डुगडुगी बजाते हुए दो मंजिला इमारत को कुर्क किया। यह आलीशीन मकान आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सुरेश केशरवानी 2006 से अपराध जगत में रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में भवन को कुर्क किया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

बर्तन की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हादसा

3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

जनसंदेश न्यूज

गोपीगंज। भदोही जिले के गोपीगंज नगर के सदर मोहाल स्थित कमल कौशल के बर्तन की दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से बुधवार को भीषण आग लग गयी। आग पर काबू पाने के लिए आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां बुलायी गयीं, जब तक दमकल की गाड़ियां आई व्यापारी का लगभग 20 लाख रुपए मूल्य का सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी विकराल रूप पकड़ ली की फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों सहित पालिका की टैंकर के साथ पड़ोसियों के समरसेबल पंप से 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सूत्रों के मुताबिक इस भीषण आग में फ्रीज, एक एसी सहित 15 से 20 लाख की संपत्ति जल कर खाक हो गयी। किसी के हताहत होने की सूचना नही है। आग से आस पास की दुकानों मकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने की सूचना जंगल में आग लगाने जैसी रही, सभी नगर के निवासी चाहे वह किसी धर्म, जात, संप्रदाय के रहे हो लगकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते देखे गए। वही लोगों की तत्परता से बगल के अन्य किसी दुकान मकान को जलने से बचा लिया गया। दुकान का शटर अंदर से बंद होने के कारण शटर तोड़ने में काफी मशक्कत करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर उपजिलाधिकारी आकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, कोतवाल सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज राय, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, रवि प्रकाश पांडे, गुड्डू चौधरी, माबुद खान सहित स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया।

सदर मोहाल में आग लगने के बाद बुझाने का प्रयास करता प्रशासनिक अमला व अन्य लोग

शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को सौंपा ज्ञापन

सुरियावां। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षक समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु अध्यक्ष राजीव रतन के नेतृत्व में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षको द्वारा प्रतिकूल मौसम देखते हुए विद्यालय समय में परिवर्तन की मांग जोर शोर से रखी गई। शिक्षकों ने एक दिन के कटे हुए वेतन की बहाली के लिए शीघ्र ही समाधान दिवस रखने की मांग की। शिक्षकों के सभी प्रकार के एरियर के भुगतान के तत्काल व्यवस्था के लिए मांग पत्र सौंपा गया। पिछले वित्तीय वर्ष में शून्य आयकर कटौती वाले अध्यापकों के अग्रिम आयकर की कटौती को बंद करने अथवा कम करने हेतु मांग पत्र सौंपा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को सभी समस्याओं को शीघ्र ही निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक अध्यक्ष राजीव रतन यादव महामंत्री देवेंद्र कुमार मिश्र ब्लॉक संरक्षक अनिल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, संगठन मंत्री राजेश कुमार गौतम, संयुक्त महामंत्री वेद प्रकाश तथा जिला संयुक्त मंत्री देवेंद्र विश्वास सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रभारी बीडीओ को रसोइयों ने सौंपा ज्ञापन

प्रभारी बीडीओ को ज्ञापन सौंपती रसोइयां

कम्पलेन

मानदेय का समय से भुगतान व नवीनीकरण प्रक्रिया समाप्त करने की उठाई मांग

जनसंदेश न्यूज

गौराबादशाहपुर। धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र दर्जनों ग्राम पंचायतों परिषदीय विद्यालयों पर नियुक्त रसोइयों ने प्रभारी बीडीओ को मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में रसोइयों ने अपने मानदेय को समय से दिये जाने व नवीनीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग की है।

बुधवार को भारतीय रसोइया एसोसिएशन के बैनर तले धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत के परिषदीय विद्यालयों पर नियुक्त रसोइयों का प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर और ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला यादव के नेतृत्व में विकासखण्ड कार्यालय में पहुंचकर प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रसोइयों ने मांग किया है कि उनके मानदेय को अन्य कर्मचारियों के तरह नियमित रूप से हर महीने समय से भुगतान कर दिया जाय तथा नवीनीकरण प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाय। प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर ने कहा कि रसोइया हर रोज समय से अपनी ड्यूटी को निभा रही है लेकिन मानदेय 4 से 5 महीने बाद दिया जाता है। जिसकी वजह से उनके परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला यादव, ज्योति रावत, सोनी सोनकर, आशा विश्वकर्मा, चंद्रकला, गीता यादव, शांति यादव, प्रियंका मौर्य, मुन्नी देवी, पुष्पा देवी आदि रसोइया मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने पर डीटीओ को रजत पदक

पुरस्कार

कांस्य पदक से पिछले माह हो चुके हैं पुरस्कृत, मुख्यमंत्री भी कर चुके हैं पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

भदोही। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले के जिला क्षय रोग अधिकारी विवेक श्रीवास्तव को रजक पदक से नवाजा गया है। इसके पूर्व भी कार्य करने के लिए वाराणसी में कांस्य पदक से पिछले माह पुरस्कृत किया जा चुका है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी का कहना है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में जिले की स्थिति में काफी हद तक सुधार आ गया है। इसके लिए शासन स्तर से डीटीओ का रजत पदक से नवाजा गया है जो जिले के लिए एक गौरव की बात है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह उतनी कम है। पिछले माह भी टीबी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति मे बनारस में इनको कांस्य पदक से नवाजा जा चुका है। जिला क्षय रोग अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में टीबी को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में विभाग की ओर से लगातार प्रयास जारीहै। जिला चिकित्सालय समेत जनपदके 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की निःशुल्क जांच व दवा विभाग की ओर से पर्याप्त उपलब्ध है। आइसोनियाजिड दवा केवल बच्चों को ही दी जाती रही है लेकिन अब यह परिवार के हर सदस्यों को दिया जा रहा है।

जिला समन्वयक मनीष ने बताया कि जो टीबी मरीज अब ठीक हो चुके हैं या किसी कारण दवा बन्द कर दिए है। उन परिवार वालों की आशा व एएनम के जरिए मेनटाक्स व इगरा जांच कराई जा रहीहै।

अनियंत्रित बस पलटी आधा दर्जन घायल

ज्ञानपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के दानूपुर बाजार के पहले कर्बला के सामने बुधवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में कोचिंग जाने वाले बच्चों के साथ ही लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना के बाद सभी को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि दुगार्गंज ज्ञानपुर रोड से होकर महानगरी बस प्रतिदिन की तरह बनारस जा रही थी। बस में भिखमापुर निवासी आर्यन उम्र 11 वर्ष, आरुषि 15 वर्ष कोचिंग जाने के लिए निकले हुए थे। सुबह लगभग सात बजे के आसपास बस जब दानूपुर कर्बला के पास पहुंची। इसी बीच ड्राइवर गाड़ी चलाते हुए ही बस के अंदर का बोर्ड सही करने लगा। इससे बस अनियंत्रित हो गई और दो खंभों को तोड़ते हुए बगल के नहर में पलट गई। घटना के समय बस में करीब आधा दर्जन यात्री सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। सभी को हल्की-फुल्की चोटें ही आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी निजी चिकित्सालय में पहुंचाया गया।

कालीन निर्यातक के रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

जुटे लोग

गरीब बुनकर मजदूर संग निर्यातक भी पहुंचे रोजा इफ्तार में

जनसंदेश न्यूज

भदोही। वरिष्ठ कालीन निमार्ता खुर्शीद अंसारी के सरोंई बौलिया स्थित कालीन कैम्पस में बुधवार को सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में गरीब बुनकर मजदूर सहित कालीन निर्यातकों ने भी शिरकत की।

इस दौरान सभी दस्तरख्वान पर एक साथ बैठ कर मगरिब की अजान का इंतजार करते रहे। जैसे ही मगरिब की अजान हुई तो रोजेदारों ने अजान को सुन खजूर खाकर रोजा खोला। वही पर मगरिब की नमाज भी अदा की गई। जहां बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैला कर लोगों ने मुल्क में अमनो-अमान के लिए दुआ की गई। इस दौरान खुर्शीद अंसारी ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही सवाब का काम है। अल्लाह तआला रमजान के इस मुकद्दस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब देता है। इफ्तार पार्टी में रोजेदारो ने मगरिब की अजान से पहले अपने रब की बारगाह में हाँथ उठा कर दुआ की। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, सपा नेता हसनैन अंसारी, वरिष्ठ कालीन निर्यातक एवं समाजसेवी परवेज अंसारी (परवेज कार्पेट), सीईपीसी सीएओ सदस्य फिरोज वजीरी, गुलाम रसूल अंसारी, अब्दुल मजीद, इम्तियाज अंसारी, बसपा नेता सलाउद्दीन अंसारी, तमजीद सिद्दीकी, शमीम अंसारी, खालिद उर्फ टीपू, सलाहुद्दीन अंसारी, मो.आजम अंसारी, सलीम अंसारी, इरशाद उर्फ साहब, शाहबाज अंसारी, अब्दुल वाहिद सहित भदोही पत्रकार संघ के महासचिव फिरोज खां, कैप्टन शहनवाज खां, आफताब अंसारी, मिस्बाह खां, ओबैदुल्ला असरी, हैदर संजरी, खुर्शीद खां आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहें।

कालीन निर्माता खुर्शीद अंसारी के कालीन कैम्पस में आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल लोग

सीपीआर नई जिन्दगी देने का अभियान है

अब तक 15 लाख लोगों को दी जा चुकी है सीपीआर की जानकारी

बदलती जीवनशैली में हर घर में एक व्यक्ति को सीपीआर जानना जरुरी

सीपीआर का प्रशिक्षण देते डॉ.शिवशिक्ति द्विवेदी

वाराणसी। कार्डियक अरेस्ट आने पर आप भी सीपीआर द्वारा किसी की जान बचा सकते हैं, भारत जैसी सनातनी संस्कृति में भी लोगों की जीवन शैली में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है, बदलते लाइफ स्टाइल के लचते इन दिनों कार्डियक अरेस्ट की घटना में बढ़ोत्तरी हुई है, ऐसे में हर घर में एक व्यक्ति को सीपीआर की जानकारी होना चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में इस बात को साझा करते हुए राजकीय चिकित्साधिकारी डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर को अब सिर्फ प्रशिक्षण के रुप में नहीं बल्कि एक अभियान के रुप में लेना होगा। वाराणसी सहित पूर्वांचल के लगभग सभी जिलों के विभागों में सरकारी मुलाजिम को सीपीआर का प्रशिक्षण देने वाले डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी बताते हैं कि वर्ष 2020 में कोरोना के अटैक के बाद जब लोगों में अचानक कार्डियक अरेस्ट की घटना बढ़ी तो यह बात दिल की गहराईयों तक पहुंच गयी और उसी समय यह तय किया कि लोगों को इसकी जानकारी होनी चाहिए, इसके लिए अपनी ओर से ही इस अभियान को शुरू कर दिया, बताया कि जिन भी जिलों में सीपीआर के लिए बुलाया जाता है वह अपने खर्चे पर जाते हैं। उन्हें इस बात की बड़ी खुशी होती है जब लोग इसके बारे में जिज्ञासा से जानकारी लेते हैं।

खास मुलाकात

क्या है सीपीआर

सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है, यह इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक है जिसके जरिए किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुक जाने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डिएक अरेस्ट होता है। ऐसे में सीपीआर को देकर उस व्यक्ति को नई जिन्दगी दी जा सकती है।

डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी

15 लाख लोगों को दी जानकारी

डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि अब तक कुल 15 लाख लोगों को सीपीआर की जानकारी दी जा चुकी है। इसके साथ ही बताया कि कुछ दिनों पूर्व पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से उन्हें फोन कर बताया गया कि उनके कार्यालय में एक कर्मी को कार्डियक अरेस्ट के समय सीपीआर दिया गया जिससे उसकी जान बच गयी। तब उन्हें सीपीआर की एहमियता का पता चला।

सीपीआर पर पुस्तक भी लिख चुके हैं

डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट पर एक पुस्तक भी उन्होंने लिखी है जिसमें उन्होंने इसकी विधि को बताया है, इसके साथ ही सीपीआर को और कैसे बेहतर बना सकते हैं इस पर भी उस पुस्तक में चर्चा की गयी है। लगभग-लगभग सभी सरकारी कार्यालयों में इस पुस्तक को दिया गया है।

12 साल बाद बृहस्पति मेष राशि में कर रहे प्रवेश, लगेगा 'पुष्कर कुंभ'

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

सनातनी संस्कृति में हर ग्रह नक्षत्र में एक रहस्य छुपा होता है, जिसे आध्यात्म से जोड़ कर मनुष्य अपने इह लोक से परलोक तक मार्ग प्रशस्त करता है। इसके साथ ही अपने पूर्वजों की मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त कर उन्हें सदगति् प्रदान करने के लिए सभी अनुष्ठानों का प्रयोग करता है, उन्हीं में से एक है पुष्कर कुंभ, जो हर 12 वर्षो पर तब लगता है जब गुरु बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस बार गुरु बृहस्पति मेष राशि में 22 अप्रैल से प्रवेश कर रहें हैं, जो तीन मई तक रहेंगे, इन 12 दिनों तक काशी सहित गंगोत्री से गंगासागर तक के सभी शहरों में दक्षिण भारतीय के आंध्रा व तेलंगाना के लोगों का जुटान होगा, इतने दिनों तक इन लोगों की ओर से अपने पूर्वजों के मुक्ति के लिए गंगा के पवित्र घाटों पर तर्पण के साथ ही दान पुण्य किया जायेगा।

आंध्रा आश्रम

काशी जीवंत नगरी के साथ ही मुक्ति प्रदाता भी है। गंगा के इस पवित्र स्थान पर अपने पूर्वजों के तर्पण के लिए हर दिन सिर्फ भारत से ही नहीं बल्कि भारत के बाहर रह रहे सनातनी लोगों के आने का क्रम बना रहता है, खास तौर पर दक्षिण भारतीय लोगों का मानना है कि इस स्थान पर तर्पण करने से उनके पूर्वजों को मुक्ति मिलती है, दक्षिण भारत में भी कई सम्प्रदाय के लोगों को निवास है, शैव सम्प्रदाय के लोगों का जहां मानना है कि काशी में पूर्वजों के मुक्ति के लिए शिवलिंग की स्थापना अत्यंत जरुरी है वहीं आंद्र प्रदेश तेलगू के लोग तीर्थ स्थान पर अपने पूर्वजों के तर्पण दान पुण्य से मुक्ति मिलने को मानते हैं, इन्हीं में से एक है पुष्कर कुंभ जो हर 12 वर्ष के बाद तब लगता है जब गुरु बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते हैं, इन दिनों तीर्थ स्थानों पर किया गया तर्पण व दान-पुण्य उनके पूर्वजों को मुक्ति प्रदान करता है।

आयोजन

आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के लगभग 10 से 12 लाख लोगों का12 दिन के लिए काशी में होगा जुटान

गंगा के पवित्र तट पर अपने पूर्वजों के तर्पण के साथ ही करेंगे स्नान ध्यान और दान-पुण्य

मानसरोवर क्षेत्र में रामतारका आंध्रा आश्रम में आगंतुकों के स्वागत की होने लगी तैयारी

'गंगा घाट पर अपने पूर्वजों का तर्पण करते आंध्र प्रदेश के लोग

आंध्रा आश्रम में तैयारी पूरी

वीवी सुंदर शास्त्री बतात हैं कि सभी भक्तों के आगमन को देखते हुए आंध्रा आश्रम में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके साथ ही शहर के अन्य आश्रमों में भी लोगों रुकते हैं। बताया आंध्रा व तेलंगाना से आने वाले लोगों के साथ वहां के कई समितियों के लोग भी आयेंगे जो काशी` कई स्थानों पर उन भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था करेंगे, सिर्फ आंध्रा आश्रम में ही लगभग रोजाना पांच से सात हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही छत पर भी लोगों के रहने व खाने की व्यवस्था कर दी गयी है।

क्या है पुष्कर कुंभ

आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि देव गुरु बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश करने के नक्षत्र को पुष्कर कुंभ कहा जाता है, दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में रहने वाले तेलगू के लोगों के यह एक आध्यात्मिक आयोजन है, उनका मानना इस कुंभ में अपने पूर्वजों के लिए तीर्थ स्थानों पर किये गये तर्पण व दानपुण्य से उनके पूर्वजों के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस बार यह कुंभ गंगा नदी पर पड़ रहा है।

वीवी सुंदर शास्त्री

काशी के सभी घाटों पर होंगे तर्पण

वीवी सुंदर शास्त्री बताते हैं कि काशी के किसी एक घाट पर नहीं बल्कि सभी चौरासी घाटों पर इन भक्तों की ओर से अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया जायेगा, काशी में तेलगू के लोगों के जो भी तीर्थ पुरोहित हों उनके या फिर बड़ी संख्या में आंध्रा से भी पुरोहित आयेंगे। आंध्रा से आने वाले लोग ना सिर्फ ट्रेन बल्कि बस व अपने साधन से भी काशी पहुंचेगे, बताया कि पुष्कर कुंभ इस बार गंगा नदी पर लग रहा है तो गंगोत्री से लगायत गंगा सागर तक जिन-जिन शहरों में गंगा हैं वहां-वहां लोगों का जुटान होगा, जो लोग प्रयाग में आयेंगे वह काशी में जरुर आयेंगे।

12 दिन में 10 से 12 लाख लोगों के आने की संभावना

मानसरोवर स्थित आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुंदर शास्त्री बताते हैं कि इसके पूर्व वर्ष 2011 में तब काशी में पुष्कर कुंभ लगा था तो प्रतिदिन 60 से 70 हजार लोगों के आने का क्रम देखा गया, हां 12 दिनों तक आने वाले लोग एक साथ नहीं बल्कि आते जाते रहेंगे, बताया कि इस बार तो कॉरिडोर के चलते लोगों की जिज्ञासा और बढ़ गयी है। इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रति दिन एक लाख लोग आ सकते हैं, बताया कि कुल 10 से 12 लाख लोग आयेंगे।

शीतला अष्टमी व्रत से मिलेगा आरोग्य सुख

जनसंदेश न्यूज

आस्था

आज मनायी जायेगी शीतला अष्टमी, होंगे विविध आयोजन

वाराणसी। हिंदू सनातन धर्म में धार्मिक पौराणिक मान्यता के अनुसार मां शीतला देवी की महिमा अनंत है। स्कंद पुराण के अनुसार देवी शीतला माता की पूजा चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ व आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन करने की मान्यता है। सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता दशाश्वमेध के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय के अनुसार इस बार 13 अप्रैल को शीतला अष्टमी मनायी जायेगी। इस मौके पर शीतला मंदिर में भव्य श्रृंगार के साथ ही विविध आयोजन भी होंगे। कहीं-कहीं पर पारिवारिक परम्परा के मुताबिक बसियौरा के रूप में शीतला अष्टमी का पर्व मनाने की परम्परा है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन ने बताया कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार की अर्धरात्रि के पश्चात 3.55 मिनट पर लग गई थी जो गुरुवार को अर्धरात्रि के पश्चात 1.35 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार अष्टमी तिथि 13 अप्रैल को होने से शीतला अष्टमी का व्रत इसी दिन मनाया जायेगा। स्कंद पुराण के अनुसार शीतला माता गर्दभ की सवारी करती हैं। हाथों में कलश, झाड़ू, नीम की पत्तियां तथा मस्तक पर सूप धारण किये रहती हैं। ऐसी मान्यता है कि शीतला माता की पूजा करने से संक्रमण से होने वाले समस्त रोगों से छुटकारा मिलता है। इससे आरोग्य सुख के साथ ही बच्चों का बुखार,, खसरा, चेचक, आंखों के रोग से रक्षा होती है। मां को शुद्ध सात्विक बासी भोजन का भोग लगाया जाता है।यह व्रत माताएं प्रमुख रूप से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व उनकी दीर्घायु की कामना को लेकर रखती हैं।

पॉपुलर हॉस्पिटल में मना सुरक्षित मातृत्व दिवस

वाराणसी। बच्छाव स्थित पॉपुलर हॉस्पिटल एवं पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टि्टयूट में बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हॉस्पिटल समूह के चेयरमैन डॉ. ए.के कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.किरण कौशिक तथा डीन सह-प्रचार्य प्रो.सुधाकर ए ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ.किरण कौशिक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ाना ही इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। डॉ.अनुपमा सिंह ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधि सेवाओं के प्रति जागरुक करना है। डॉ.प्रभात कुमार ने बच्चों के देखभाल और उकने वृद्धि और विकास एवं उनके खानपान पर लोगों को विस्तार पूर्वक जानाकरी दी। कार्यक्रम में सोनी प्रजापति ने प्रेयर सांग गाया, मिस प्रियंका, मिस कंचन, मिस अंजलि पटेल और मिस ज्योति चौहान ने प्रसवपूर्व व्यायाम कर लोगों को जानकारी दी। अनामिका मौर्या ने लोगों को प्रसव के समय खाने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. प्रभात कुमार, प्रो.अनुराग सिंह, आनंद कुमार, प्रथीपा, अमित सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

तलत अजीज के गजलों ने रात को दी थपकी

दूसरी निशा

श्रोताओं से संवाद कर पूरी की फरमाइशें, हर-हर-महादेव का हुआ उद्घोष

पं. तरुण भट्टाचार्य ने संतूर के तारों को छेड़ते हुए की राग बसंत मुखारी की अवतारणा

संगीता कट्टी कुलकर्णी का भोर में हुआ गायन

तलत अजीज

वाराणसी। विश्वविख्यात भारतीय संगीत का महाकुंभ संकटमोचन संगीत समारोह शतक होने की खुशी में इस बार जो आयोजन हुआ वह कल्पना से परे है। सात दिवसीय इस आयोजन में मंगलवार की रात रसिकों ने आकंठ स्वर पान कर अपने को धन्य बना लिया। वादन के क्रम में पं. शशांक सुब्रह्मण्यम ने बांसुरी पर कर्नाटक शैली में कई रागों को बजाकर वादन को विराम दिया। उनके वादन में स्वरों की शुद्धता व कठिन लयकारियां विशेष रूप से दिखीं। उनके साथ हरिहरन सुन्दररामन ने मृदंगम पर थात अनुव्रत चटर्जी ने तबले पर वान के अनुकूल साथ निभाया। मंगलवार की अर्धरात्रि में मुंबई से पधारे विख्यात गजल गायक उस्ताद तलत अजीज ने अपने सहयोगियों के साथ गजल गायन कर श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। उन्होंने श्रोताओं के साथ संवाद कर उनके फरमाइशों को भी पूरा किया। गजल गायन के दौरान श्रोता बीच-बीच में हर हर महादेव का उद्घोष लगाते रहे। इसके बाद बंगलुरू से आये तिरुमलै श्रीनिवास ने कर्नाटक गायन की प्रस्तुति की। इनके गायन में विद्वता पूर्ण रूप से झलकी इनके साथ मृदंगम पर अन्नूर दत्तात्रेय शर्मा वायलिन पर विदुषी ज्योत्सना मंजूनाथ व मोरसिंग पर तिरुमलै गोपीश्रवण ने अच्छी भागीदारी निभायी। कोलकाता से पधारे प्रख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य ने भोर के प्रथम प्रहर में संतूर के तारों को छेड़ते हुए राग बसंत मुखारी की अवतारणा कर एक अलग रंग भर दिया। उन्होंने आलाप, जोड़, झाला के पश्चात झपताल व तीनताल में गतकारी कर वादन को विराम दिया। उनके साथ तबले पर ज्योर्तिमय राय चौधरी ने पूरी तैयारी के साथ सहभागिता कर वादन को प्रभावशाली बनाया। दूसरी निशा की अंतिम प्रस्तुति में श्रीमती संगीता कट्टी कुलकर्णी ने राग मियां की तोड़ी की स्वर वर्षा की। उन्होंने इस राग में दो बंदिशें क्रमशः तीन ताल में गाकर पहले अध्याय को विराम देकर एक अभंग से गायन को समाप्त किया। गायन स्वर प्रधान रहा। तबले पर बिलाल खां व संवादिनी पर मोहित साहनी ने अच्छी भागीदारी निभायी।

संकटमोचन संगीत समारोह में आज

संकटमोचन संगीत समारोह की चौथी निशा में कई कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इनमें रमा वैद्यनाथन (भरतनाट्यम-दिल्ली), ठाकुर चक्रपाणि सिंह (गिटार-न्यूयार्क), पं. अजय पोहनकर (गायन-मुंबई), शाकिर खान (सितार-पुणे), श्रीमती कौशिकी चक्रवर्ती (गायन- कोलकाता), इंद्रायुध मजुमदार (सरोद-कोलकाता), पं. रोनू मजुमदार (बांसुरी-मुंबई), संजू सहाय (तबला-लंदन), नीरज पारिख (गायन- अहमदाबाद), शुद्धशील चटर्जी (संतूर- कोलकाता) हैं। इनके साथ अन्य कलाकारों में समर साहा (तबला-कोलकाता), यशवंत वैष्णव (तबला- मुंबई), श्रीमती पारोमिता मुखर्जी (संवादिनी-दिल्ली), ए. बद्री नारायण पंडित (तबला-वाराणसी), उस्ताद मुराद अली खान (सारंगी-दिल्ली), रोहेन बोस (तबला- कोलकाता), ऋषिकेश मजुमदार (बांसुरी-मुंबई), मोहित साहनी (संवादिनी- वाराणसी), विनायक सहाय (सारंगी-जालंधर), गोरव चक्रवर्ती (तबला- वाराणसी) हैं।

पं. रोनू मजुमदार, रमा वैद्यनाथन, पं. अजय पोहनकर, शाकिर खान, संजू सहाय की होगी प्रस्तुति

संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य

संगीता कट्टी कुलकर्णी

धूमधाम से मना पीएनबी का स्थापनोत्सव

वाराणसी। पंजाब नेशनल बैंक का 129 वां स्थापना उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बैंक द्वारा सफलतापूर्वक 128 साल पू र्ण करने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय सभागार में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राहक प्रतिनिधि एवं इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आर के चौधरी ने किया। संगोष्ठी में मंडल प्रमुख राजेश कुमार, उप अंचल प्रबंधक आनंद कुमार राय, आंचलिक लेखा परीक्षक कार्यालय के उप महाप्रबंधक बालकरण यादव, उप मंडल प्रमख्या विमन कुमार एंव सभी मुख्य प्रबंधक तथा स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहें। बैंक सेवा के स्वर्णिम अवसर को याद करते हुए ग्राहकों के प्रति कृतज्ञयता जाहिर की गयी। इस दौरान विपिन अग्रवाल, प्रदीप तुलस्यान, सुबोध अग्रवाल, मयंक माहेश्वरी, अरुण जैन, डॉ.सत्यदेव सिंह, आदित्य अग्रवाल एंव अन्य बीस से अधिक ग्राहक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। बैंक के संस्थापकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों तथा ग्राहक सेवा एवं देश के सेवा के इतिहास को याद करने के साथ वर्तमान चुनौतियों तथा दायित्वों पर चर्चा की गयी। आर के चौधरी ने पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा कार्यो की सराहना की, इसके साथ ही जनोपयोगी योजनाओं को सराहा।

अस्सी घाट पर ड्रम वादक शिवमणि ने की शिव वंदना

वाराणसी। सुबह- ए- बनारस में विश्व विख्यात वादक कलाकार पद्मश्री पं शिवमणि ने ड्रम एवं विविध ताल वाद्यों के साथ प्रभाती को सजाया। साथ में सुयोग रहा प्रख्यात तंत्र वादक पं यू. राजेश ने मेंडोलिन वादन सहयोग रहा। मेंडोलिन पर यू राजेश एवं ताल वाद्यों पर पं शिवमणि ने अनोखी त्रिबंदी सजायी। तत्पश्चात शिवमणि ने शिव वंदना के साथ साथ कर्पूर गौरवमं करुणावतारं को प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया। साथ में यू. राजेश ने सुंदर लयकारियों को मेंडोलिन से अवतरित कर मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन व ने एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस एस चिनप्पा ने शिवमणि व अन्य कलाकारों को प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

अहिल्या कथा को संचिता ने ओडिसी में पिरोया

संचिता भट्टाचार्या व सहयोगी कलाकार(ओडिसी) नृत्य की पुस्तुति करते हुए

तीसरी निशा

पं. विश्वमोहन भट्ट ने मोहन वीणा के तारों को किया झंकृत

उस्ताद राशिद खान ने गायकी से किया सभी को रससिक्त

वाराणसी। संकटमोचन संगीत समारोह में बाबा का सजा भव्य हनुमत दरबार। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व संगीत रसिकों की उमड़ी भारी भीड़। पूरा मंदिर परिसर श्रोताओं से खचाखच भरा था। अवसर था संकटमोचन संगीत समारोह की तीसरी निशा का। सायंकाल कोलकाता से आयी श्रीमती संचिता भट्टाचार्या ने दर्शकों का अभिवादन के साथ शुरूआत श्रीरामचन्द्र कृपालु भजनम् से की। उनके साथ उनकी सहयोगी कलाकार भी थीं। इसके बाद उन्होंने अहिल्या की जीवन गाथा को ओडिसी नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। कथा में अहिल्या कैसे शापित जीवन व्यतीत करती हैं। भगवान श्रीराम जब आते हैं तो वह कैसे शाप से मुक्त होती हैं। दूसरी प्रस्तुति जयपुर से आये पं. विश्व मोहन भट्ट का मोहन वीणा रहा। उनके साथ सात्विक वीणा पर सलिल भट्ट रहे। जबकि तबले पर अहमदाबाद से आये हिमांशु महंत रहे। पं. विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा के तारों को झंकृत कर सभी को सम्मोहित कर दिया। मोहन वीणा के तार झंकृत होते रहे और श्रोता उसमें गोते लगाते रहे। इसके बाद कोलकाता से आये प्रख्यात कलाकार उस्ताद राशिद खान का गायन हुआ। उन्होंने गायकी से सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ तबले पर मुंबई से आये ओजस अधिया व संवादिनी पर दिल्ली से आये विनय मिश्र ने जोरदार संगत की।

एमडी ने डीजल औसत सुधारने की दी हिदायत

वाराणसी। रोडवेज बसों का डीजल औसत सुधारने के बाबत एमडी संजय कुमार ने चालकों को हिदायत दी। उन्होंने प्रति लीटर डीजल के नए निर्धारित किलो मीटर का लक्ष्य रखा। बुधवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में परिवहन निगम के एमडी ने चालको से संवाद स्थापित किया। एमडी की इस वर्चुअल बैठक में सभी परिक्षेत्रों से डीजल औसत बढ़ाने का मुद्दा छाया रहा। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से कहा कि गाड़ियों में डीजल की गड़बड़ी की शिकायते लगातार मिल रही है। इस पर अंकुश लगाना चाहिए। कहा कि एक लीटर डीजल में साधारण सेवा पांच किलो मीटर और वातानुकूलित सेवाओं में 4.25 किलो मीटर चलनी चाहिए। इसे प्रत्येक बस डिपो को लागू कराना होगा। इसके अलावा प्रबंध निदेशक ने गाडियों की मरम्मत और कर्मचारियों की समस्या से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

गुरु अरजन देव का मनाया प्रकाशोत्सव

आयोजन

गुरुद्वारा गुरुबाग में शबद कीर्तन के साथ चला अटूट लंगर

वाराणसी। सिख धर्म के पांचवें गुरु अरजन देव महराज का 460वां प्रकाशोत्सव गुरु पर्व बुधवार को समूह साध संगत एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा भाव से गुरुद्वारा गुरुबाग में मनाया गया। इस अवसर पर दिन में गुरुद्वारा गुरुबाग में गुरु अरजन देव महराज का 460वां प्रकाशोत्सव गुरु पर्व के उलक्ष्य में प्रातःकाल सात बजे से प्रातः 9.30 बजे तक दीवान सजाया गया। इसमें भाई रणधीर सिंह गुरुद्वारा यहियागंज, लखनऊ वाले गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई रंजीत सिंह ने समूह साध संगत ने सभी का स्वागत किया। इसके पूर्व मंगलवार को सिख धर्म के नौवें गुरु हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब का 402वां प्रकाशोत्सव मंगलवार को समूह साध संगत व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा भाव से ऐतिहासिक तपस्थल गुरुद्वारा बड़ी संगत नीचीबाग व गुरुद्वारा गुरुबाग में मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल बड़ी संगत नीचीबाग में कीर्तन दीवान सजा जिसमें गुरुद्वारा नीचीबाग के हजूरी रागी भाई रकम सिंह व भाई नरेन्द्र सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा गुरुबाग ने गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला।